खबरें छुपाता नहीं, छापता है


# शाह टाइम्स

अधिकतम : 16°C
न्यूनतम : 05°C

मुरादाबाद, बुधवार 14 जनवरी 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 151 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 | 24 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



'प्रगति' पोर्टल से सुशासन को मिली नई गति, 97 फीसद मामलों का हुआ समाधान: योगी पेज 2



भारत की नजरें न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज जीतने पर खेल टाइम्स



गंभीर बीमारियों का खतरा दूर करने के लिए रागी और आंवला को अपनाएं सम्पादकीय



ईरान के साथ व्यापार करने वाले देशों पर अमेरिका ने 25 प्रतिशत शुल्क लगाया पेज 12

# भारत ने संभाली 10 देशों के समूह ब्रिक्स 2026 की कमान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने लॉन्च किए वर्ष 2026 के लिए आधिकारिक लोगो व वेबसाइट
- 2026 में ब्रिक्स अपनी स्थापना के 20 वर्ष करेगा पूरे

**नई दिल्ली।** भारत ने 10 देशों के समूह 'ब्रिक्स' की अध्यक्षता औपचारिक रूप से संभालते हुए वर्ष 2026 के लिए आधिकारिक लोगो व वेबसाइट लॉन्च की।

इस वर्ष के अंत में भारत 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने कमल के आकार वाले लोगो और वेबसाइट का शुभारंभ करते हुए कहा कि भारत अपनी अध्यक्षता और इस लोगो के माध्यम से 'मानवता प्रथम और जन-केंद्रित दृष्टिकोण' को आगे बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स की अध्यक्षता के दौरान भारत का प्रयास ब्रिक्स देशों की क्षमता को वैश्विक कल्याण के लिए एकजुट करना होगा। डा. जयशंकर ने कहा कि जब भारत 2026 में ब्रिक्स की अध्यक्षता संभालने की तैयारी कर रहा है, तो यह इस समूह की यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। उन्होंने कहा कि 2026 में ब्रिक्स अपनी स्थापना के 20 वर्ष पूरे कर लेगा। इन वर्षों में यह समूह उभरते बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के बीच सहयोग के एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में विकसित हुआ है। उन्होंने कहा कि बीते सालों में ब्रिक्स ने बदलती वैश्विक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए अपने एजेंडे और सदस्यता का विस्तार किया है। साथ ही आम जनता को केंद्र में रखने वाला विकास इस समूह की प्राथमिकता रहा है, जिससे बातचीत और व्यावहारिक सहयोग को बढ़ावा मिला है। डा. जयशंकर ने कहा कि वर्तमान वैश्विक वातावरण जटिल और परस्पर जुड़ी चुनौतियों, भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं, आर्थिक विषमताओं, जलवायु जोखिमों और तकनीकी परिवर्तनों से घिरा है। ऐसे में ब्रिक्स एक महत्वपूर्ण मंच बना हुआ है, जो अलग-अलग समय पर अलग-अलग देशों की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए संवाद, सहयोग और व्यावहारिक समाधनों को प्रोत्साहित करता है। उन्होंने लोगो की विशेषता बताते हुए कहा कि इसमें परंपरा और आधुनिकता का समावेश है। इसकी पंखुड़ियों में सभी ब्रिक्स सदस्य देशों के झंडों के रंग शामिल हैं, जो विविधता में एकता और साझा उद्देश्य की भावना को दर्शाते हैं।

# उत्तराखंड में झरना जमा यूपी में दो लोगों की मौत

- राजस्थान में तापमान माइनस एक डिग्री

**नई दिल्ली।** पहाड़ी राज्यों में बढ़ती सर्दी ०बर्फबारी के असर से मध्य प्रदेश, उप्र, राजस्थान, बिहार, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली में तेज सर्दी जारी है।

उत्तराखंड के पिथौरागढ़, चमोली, उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग में झरने का पानी जम गया है। पिथौरागढ़ के आदि कैलाश और रुद्रप्रयाग के केदारनाथ धाम में तापमान लगातार दूसरे दिन -16 डिग्री सेल्सियस रहा। हरिद्वार और ऊधम सिंह नगर में कोल्ड डे की स्थिति है। उत्तर प्रदेश के चित्रकूट में सर्दी से 2 लोगों की मौत हुई। मंगलवार को 23 जिलों में घना कोहरा छाया रहा। बरेली का तापमान 3.8 डिग्री सेल्सियस रहा। सर्दी के कारण 8वीं तक के स्कूल नोएडा में 15 जनवरी, झांसी में 14 और गोरखपुर-आगरा-बिजनौर में 13 जनवरी तक बंद रखे गए हैं। गाजियाबाद में 5वीं तक के स्कूल 15 जनवरी तक बंद रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### 'जन नायकन' फिल्म पर रोक लगाना मोदी का तमिल संस्कृति पर हमला : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि तमिल फिल्म 'जन नायकन' पर केंद्र सरकार ने प्रतिबंध लगाया है और ऐसा कर उसने तमिल संस्कृति पर हमला किया है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया है कि इस फिल्म पर रोक लगाकर पीएम मोदी ने तमिल संस्कृति पर हमला करने का काम किया है और तमिल लोगों की आवाज दबाने का प्रयास किया है, लेकिन वह इस प्रयास में कभी सफल नहीं होंगे।

### गुजरात हाईकोर्ट ने केजरीवाल की याचिका की खारिज

**अहमदाबाद।** गुजरात हाईकोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गुजरात यूनिवर्सिटी डिग्री से जुड़े मानहानि मामले में 'आप' प्रमुख और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका खारिज कर दी। केजरीवाल ने इस मामले में पार्टी नेता संजय सिंह से अलग ट्रायल चलाने की मांग की, जिसे अदालत ने स्वीकार करने से इन्कार कर दिया। जस्टिस एमआर मेंगदे ने मंगलवार को आदेश सुनाते हुए कहा कि यह याचिका खारिज की जाती है। हालांकि, कोर्ट के आदेश की पूरी प्रति आना बाकी है।

### NIA को सौंपा गया 'बांग्लादेशी घुसपैठ साजिश' मामला

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों को कथित तौर पर सुविधाएं देने का मामला दिल्ली पुलिस से लेकर एनआईए के हवाले कर दिया गया है। दिल्ली पुलिस की ओर से दर्ज की गई कम से कम दो बड़ी साजिशों वाली प्राथमिकियों में से एक प्राथमिकी से संबद्ध यह कार्रवाई इन कथित नेटवर्क को निशाना बनाने वाले अभियान का एक महत्वपूर्ण कदम है।

### बागेश्वर में लगे भूकंप के झटके

**बागेश्वर।** उत्तराखंड के बागेश्वर में मंगलवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल के अनुसार मंगलवार सुबह सात बजकर 25 मिनट पर आए भूकंप की तीव्रता रिएक्टर पैमाने पर 3.5 मापी गई है। इसकी गहराई 10 किमी पर रही, जबकि भूकंप का केंद्र बागेश्वर रहा है। भूकंप से जनपद में फिलहाल जान माल के नुक़सान की कोई सूचना नहीं है।

# कुत्ते के काटने पर भारी मुआवजा होगा तय: SC

## अदालत की दो टूक: जो आवारा कुत्तों को लेकर चिंतित, वे अपने घर ले जाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आवारा कुत्तों के हमलों पर सख्त टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि बच्चों या बुजुर्गों को कुत्तों के काटने, चोट लगने या मौत के हर मामले में हम राज्य सरकारों से भारी मुआवजा दिलवाएंगे, क्योंकि उन्होंने पिछले 5 सालों में नियमों को लागू करने के लिए कुछ नहीं किया।

कोर्ट ने कहा कि आवारा कुत्तों को खाना खिलाने वालों की भी जिम्मेदारी तय की जाएगी, अगर आपको इन जानवरों से इतना प्यार है, तो इन्हें अपने घर क्यों नहीं ले जाते। ये कुत्ते सड़कों पर क्यों घूमते रहें, लोगों को काटें और डराएं। उन्हें हम ऐसे ही नहीं छोड़ सकते। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कहा कि कुत्तों में एक खास तरह का वायरस होता है, जिसका कोई इलाज नहीं है। अब तक चार दिन की सुनवाई में इमोशन सिर्फ कुत्तों के लिए ही दिख रही है। जब कुत्ते 9 साल के बच्चे पर हमला करते हैं, तो उसका जिम्मेदार कौन होगा? क्या हम इस पर आंखें मूंद लें। इस मामले में अब अगली सुनवाई 20 जनवरी को दोपहर 2 बजे से होगी। जस्टिस संदीप मेहता ने महिला वकील की दलील पर कहा कि क्या आप सच में ऐसा कह रही हैं? एक वकील ने अभी-अभी हमें सड़कों पर रहने वाले अनाथ बच्चों के आंकड़े दिखाए। शायद कुछ वकील उन बच्चों को गोद लेने की पैरवी कर सकते हैं। जस्टिस मेहता ने कहा कि 2011 में प्रमोशन के बाद से मैंने इतनी लंबी बहसें कभी नहीं सुनीं और अब तक किसी ने भी इंसानों के लिए इतनी लंबी बहस नहीं की है। इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार की सुनवाई खत्म कर दी। अब 20 जनवरी को दोपहर 2 बजे से अगली सुनवाई होगी। एक अन्य महिला वकील ने अपनी दलीलें पेश करते हुए कहा कि जब रेलवे स्टेशन पर एक छोटी बच्ची के बगल में कोई आवारा कुत्ता सो रहा होता है, तो उसके साथ रेप नहीं होगा। एक महिला होने के नाते, मुझे दिल्ली में उन कुत्तों के साथ चलने में सुरक्षित महसूस होता है। अगर मुझ पर कोई हमला करेगा, तो वे भौंकेंगे। वकील ने आगे कहा कि जब किसी शेल्टर होम में कोई कुत्ता बीमार पड़ जाता है, तो उनमें से जो वायरस पैदा होते हैं, उन पर दवाओं का असर नहीं होगा। मुझे बुरा लगता है जब आरडब्ल्यूए कुत्तों के लिए शेल्टर होम बनाने के लिए और अधिक फंड की मांग करते हैं। सबसे पहले बच्चों को सड़कों से हटाना होगा, कुत्तों को नहीं। बच्चों को शेल्टर होम की ज्यादा जरूरत है। वकील ने कहा कि मैं एक 80 -शेष पृष्ठ दो पर



- बेंच ने कहा: उन्हें ऐसे नहीं छोड़ सकते, कुत्तों में एक खास तरह का वायरस होता है, जिसका कोई इलाज संभव नहीं है

## भ्रष्टाचार कानून पर बंटे सुप्रीम कोर्ट के जज, CJI के पास भेजा गया मामला

- जस्टिस नागरत्ना बोलीं: धारा 17ए असंवैधानिक
- जस्टिस विश्वनाथन बोले: प्रावधान खत्म करना नहाने के पानी के साथ बच्चा फेंकने जैसा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को भ्रष्टाचार के मामलों में सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ जांच से पहले परमिशन लेने की अनिवार्यता पर सुनवाई हुई।

जस्टिस नागरत्ना और जस्टिस विश्वनाथन की बेंच ने इस पर स्प्लिट वर्डिक्ट (बंटा हुआ फैसला) सुनाया। मामला भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (पीसीएक्ट) की धारा 17ए की संवैधानिक वैधता से जुड़ा है। इसमें किसी भी सरकारी कर्मचारी के खिलाफ जांच करने से पहले सरकार की परमिशन लेना जरूरी है। इसी को लेकर विवाद है। सुनवाई में जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि धारा 17ए असंवैधानिक है। किसी भी जांच के लिए पहले परमिशन लेना जरूरी नहीं। वहीं, जस्टिस विश्वनाथन ने कहा कि धारा 17ए संवैधानिक रूप से वैध है। इस प्रावधान को खत्म करने मतलब 'नहाने के पानी के साथ बच्चे को फेंकने' -शेष पृष्ठ दो पर

# पाकिस्तान बॉर्डर पर आठ आतंकी कैंप एक्टिव: आर्मी चीफ



- शिविरों में करीब 150 आतंकी सक्रिय, ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है
- किसी भी दुस्साहस का जवाब दिया जाएगा: सेना प्रमुख

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को कहा कि नियंत्रण रेखा के पार अभी भी आठ से 10 आतंकवादी शिविर सक्रिय हैं, जिनमें 100 से 150 आतंकवादी हैं। जनरल द्विवेदी ने सेना दिवस से पहले वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में सवालों के जवाब में कहा कि जम्मू-कश्मीर के भीतरी इलाकों में भी करीब 140 आतंकवादी सक्रिय हैं, लेकिन आतंकवादियों की भर्ती पिछले काफी समय से नहीं हो रही है।

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में स्थिति नियंत्रण में लेकिन संवेदनशील बनी हुई है। उन्होंने कहा कि सीमा पार के क्षेत्र में अभी भी आतंकवादियों के आठ से 10 शिविर सक्रिय हैं, जिनमें से छह नियंत्रण रेखा के पार और दो अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पार हैं। उन्होंने कहा कि सीमा पार के क्षेत्र में हुर्रियत पूरी तरह सक्रिय है और इन आतंकवादियों को बढ़ावा तथा समर्थन दे रहा है। इन्हें पाकिस्तान की ओर से भी समर्थन मिल रहा है। सेना को उनकी गतिविधियों की जानकारी है और अगर किसी तरह की हरकत की जाती है, तो इसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। जनरल द्विवेदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के हिटरलैंड में भी करीब 140 आतंकवादी सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि यह आतंकवादी पहले से ही अलग-अलग जगह पर छिपे हुए हैं और पिछले काफी समय से कोई नई भर्ती नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि सेना का ऑपरेशन सिंदूर अभी भी खत्म नहीं हुआ है और किसी भी आतंकवादी हरकत का सेना करारा जवाब देगी। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि उत्तरी सीमा पर स्थिति स्थिर है, लेकिन सतर्कता बनाए रखना जरूरी है।

## चौथे दिन तीनों सेनाओं की गतिविधियों की भनक लगते ही पाक ने घुटने टेक दिए

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मध्यस्थता और सैन्य कार्रवाई रोकने को लेकर लगाई जा रही तमाम अटकलों और दावों के बीच सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा है कि इस अभियान के दौरान दस मई की सुबह तीनों सेनाओं को शीर्ष स्तर पर दिए गए कुछ निर्देशों के बाद पाकिस्तान की समझ में आ गया कि अब युद्ध को रोकने का समय आ गया है। सेना उस समय पूर्ण जमीनी ऑपरेशन के लिए भी तैयार थी और पाकिस्तान को इसकी भनक भी लग गई थी।

सेना प्रमुख ने मंगलवार को 78 वें सेना दिवस से पहले यहां वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में सवालों के जवाब में कहा कि इस ऑपरेशन में दो निर्णायक मोड़ थे। पहला निर्णायक मोड़ सात मई की रात का 22 मिनट का हमला था जो सेना ने आतंकवादी ठिकानों पर किया। इस हमले से पाकिस्तान की निर्णय लेने की व्यवस्था हिल गई और अफरा-तफरी मचने से उन्हें यह समझने में समय लगा कि क्या हो रहा है। उन्होंने कहा कि दूसरा निर्णायक मोड़ 10 मई की सुबह उस समय आया जब शीर्ष स्तर से तीनों सेनाओं को कुछ निर्देश दिए गए थे कि यदि यह युद्ध और बढ़ता है, तो क्या होगा। उन्होंने कहा जिन्हें (पाकिस्तान) यह समझना था, उन्होंने इसे समझ लिया। उन्हें (पाकिस्तान को) उपग्रहों के माध्यम से इस बारे में पूरी जानकारी मिल रही थी कि कौन सा युद्धपोत, कौन सा हमला या रणनीतिक मोड़, कौन सी मुख्य इकाई या कौन सा विमान कब और कहां जा रहा है।

# शीर्ष अदालत ने अबू सलेम की समय से पहले रिहाई की याचिका पर की सुनवाई



**नई दिल्ली।** शीर्ष अदालत ने मंगलवार को 1993 के मुंबई सिलसिलेवार बम विस्फोटों के दोषी अबू सलेम की समय से पहले रिहाई की याचिका पर सुनवाई करते हुए उसके इस दावे पर स्पष्टीकरण मांगा कि उसने पहले ही 25 साल की जेल की सजा पूरी कर ली है।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने सलेम से उसकी जेल की सजा के हिसाब को सही ठहराने को कहा और उसे महाराष्ट्र राज्य के संबंधित नियम रिकॉर्ड पर रखने का निर्देश दिया, ताकि यह पता लगाया जा सके कि आतंकी और विघटनकारी गतिविधियां अधिनियम (टाडा) के तहत सजा पाए दोषी को छूट दी जा सकती है या नहीं। पीठ ने इस दावे पर सलेम के वकील से पूछा कि आप 2005 से 25 साल की सजा की गणना कैसे करते हैं, जब यह बताया गया कि सलेम ने पुर्तगाल से अपने प्रत्यर्पण के दौरान दिए गए भरोसे के अनुसार जेल की ज्यादा से ज्यादा सजा पूरी कर ली थी। अबू सलेम को 11 नवम्बर, 2005 को पुर्तगाल से एक लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद प्रत्यर्पित किया गया था। यह तब हुआ जब भारत ने पुर्तगाली अधिकारियों को भरोसा दिलाया कि पुर्तगाल के घरेलू कानून और अंतर्राष्ट्रीय जिम्मेदारियों के मुताबिक उसे न तो मौत की सजा दी जाएगी और न ही 25 साल से ज्यादा जेल में रखा जाएगा। इसके बाद जून 2017 में सलेम को 1993 के मुंबई सीरियल ब्लास्ट मामले में एक स्पेशल टाडा अदालत ने उसे दोषी ठहराया और उम्रकैद की सजा सुनाई। इससे पहले सलेम ने प्रत्यर्पण के भरोसे के तहत समय से पहले रिहाई के लिए बॉम्बे उच्च न्यायालय का रुख किया था कि साथ ही यह भी साफ किया था कि उसने अभी तक अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धता के मुताबिक उच्चतम न्यायालय द्वारा तय 25 साल की सजा पूरी नहीं की है।

# चीन सीमा पर स्थिति स्थिर, सतर्कता जरूरी: जनरल द्विवेदी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में शक्सगाम घाटी में चीन का निर्माण कार्य अवैध: सेना प्रमुख

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने कहा है कि उत्तरी सीमा से लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा पर स्थिति स्थिर बनी हुई है, लेकिन निरंतर सतर्कता बनाए रखने की जरूरत है और वहां तैनात सैनिकों की संख्या में कमी विशेषज्ञ तथा कार्य समूहों के निर्देश के आधार पर लिया जाएगा।

उन्होंने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में शक्सगाम घाटी में चीन के निर्माण पर विरोध जताते हुए कहा कि चीन और पाकिस्तान के बीच 1963 के समझौते को भारत ने कभी नहीं माना और यह गैर कानूनी है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों की ओर से परस्पर विश्वास बढ़ाने की दिशा में कदम उठाए जाने से स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है। सेना प्रमुख ने मंगलवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में सवालों के जवाब में कहा कि उत्तरी मोर्चे पर स्थिति स्थिर बनी हुई है, लेकिन निरंतर सतर्कता की आवश्यकता है। शीर्ष स्तर की बातचीत, संपर्क बढ़ने और विश्वास बढ़ाने के उपायों से स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है। इसके परिणामस्वरूप उत्तरी सीमाओं से लगते क्षेत्रों में पशुओं के चराने, हाइड्रोथेरेपी शिविरों और अन्य गतिविधियों को भी संभव बनाया जा सका है। उन्होंने कहा कि इस मोर्चे पर निरंतर बातचीत से वास्तविक नियंत्रण रेखा सैनिकों की तैनाती संतुलित और मजबूत बनी हुई है। साथ ही संपूर्ण सरकार के दृष्टिकोण के तहत क्षमता विकास और अवसंरचना कार्य भी आगे बढ़ रहा है। सेना प्रमुख ने कहा कि दोनों पक्ष धीरे-धीरे अपनी उपस्थिति बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अक्टूबर 2024 में बनी समझ और उससे पहले दोनों देशों के शीर्ष नेताओं के बीच कजान में मुलाकात, इसके बाद तियानजिन बैठक और विशेष प्रतिनिधि स्तर की बैठकें भी होती रहीं। इसके अलावा हमारे रक्षा मंत्री ने उनके रक्षा मंत्री से दो बार मुलाकात की है। दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की भी बात हुई है। इन सबका परिणाम यह हुआ है कि दोनों पक्षों में सीमाओं को यथासंभव शांत और स्थिर बनाए रखने को लेकर एक तरह की तात्कालिकता और स्वीकार्यता बनी है और यह भी समझ बनी है कि इसे कैसे किया जाए। इस दिशा में सबसे पहले बातचीत के स्तर को बढ़ाया गया है। दोनों सेनाओं के बीच छोटे से लेकर बड़े स्तर पर बातचीत होती है और यह कोशिश की जाती है कि समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही हो जाए। शक्सगाम घाटी में चीन की निर्माण गतिविधियों पर जनरल द्विवेदी ने भारत और पाकिस्तान दोनों को स्पष्ट संदेश दिया कि यह भारत का हिस्सा है और भारत पाकिस्तान तथा चीन के बीच के समझौते को अवैध मानता है। उल्लेखनीय है कि विदेश मंत्रालय ने पिछले सप्ताह कहा था कि यह भारत का अभिन्न क्षेत्र है।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रपति मुर्मू ने फसल उत्सवों पर बधाई दी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने फसलों के उत्सव लोहड़ी, मकर संक्रांति, पोंगल और माघ बिहू के मौकों पर देशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि ए त्योहार भारत की समृद्ध कृषि विरासत और राष्ट्रीय एकता की भावना के प्रतीक हैं। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक संदेश में कहा, ष्मैं लोहड़ी, मकर संक्रांति, पोंगल और माघ बिहू के शुभ अवसर पर भारत और विदेश में रहने वाले सभी भारतीयों को हार्दिक बधाई देती हूं।

### शुभेंदु हमला मामले में सीबीआई जांच की मांग मंजूर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है और पश्चिमी मिदनापुर जिले में उनके काफिले पर हुए कथित हमले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की मांग की। न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष ने इस मामले की जांच की स्वीकृति दी है। सप्ताह के अंत में सुनवाई हो सकती है।

### ताजमहल में शाहजहां का 371 वां उर्स 15 जनवरी से

**आगरा।** विश्व प्रसिद्ध ताज. महल पर मुगल बादशाह शाहज. हां का 371 वां उर्स 15 से 17 जनवरी के बीच मनाया जाएगा। उर्स के लिए 1720 मीटर लंबी चादर तैयार की गई है, जिसे उर्स के आखिरी दिन 17 जनवरी को शाहजहां की कब्र पर चढ़ाया जाएगा। इस चादर को बनाने में करीब एक महीने का वक्त लगा है। इस चादर को बनाने के लिए आम लोग अपनी मर्जी से रेशमी कपड़ा देते हैं। उर्स कमेटी के लोग जिनमें सभी धर्मों के लोग शामिल हैं वो लोग चादर को तैयार करते हैं।

# शक्सगाम घाटी पर चीन के दावे का जवाब दें मोदी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि चीन लगातार भारत की सीमाओं को अपना बताकर वहां ढांचागत बुनियादी सुविधा विक. सित करने को सही बता रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इसका करारा जवाब देना चाहिए।

कांग्रेस ने कहा है कि चीन अब जम्मू-कश्मीर की शक्सगाम घाटी को अपना हिस्सा बता रहा है। उसके विदेश मंत्रालय ने इस क्षेत्र में बुनियादी ढांचा के विकास को सही ठहराया है। पार्टी ने श्री मोदी से सवाल किया है इस बारे में वह चुप क्यों हैं। उनको इसका जवाब देना चाहिए। पार्टी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया पेज एक्स पर मंगलवार को लिखा कि मोदी सरकार की विदेश नीति वेंटिलेटर पर पड़ी है। अब चीन ने जम्मू-कश्मीर की शक्सगाम घाटी को अपना बताया है। चीन के विद. ेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निग ने कहा- शक्सगाम घाटी चीन का इलाका है, यहां बुनियादी ढांचा बनाना गलत नहीं है।

### खड़गे-राहुल ने दी लोहड़ी की बधाई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लोहड़ी के अवसर पर देशवासियों को मंगलवार को बधाई दी और सबके जीवन में खुशहाली की कामना की। श्री गांधी ने कहा कि आप सभी को लोहड़ी की लख-लख बधाईयां।

# मनरेगा बचाओ संग्राम को मिल रहा व्यापक समर्थन

## लोग तब तक चैन से नहीं बैठेंगे, जब तक सरकार मनरेगा कानून को वापस नहीं लेती: कांग्रेस

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि सरकार के ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की महत्वपूर्ण योजना मनरेगा को खत्म करने के खिलाफ पार्टी के दस जनवरी से शुरू हुए मनरेगा बचाओ संग्राम को पूरे देश में व्यापक समर्थन मिल रहा है और कर्नाटक, केरल सहित कई राज्यों में इस अभियान को गति देने के लिए आज कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि ऐतिहा. सिक मनरेगा के स्थान पर 'वीबी-जी राम जी' कानून लाने के केंद्र के विनाशकारी फैसले के खिलाफ राष्ट्रव्यापी मनरेगा बचाओ संग्राम के हिस्से के रूप में केरल कांग्रेस के दिन-रात के धरने की शुरुआत की। देश के हर हिस्से की तरह केरल में भी केंद्र के इस कदम को व्यापक रूप से खारिज किया गया है और लोग तब तक चैन से नहीं बैठेंगे जब तक सरकार मनरेगा कानून को वापस नहीं लेती है। कर्नाटक कांग्रेस ने भी 'मनरेगा बचाओ संग्राम' के तहत प्रदर्शन किया और सोशल मीडिया एक्स पर बताया ष्आज कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के नेतृत्व में और उपमुख्यमंत्री तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डी के शिवकुमार ने ग्रामीण श्रमिकों की जीवन रेखा-मनरेगा पर मोदी सरकार के हमले के खिलाफ देशव्यापी मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत एक मजबूत विरोध प्रदर्शन किया। हम काम के अधिकार और प्रत्येक श्रमिक के सम्मान की रक्षा के लिए लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मनरेगा बचाओ संग्राम को देशव्यापी अभियान बताते हुए सबसे इसमें शामिल होने का आग्रह करते हुए लिखा कि मनरेगा बचाओ संग्राम' देश के 2.5 लाख ग्राम पंचायतों और करोड़ों लोगों तक पहुंच रहा है। भारत के करोड़ों लोगों की जीवनरेखा बन चुकी मनरेगा योजना पर सरकार ने बुलडोज़र चला दिया है।

इसी के खिलाफ यह देशव्यापी संघर्ष काम के अधिकार, मज़दूरी के अधिकार और जवाबदेही के संवैधानिक अधिकार की बहाली के लिए है। आप भी इस आंदोलन से जुड़िए। इसके साथ ही उन्होंने एक्स पर मनरेगा से जुड़ने का आग्रह करते हुए एक बैनर भी पोस्ट किया, जिसमें लिखा है ष्ग्रामीण भारत में लाखों भारतीयों के 'संवैधानिक काम के अधिकार की रक्षा के लिए संघर्ष। मनरेगा की मूल भावना और दृष्टि को बचाने के इस आंदोलन में हमारे साथ जुड़िए। इस मुहिम से जुड़ें और 987301060 पर मिस्ड कॉल करें और दूसरों को भी जागरूक करे।

# उप्र बना देश का इंफ्रास्ट्रक्चर ग्रोथ इंजन:योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रो-एक्टिव गवर्नेंस एंड टाइमली इम्प्लीमेंटेशन (प्रगति) केवल बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की समीक्षा का मंच नहीं, बल्कि नए भारत की नई कार्यसंस्कृति का सशक्त प्रतीक है।

इंटेंट, टेक्नोलॉजी और अकाउंटेबिलिटी के समन्वय से ठोस और समयबद्ध परिणाम सुनिश्चित हो रहे हैं, जिसके कारण उत्तर प्रदेश आज देश का प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है। मंगलवार को आयोजित विशेष प्रेस कांफ्रेंस में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रगति उस प्रशासनिक मॉडल को दर्शाता है, जिसकी नींव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए रखी थी और वर्ष 2014 के बाद इसे राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती मिली। यह प्लेटफॉर्म आज डिजिटल गवर्नेंस और कोऑपरेटिव फेडरलिज्म को सुदृढ़ करते हुए अंतर-मंत्रालयीय और अंतर-विभागीय समन्वय का प्रभावी माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि प्रगति ने यह सिद्ध कर दिया है कि जब नीयत स्पष्ट हो, तकनीक का प्रभावी उपयोग हो और जवाबदेही तय हो, तो परिणाम स्वत: सामने आते हैं। यह केवल एक रिव्यू मैकेनिज्म नहीं, बल्कि व्यापक गवर्नेंस रिफॉर्म है, जिसने शासन को फाइल-केंद्रित संस्कृति से फील्ड-आधारित परिणामों की दिशा में आगे बढ़ाया है। इससे निर्णय प्रक्रिया तेज हुई है, समय और लागत की बर्बादी रुकी है तथा केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हुआ है। योगी ने बताया कि प्रगति मॉडल की अवधारणा वर्ष 2003 में गुजरात में 'स्वागत' द्धस्टेट वाइड अटेंशन ऑन ग्रीवांसेज बाई एप्लिकेशन ऑफ टेक्नोलॉजीऋ के रूप में शुरू हुई थी, जिसका उद्देश्य नागरिक शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना था। यही मॉडल आगे चलकर राष्ट्रीय स्तर पर 'प्रगति' के रूप में विक. सित हुआ और मेगा इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं, सामाजिक योजनाओं तथा सिस्टम रिफॉर्म के क्षेत्र में टीम इंडिया अप्रोच को मजबूती मिली।

राष्ट्रीय स्तर पर प्रगति के प्रभाव का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके माध्यम से 86 लाख करोड़ से अधिक की परियोजनाओं को गति मिली है। प्रधानमंत्री द्वारा 377 प्रमुख परियोजनाओं की प्रत्यक्ष समीक्षा की जाती है, जबकि कुल 3162 मुद्दों में से 2958 का समाधान किया जा चुका है, जो शासन की विश्वसनीयता और कार्यकुशलता को दर्शाता है। उत्तर प्रदेश के संदर्भ में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रगति मॉडल राज्य के लिए एक गेम-चेंजर साबित हुआ है। एक्सप्रेस-वे नेटवर्क, देश का सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क, सर्वाधिक शहरों में मेट्रो सेवाएं, व्यापक एयर कनेक्टिविटी, देश की पहली रैपिड रेल, अंतर्देशीय जलमार्ग और रोपवे जैसी परियोजनाएं समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ी हैं। इन सभी परियोजनाओं के पीछे निरंतर समीक्षा और समस्या-समाधान का सशक्त मंच प्रगति रहा है।



■ द इंटेंट, टेक्नोलॉजी और अकाउंटेबिलिटी के समन्वय से ठोस और समयबद्ध परिणाम सुनिश्चित हो रहे हैं: मुख्यमंत्री

### सीएम ने लोहड़ी पर्व पर दी शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और अन्नदाताओं के परिश्रम को समर्पित पावन पर्व लोहड़ी के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि लोहड़ी का पर्व परिश्रम, ऊर्जा और समृद्धि का प्रतीक है। उन्होंने कामना की कि यह पर्व सभी के जीवन में खुशियां, सकारात्मक ऊर्जा और नई उमंग लेकर आए तथा समाज में आपसी सौहार्द और भाईचारे को और अधिक मजबूत करे। उन्होंने कहा कि ऐसे पारंपरिक पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के साथ-साथ समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य करते हैं। मुख्यमंत्री ने सभी से पर्व को हर्षोल्लास, शांति और सद्भाव के साथ मनाने की अपील की। गौरतलब है कि लोहड़ी मूल रूप से सूर्य, अग्नि और प्रकृति की आराधना का पर्व है। अग्नि को साक्षी मानकर लोग पुरानी नकारात्मकताओं को त्यागते हैं और नई शुरुआत का संकल्प लेते हैं। यह पर्व सिखाता है कि जीवन में गर्माहट रिश्तों से आती है।

# कफ सिरप मामले के मास्टर माइंड का भाई सींखचों के पीछे

**वाराणसी।** कोडीन युक्त प्रतिबंधित कफ सिरप मामले में कोतवाली पुलिस ने सोमवार को 75 हजार रुपये के इनामी मुख्य सरगना शुभम जायसवाल के मौसेरे भाई आदित्य जायसवाल को गिरफ्तार कर लिया है। आदित्य जायसवाल की सप्तसागर मंडी में 'स्वस्तिक फार्मा' नाम से फर्म है। शुभम जायसवाल को लाभ पहुंचाने की नियत से आदित्य जायसवाल द्वारा 'शिव इंटरप्राइजेज' नामक फर्म में नगदी जमा करने का काम किया जाता था। पुलिस के अनुसार, स्वस्तिक फार्मा फर्म के प्रोप्राइटर आदित्य जायसवाल द्वारा पालीकोठी स्थित एक बैंक की शाखा में एक करोड़ रुपये नगद जमा किए गए थे। बैंक में पैसा जमा करते समय एक स्लिप पर आदित्य जायसवाल द्वारा अपना नाम और नंबर लिखा गया था। पूछताछ में आदित्य ने बताया कि वह करीब सात-आठ वर्षों से यह फर्म चला रहा है। करीब दो वर्ष पहले शुभम जायसवाल द्वारा षड्यंत्र के तहत फर्जी टैक्स, इनवॉइस और ई-बिल बनाने के लिए कई फर्मों को खोली गई थी। इसी योजना के तहत 'शिव इंटरप्राइजेज' नामक फर्म खोली गई, जिसमें नगदी रुपये आदित्य जायसवाल द्वारा जमा किए जाते रहे। आदित्य जायसवाल धीरे-धीरे शुभम जायसवाल और उसके पिता भोला प्रसाद के काले कारोबार से जुड़ गया और रिश्तेदार से राजदार बन गया। आदित्य ने पूछताछ में यह भी बताया कि कई लोग इस नेटवर्क से जुड़े हैं, जो नगदी को फर्मों और बैंकों में जमा करने का काम शुभम जायसवाल के लिए करते रहे हैं।



सेंसेक्स 83627.69
निफ्टी 25732.30



सोना रु. 145000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 271000
प्रति किलो



# शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 250 अंक टूटा

मुंबई, वार्ता

**मुंबई।** विदेशों से मिले मिश्रित संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को गिरावट रही और बीएसई का सेंसेक्स 250.48 अंक द्ध0.30 फीसदीऋ टूटकर 83,627.69 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 57.95 अंक यानी 0.22 प्रतिशत गिरकर 25,732.30 अंक पर रहा। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, रियलिटी, फार्मा, तेल एवं गैस, ऑटो और एफएमसीजी सेक्टरों के सूचकांक लाल निशान में रहे।

आईटी, बैंकिंग, मीडिया और रसायन समूहों के सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट और एलएंडटी में तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज और इंडिगो के शेयर भी लगभग दो फीसदी टूटे। मारुति सुजुकी, आईटीसी, अडानी पोर्ट्स और बीईएल के शेयर एक प्रतिशत से ज्यादा गिरे। एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनीलिवर, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, सनफार्मा, टाटा स्टील और बजाज फाइनेंस के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। इटरनल का शेयर सवा तीन फीसदी की बढ़त में बंद हुआ। टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर एक प्रतिशत से अधिक चढ़े। टीसीएस में भी लगभग एक प्रतिशत की तेजी रही। एनएसई में मझौली कंपनियों के सूचकांकों में गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.30 प्रतिशत गिर गया। छोटी कंपनियों के स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 0.60 प्रतिशत की तेजी रही।



■ आईटी, बैंकिंग, मीडिया और रसायन समूहों के सूचकांक हरे निशान में बंद हुए

### ईरान के साथ मात्र 168 करोड़ डॉलर है भारत का द्विपक्षीय व्यापार

**नई दिल्ली।** ईरान के साथ भारत का द्विपक्षीय व्यापार महज 168.30 करोड़ डॉलर है, और इसमें व्यापार संतुलन भारत के पक्ष में है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़े बताते हैं कि भारत ने वित्त वर्ष 2024-25 में ईरान को 124.12 करोड़ डॉलर का निर्यात किया। यह भारत के कुल निर्यात का 0.14 प्रतिशत है। दूसरी तरफ ईरान से भारत का आयात 44.18 करोड़ डॉलर रहा जो देश के कुल आयात का महज 0.06 प्रतिशत है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार के स्तर में पिछले कुछ समय से लगातार गिरावट आ रही है। पिछले चार वित्त वर्षों में से तीन में व्यापार घटा है। इसमें 2023.24 में 20.75 प्रतिशत और 2024.25 में 8.90 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इससे पहले, 2020.21 में भी यह 9.10 फीसदी घटा था जबकि 2022.23 में 21.77 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई थी। पिछले साल जहां ईरान से आयात में 29.32 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई।

# चावल, गेहूं, चीनी और खाद्य तेलों के दाम बढ़े, दालों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव बढ़े। चावल के साथ जहां गेहूं, चीनी और खाद्य तेलों में भी तेजी रही। वहीं, दालों में उतार.चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 21 रुपये बढ़कर 3,863 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं सात रुपये महंगा हुआ और 2,864 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। आटे की कीमत भी पांच रुपये बढ़ गई। दाल-दलहनों में मिलाजुला रुख रहा। तुअर दाल औसतन नौ रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। वहीं, मसूर दाल के दाम 42 रुपये और मूंग दाल के 35 रुपये बढ़ गए। चना दाल सात रुपये और उड़द दाल तीन रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 27 रिंगिट की गिरावट के साथ 4,063 रिंगिट प्रति टन रह गया। मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.40 प्रतिशत चढ़कर 50.47 डॉलर के भाव बोला गया। सरसों तेल की औसत कीमत 97 रुपये क्विंटल बढ़ गई। सूरजमुखी तेल में 59 रुपये और पाम ऑयल में 39 रुपये की तेजी रही। वनस्पति 37 रुपये और मूंगफली तेल 15 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 22 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी सात रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :. दाल-दलहन : दाल चना 7794.80 रुपये, मसूर काली 8153.88 रुपये, मूंग दाल 10113.35 रुपये, उड़द दाल 10417.34 रुपये, तुअर दाल 10616. 70 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल ) गेहूं दड़ा 2863.69 रुपये और चावल 3863.55 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3309.42 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4302.79 रुपये और गुड़ 5009.09 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17685.67 रुपये, मूंगफली तेल 17912.81 रुपये, सूरजमुखी तेल 15946.03 रुपये, सोया तेल 13793. 57 रुपये, पाम ऑयल 12499.89 और वनस्पति 14511.98 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।



# यात्री वाहनों की बिक्री बढ़ी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में यात्री वाहनों की थोक बिक्री दिसम्बर में 26-8 प्रतिशत बढ़कर 3,99,216 इकाई पर पहुंच गई। यात्री वाहनों में कारें, उपयोगी वाहन और वैन शामिल होते हैं। वस्तु एवं सेवा कर द्धजीएसटीऋ में नई पीढ़ी के सुधारों और रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दरों में कटौती से ऋण पर ब्याज कम होने के कारण अक्टूबर-दिसम्बर की पूरी तिमाही में मांग मजबूत बनी रहने से तिमाही और सालाना बिक्री का भी नया रिकॉर्ड बना है।

वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि दिसम्बर 2025 में दुपहिया वाहनों की बिक्री 39.4 फीसदी बढ़कर 15,41,036 इकाई दर्ज की गई।

### प्रथम पृष्ठ के शेष...

**कुत्ते के...**साल की महिला का प्रतिनिधित्व कर रही हूं, जो सड़क पर रहती है। वह 200 कुत्तों की देखभाल करती है। दिल्ली में उन्हें डॉग अम्मा के नाम से जाना जाता है। कुत्तों गोद लेने की पॉलिसी पर विचार किया जाना चाहिए। एक राष्ट्रीय अभियान शुरू किया जा सकता है। यहां कई वकील हैं, जिनके घर में 8-10 देसी कुत्ते हैं। जस्टिस मेहता ने कहा कि अगर कोई आवारा कुत्ता किसी पर हमला कर दे, तो उसकी जिम्मेदारी किसकी होगी? इस पर वकील ने कहा कि स्वयंसेवी संस्थाओं के लिए जिम्मेदारी तय की जा सकती है। जस्टिस मेहता ने कहा कि आवारा कुत्ता किसी के कब्जे में नहीं होना चाहिए। अगर आप पालतू जानवर रखना चाहते हैं, तो लाइसेंस लें।

**भ्रष्टाचार कानून...**जैसा होगा। जस्टिस विश्वनाथन ने यह भी कहा कि इस प्रावधान को खत्म करनाऔर इसका इलाज बीमारी से भी ज्यादा नुकसानदेह साबित होगा। बशर्ते जांच की मंजूरी लोकपाल या राज्य लोकायुक्त के जरिये तय की जाए। जस्टिस नागरत्ना और जस्टिस विश्वनाथन की अलग-अलग राय के चलते अब मामला सीजेआई सूर्यकांत के पास भेजा गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि चीफ जस्टिस इस मुद्दे पर सुनवाई के लिए बड़ी बेंच गठित करेंगे, जो अंतिम फैसला देगी। दरअसल एनजीओ सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन (सीपीआईएल) एनजीओ ने जनहित याचिका दायर की है। याचिकाकर्ता की ओर से प्रशांत भूषण ने सुप्रीम कोर्ट ने दलील दी कि यह प्रावधान भ्रष्टाचार विरोधी कानून को कमजोर करता है, क्योंकि सरकार से अक्सर जांच की मंजूरी नहीं मिलती। वहीं केंद्र सरकार की ओर से तुषार मेहता ने पक्ष रखा था।

# सस्ते ऋण और ई-कॉमर्स पर नियंत्रण की मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (कैट) ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में खुदरा व्यापारियों के हितों का ध्यान रखते हुए उनके लिए सस्ते ऋण और ई-कॉमर्स की अनुचित प्रतिस्पर्धा सुरक्षा की मांग की। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं चांदनी चौक सीट से लोकसभा सांसद प्रवीन खंडेलवाल मंगलवार को बताया कि कैट ने वित्त मंत्री के समक्ष ऐसे सुझाव रखे हैं, जो व्यापार के लिए सम्मान, सरलता, सुरक्षा और समता से परिपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने कारोबार की आसानी, लोकल के लिए वोकल, वैश्विक बाजार के लिए लोकल, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों से देश के व्यापारिक वातावरण को नई दिशा दी है। अब आगामी बजट में इन पहलों को और मजबूत करने की जरूरत है। कैट ने छोटे व्यापारियों के लिए सिंगल विंडो अनुपालन तंत्र, अनावश्यक नोटिस और निरीक्षण पर रोक तथा व्यापारिक कानूनों से आपराधिक प्रकृति को हटाने में तीव्रता की मांग की है। उसने कहा है कि प्रत्येक जिले में अधिकारियों और व्यापारियों की संयुक्त समिति गठित करने का सुझाव दिया गया है जिससे व्यापारिक समस्याओं का समाधान जिला स्तर पर ही हो सके। श्री खंडेलवाल ने ई-कॉमर्स और क्विक-कॉमर्स में भारी छूट, बाजार पर कब्जा करने के उद्देश्य से बेहद कम मूल्य निर्धारण और विदेशी फंडिंग से होने वाली अनुचित प्रतिस्पर्धा पर तत्काल नियंत्रण की जरूरत पर जोर दिया ताकि छोटे खुदरा व्यापारियों के हित सुरक्षित रह सकें। कैट ने ईमानदार करदाता को प्रोत्साहन देने के लिए करदाता रेटिंग प्रणाली, कम छानबीन, रिफंड में तेजी और सस्ते ऋण की सुविधा देने की भी मांग की है। भाजपा सांसद ने कहा कि व्यापारिक समुदाय देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में यदि व्यापारियों को सम्मान, सुरक्षा, सरलता और समान अवसर मिलते हैं, तो भारत को पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था और विकसित भारत 2047 बनने से कोई नहीं रोक सकता।




खुदरा व्यापारियों के हितों का ध्यान रखते हुए अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ ने वित्त मंत्री के सामने रखे सुझाव

### एक किलो चांदी 2.71 लाख के पार, 10 ग्राम सोना 1.45 लाख पर

**नई दिल्ली।** वैश्विक अनिश्चितता और भू-राजनीतिक तनाव के बीच भारतीय सर्राफा बाजार में कीमती धातुओं की कीमतों ने अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। मंगलवार को दिल्ली के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमतों में 6,000 रुपये का जोरदार उछाल देखा गया। चांदी 2,71,000 प्रति किलोग्राम के नए लाइफटाइम हाई पर पहुंच गई है। इसी तरह, सोने ने भी अपनी चमक बढ़ाते हुए 1,45,000 प्रति 10 ग्राम का नया ऐतिहा. सिक स्तर छू लिया है। चांदी की कीमतों में आई यह तेजी बाजार में स्टसकहोल्डर्स की निरंतर लिवाली का परिणाम है। ऑल इंडिया सर्राफा एसोसिएशन के अनुसार, चांदी में पिछले तीन कारोबारी सत्रें से लगातार बढ़त जारी है। पहले सोमवार को चांदी 15,000 रुपये की छलांग लगाकर 2,65,000 पर पहुंची थी।

# 12 साल पुराने दुष्कर्म मामले में दोषी को सजा

## 10 साल का कठोर कारावास और जुर्माना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मंडावली थाना क्षेत्र में 12 वर्ष पूर्व 14 वर्षीय किशोरी को नशा सुंघाकर अगवा कर उत्तरकाशी ले जाकर दुष्कर्म करने के मामले में अदालत ने दोषी को कड़ी सजा सुनाई है। एफटीसी प्रथम के अपर जिला जज अशोक भारतेंदु ने आरोपी नरदेव पुत्र आत्माराम, निवासी मंडावली को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास और तीन हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

मामले की जानकारी देते हुए एडीजीसी मुकुल कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता के भाई ने 25 दिसंबर 2013 को मंडावली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार उसकी 14 वर्षीय बहन को आरोपी नरदेव नशा सुंघाकर बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। किशोरी के अचानक लापता होने से परिजन काफी परेशान रहे। तीन दिन तक तलाश के बाद भी जब कोई सुराग नहीं मिला तो परिजनों ने थाने में तहरीर देकर किशोरी की बरामदगी की गुहार लगाई।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और करीब डेढ़ महीने बाद पीड़िता को उत्तरकाशी से बरामद किया। इसके बाद पीड़िता के बयान मजिस्ट्रेट के समक्ष दर्ज कराए गए, जिसमें उसने आरोपी द्वारा किए गए अपराध की पूरी आपबीती बताई। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी नरदेव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया और उसके खिलाफ संगीन धाराओं में आरोप पत्र अदालत में दाखिल किया।

सुनवाई के दौरान लोक अभियोजन की ओर से मामले से जुड़े छह गवाहों को अदालत में पेश किया गया। सभी साक्ष्यों, गवाहों के बयान और पत्रावली का अवलोकन करने के बाद अदालत ने आरोपी को दोषी पाया। समस्त औपचारिकताएं पूरी करते हुए न्यायालय ने आरोपी को 10 साल की कठोर सजा सुनाने का आदेश दिया।

# जज के आवास में चोरी का खुलासा

## सोने-चांदी के जेवरात व नकदी बरामद, तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कोतवाली शहर थाना क्षेत्र में प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड के आवास में हुई चोरी का पुलिस ने सफल अनावरण कर दिया है। पुलिस व सर्विलांस/एसओजी की संयुक्त टीम ने इस मामले में दो महिलाओं समेत तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चोरी गए सोने-चांदी के जेवरात, नकदी और अन्य सामान बरामद किया है। वहीं इस मामले में तीन आरोपी अभी फरार बताए जा रहे हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

20 दिसंबर कोस्वाति वर्मा, प्रधान मजिस्ट्रेट, किशोर न्याय बोर्ड, बिजनौर के आवास विकास कॉलोनी स्थित सरकारी आवास से अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये के जेवरात, नकदी और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया था। इस संबंध में जज की तहरीर पर 1 जनवरी को कोतवाली शहर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था।

घटना के खुलासे के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी। मंगलवार को कोतवाली शहर पुलिस और सर्विलांस/एसओजी की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए चोरी के मामले का सफल अनावरण किया। पुलिस ने मनोज वर्मा निवासी सम्भा बाजार, कीर्ति वर्मा निवासी कांशीराम कॉलोनी हाल ऋषिकेश और रीता निवासी धामपुर हाल देहरादून को गिरफ्तार किया।

पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार महिला अभियुक्त कीर्ति वर्मा ने बताया कि चोरी का सामान उसे उसके मित्र सोनू शर्मा ने उपलब्ध कराया था। उसने बताया कि चोरी की वारदात में सोनू शर्मा और उसके दोस्त धनश्याम शामिल थे। चोरी गया कुछ सामान अभियुक्तों ने अलग-अलग स्थानों पर छिपा दिया था और शेष को बेचने की फिराक में थे।

पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से दो कंगन, दो सोने की चेन, अंगूठियां, गिन्नी, कान की बाली, एलसीडी टीवी, नकदी, कपड़े, बैग व अन्य घरेलू सामान बरामद किया है।

इस मामले में सोनू शर्मा, धनश्याम सिंह और सुरेश अभी फरार हैं। सीओ सिटी संग्राम सिंह का कहना है कि जज के आवास पर हुई चोरी के मामले में दो महिला सहित तीन को गिरफ्तार कर लिया गया है गिरफ्तार अभियुक्त के पास से चोरी गया अधिकांश सामान बरामद कर लिया गया है। मुख्य आरोपी सोनू शर्मा व उसका दोस्त घनश्याम जेल में बंद है, जिन्हें डिमांड लेकर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# शाहनवाज राणा के समर्थन में खुलकर आए अधिवक्ता

## उत्तर प्रदेश बार कॉउंसिल के चुनाव में वरिष्ठ अधिवक्ताओं व युवा अधिवक्ताओं ने की चर्चा





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश बार कॉउंसिल के सदस्य पद के चुनाव में पूर्व उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक शाहनवाज राणा एड. का पड़ला भारी होता दिख रखा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार जजी के सामने एक मंडप में आज प्रत्याशी हाजी शाहनवाज राणा एड. के द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें वरिष्ठ अधिवक्ता गफ्फार कुरैशी एड., वाजिद अली एड., महफूज अहमद एड., मनशूर चौधरी एड., आदिल चौधरी एड., मौहम्मद शुएब एड., आरिफ एड., अब्दुल समी एड. आदि सहित सैकड़ों अधिवक्ताओं ने हिस्सा लिया। सभी ने उपस्थित अधिवक्ताओं ने अपनी बातें सामने रखीं। उन्होंने कहा कि हाजी शाहनवाज राणा एड. को उनके द्वारा वोट दिया जाएगा। उनके विजयी होने से अधिवक्ताओं के मान-सम्मान में इजाफा होगा और वह अधिवक्ताओं के हितों के लिए संघर्ष करेंगे।

दूसरी तरफ हाजी शाहनवाज राणा एड. ने कहा कि वह अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए हर जरूरी संघर्ष व आवाज उठाने से पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि जनपद बिजनौर उनका घर है। यहां के अधिवक्ता उनके परिवार के सदस्य है। पिछले चुनाव में भी स्थानीय अधिवक्ताओं ने उन्हें प्रथम वरियता का वोट दिया था। वह उम्मीद करते हैं कि इस बार भी उन्हें प्रथम वरियता के वोट मिलेंगे। उन्होंने कहा कि अपनी किसी भी समस्या को लेकर अधिवक्ता उनसे मिल सकते है। इस दौरान वरिष्ठ बसपा नेता मुंशी सद्दीक, असद चौधरी, शैलेन्द्र सिंह, संजीव कुमार आदि भी मौजूद थे।

## चोरी की स्कूटी सहित आरोपी गिरफ्तार

**बिजनौर।** शहर कोतवाली पुलिस के मुताबिक 12 जनवरी को मोहल्ला खत्रियान हरिहर मंदिर निवासी मौहम्मद अय्यूब पुत्र हाजी जहूर अहमद ने तहरीर देकर अपनी स्कूटी संख्या यूपी20 एजेड 7689 चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस घटना के खुलासे के लिए लग गई थी। मंगलवर को चेकिंग के दौरान पुलिस ने अरुण पुत्र ऋषिपाल निवासी ग्राम सैदाबाद, थाना हीमपुर दीपा को चोरी की गई स्कूटी के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है और उसके आपराधिक इतिहास की भी जानकारी जुटाई जा रही है। फिलहाल कोतवाली शहर पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## युवक को गोली मारने का आरोपी पिस्टल सहित गिरफ्तार

**नजीबाबाद।** इमरान पुत्र अय्यूब निवासी ग्राम दहीरपुर थाना नांगल सोती ने मंडावली पुलिस को सात जनवरी को तहरीर देते हुए बताया था कि युवक शुऐब उर्फ अल्लू पुत्र इरफान उर्फ भूरा, सुहैल व फरमान निवासी ग्राम श्यामीवाला मुजाहिदा पट्टी ने पीड़ित के भाई मौहम्मद उस्मान व फहीम के साथ गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की नीयत से फायर किया। जिससे पीड़ित के भाई उस्मान की जांघ में गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। मंडावली पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। अवधेशानंद पुलिस चौकी भागूवाला इंचार्ज संजय कुमार, एसआई राहुल कुमार ने हैड कांस्टेबल दीपक, कांस्टेबल इमरान खान के साथ आरोपी शुऐब उर्फ अल्लू पुत्र इरफान उर्फ भूरा निवासी ग्राम मुजाहिदा पट्टी को घटना में प्रयुक्त एक पिस्टल, तीन जिन्दा कारतूस व दो खोखा कारतूस 32 बोर सहित गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

# शाहनवाज राणा ने अधिवक्ताओं से किया संपर्क

## बार काउंसलिंग ऑफ उत्तर प्रदेश सदस्य पद चुनाव में समर्थन की अपील



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बार काउंसलिंग ऑफ उत्तर प्रदेश सदस्य पद के प्रत्याशी शाहनवाज राणा के द्वारा आज नजीबाबाद पहुंच कर अधिवक्ताओं से संपर्क किया गया।

बार काउंसलिंग ऑफ उत्तर प्रदेश चुनाव में सदस्य पद प्रत्याशी शाहनवाज राणा द्वारा नजीबाबाद पहुंच कर अधिवक्ताओं से संपर्क किया गया और आगामी चुनाव में समर्थन देने की अपील की। आगामी 16 और 17 जनवरी को चुनाव होना है। उन्होंने आज नजीबाबाद में पहुंचकर अधिवक्ताओं से बैठक कर आगामी चुनाव में भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। नजीबाबाद के एक निजी बैंकट हॉल में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नजीबाबाद क्षेत्र के अधिवक्ता शामिल हुए। बैठक के दौरान सदस्य पद प्रत्याशी शाहनवाज राणा के द्वारा सभी अधिवक्ताओं से आगामी चुनाव में भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। नगर नजीबाबाद सिविल कोर्ट तहसील नजीबाबाद में पहुंचकर अधिवक्ताओं से संपर्क किया गया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने पूर्ण समर्थन के साथ भरोसा दिलाते हुए आगामी चुनाव में भारी मतों से मतदान कर उन्हें विजयी बनाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की व्यवस्था आदिल हैदर जैदी एडवोकेट द्वारा की गई। कार्यक्रम में अधिवक्तागणों में विजेंद्र सिंह चौहान, राजीव सिंह चौहान, सुल्तान अहमद, रियासत अंसारी, फैज अहमद, रिजवान अंसारी, अनस, फहीम अहमद, हनीफ अहमद, खुर्शीद अहमद, वसीम अहमद आदि अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# वैव इंडस्ट्रीज प्रकरण में सूचना आयोग सख्त

## प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को सूचना देने का आदेश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शिकायत संख्या एस 07/सी/0138/2025 में रानू सिंह बनाम जनसूचना अधिकारी, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ के मामले पर राज्य सूचना आयोग ने सख्त रुख अपनाया है। यह मामला वैव इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड से संबंधित सूचना उपलब्ध न कराए जाने को लेकर दर्ज किया गया था। प्रकरण की सुनवाई राज्य सूचना आयुक्त, उत्तर प्रदेश के समक्ष हुई। सुनवाई के दौरान आयोग ने पाया कि पूर्व में पारित आदेश का अब तक अनुपालन नहीं किया गया है और संबंधित जनसूचना अधिकारी आयोग के समक्ष उपस्थित भी नहीं हुए। आयोग ने इसे सूचना का अधिकार अधिनियम के प्रति गंभीर लापरवाही मानते हुए उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मांगी गई सूचना उपलब्ध कराते हुए अनुपालन आख्या प्रस्तुत की जाए। साथ ही यह भी चेतावनी दी गई है कि आदेश की अवहेलना की स्थिति में संबंधित अधिकारी के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। मामले की अगली सुनवाई की तिथि दो फरवरी 2026 निर्धारित की गई।

# 16 जनवरी को एकजुटता का केंद्र बनेगा झालू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** हिंदू समाज की एकता, संस्कृति और स्वाभिमान को नई दिशा देने के उद्देश्य से आयोजित होने वाले हिंद सम्मेलन को लेकर व्यापक हलचल तेज हो गई है। इस क्रम में लोकेंद्र चौधरी ने नगर व ग्रामीण अंचल के नागरिकों से ऐतिहासिक भागीदारी की अपील की है।

लोकेंद्र चौधरी ने कहा कि यह सम्मेलन केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को संगठित करने का निर्णायक मंच है। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता है कि समाज हर मतभेद से ऊपर उठकर एकजुट हो और अपनी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए आगे आए। उन्होंने युवाओं, प्रबुद्धजनों और मातृशक्ति से विशेष रूप से कार्यक्रम में सहभागिता का आह्वान किया। उन्होंने जानकारी दी कि यह सम्मेलन 16 जनवरी को झालू स्थित हृदयानंद सार्वजनिक इंटर कॉलेज में दोपहर 11 बजे से आयोजित होगा। सम्मेलन में संत-महात्मा एवं वरिष्ठ वक्ता समाज और राष्ट्र से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन देंगे। लोकेंद्र चौधरी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब समाज संगठित होता है, तभी उसकी आवाज प्रभावी बनती है। उन्होंने सभी से परिवार सहित समय पर पहुंचकर सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की है। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी रहेगी।

# मॉडर्न एरा ने वृद्धाश्रम में कंबल बांटे

## स्कूल कर्मचारियों को भी दिए उपहार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती के पावन अवसर पर स्वामी विवेकानंद जी द्वारा प्रतिपादित 'शिव ज्ञान से जीव सेवा' पर अमल करते हुए भव्य रैली एवं कंबल वितरण का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में सेवा, समर्पण और मानवता के मूल्यों को जागृत करना रहा।

इस अवसर पर विद्यालय डायरेक्टर पिंसिपल डॉ. सीमा विश्वास के मार्गदर्शन में विद्यालय के समस्त अध्यापकगण एवं स्टाफ ने एकजुट होकर बिजनौर एवं गंज क्षेत्र में स्थित विदुर कुटी वृद्ध आश्रम एवं बिजनौर रेलवे स्टेशन पर कंबल वितरण किया। ठंड के मौसम में जरूरतमंद वृद्धजनों को कंबल प्रदान कर विद्यालय परिवार ने मानवीय संवेदनाओं का परिचय दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय में कार्यरत समस्त कर्मचारियों को भी उपहार में कंबल, गरम जैकेट, सलवार सूट, साड़ी, डिनर सेट व कूकर व मिक्सी आदि चीज प्रदान की गई। डॉ. सीमा विश्वास ने अपने संबोधन में स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करते हुए समाज सेवा को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व और सेवा भावना को मजबूत करते हैं। इस भव्य आयोजन की क्षेत्रवासियों एवं अभिभावकों द्वारा सराहना की गई। मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल का यह प्रयास समाज के प्रति उसकी सकारात्मक सोच और कर्तव्यनिष्ठा को दर्शाता है।

## एक नजर

### रेट्रो रिफलेक्टिव टेप की जांच की




**बिजनौर।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन ने बताया कि उ.प्र. शासन द्वारा माह जनवरी 2026 में मनाये जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत आज गौरी शंकर ठाकुर, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन और मुन्नालाल, यात्रीकर अधिकारी द्वारा जनपद के विभिन्न मार्गों एवं हाईवे पर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यात्री वाहनों में ओवरलोडिंग तथा रेट्रो रिफलेक्टिव टेप की जांच की गयी एवं वाहन चाल. कों को यातायात के नियमों की जानकारी दी गयी तथा वाहनों के चालकों को सीटबेल्ट के प्रयोग की अनिवार्यता के सम्बन्ध में प्रेरित किया गया। जिससे कोई दुर्घटना घटित न हो और जीवन सुरक्षित रहे।

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**कोतवाली देहात।** ग्राम बरुकी निवासी शौकत (55 वर्ष) अपने गांव बरुकी से कोतवाली देहात जा रहा था। बिजनौर से कोतवाली देहात की ओर बाइक से जा रहे रवि कश्यप पुत्र बबलू बाइक से कोतवाली को जा रहा था। शौकत ने रवि से लिफ्ट ली और बाइक पर सवार हो गया। जैसे ही वह गार. बपुर के तालाब के पास आया वैसे ही सामने से आ रही कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। तेज टक्कर लगने से दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर गए। मौके पर पहुंची पुलिस में घायलों को उठाया। पुलिस दोनों घायलों को लेकर पीएचसी कोतवाली देहात पहुंची, जहां चिकित्सकों ने शौकत को मृत घोषित कर दिया। दूसरा बाइक सवार रवि कश्यप निवासी ग्राम नरैनी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोतवाली देहात ले आया गया, जहां से गंभीर हालत देखते हुए हायर सेंटर को रैफर कर दिया। घटना के बाद कार सवार कार को छोड़कर भाग गए। पुलिस कार को थाने ले गई।

### पिंजरे में फंसा गुलदार



**चंदक।** ग्राम तिमरपुर में लगाए गए पिंजरे में गुलदार कैद हो गया। गुलदार के पकड़े जाने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। ग्राम खानपुर माधो उर्फ तिमरपुर में पिछले कुछ दिनों से गुलदार देखा जा रहा था, जिससे लोगों में दहशत व्याप्त थी। सूचना पर वन विभाग ने श्याम हॉस्पिटल के पीछे पिंजरा लगाया था। आज सुबह पिंजरे में गुलदार कैद पाया गया, जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ लग गई। सूचना के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और गुलदार को अपने साथ ले गई।

### सहकारी समिति के गोदाम में चोरी



**नहटौर।** ग्राम काजीपुरा उर्फ कादीपुरा में गन्ना सहकारी समिति धामपुर का खाद गोदाम है। बताया जाता है कि क्षेत्र के किसानों को वहां से खाद व दवाई आदि वितरित की जाती हैं। गोदाम में डीएपी व अन्य खाद के अलावा दवाइयां भी रखी हुई थी। बताया जाता है कि बीती रात चोरों ने गोदाम का ताला तोड़कर रखें 63 डीएपी के कट्टे चोरी कर लिए। सुबह को ताला टूटा देख चोरी होने का पता चलने पर हड़कंप मच गया। मामले की सूचना गन्ना समिति के सुपरवाइजर को दी गई। सुपरवाइजर ने चोरी की घटना के संबंध में अपने विभाग के उच्च अधिकारियों को अवगत कराया है। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची है और जांच पड़ताल की है। सुपरवाइजर रजनीश कुमार ने बताया कि 63 डीएपी के कट्टे चोरी किए गए हैं, जिनकी कीमत करीब 85000 रूपए हैं। गन्ना समिति के विशेष सचिव विनोद कुमार व एससीडीआई अमित कुमार पांडेय भी मौके पर पहुंचे है।

### मजदूर की हृदय गति रूकने से मौत



**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के गांव झाड़पुरा निवासी लाल सिंह सैनी (46 वर्ष) पुत्र न्यादर सिंह सुबह लगभग 10:00 बजे मजदूरी पर कूड़ी का खाद भरने गए थे। खाद भरते समय जैसे ही खाद से भरी टोकरी सिर पर रखी। हृदय गति रुक जाने के कारण गिरकर उनकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक बहुत गरीब परिवार से ताल्लुक रखता था तथा मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता था।

### दो कारों की टक्कर में एक की मौत



**नजीबाबाद।** बीती रात्रि 12:30 बजे के करीब सेंट मैरी अस्पताल के समीप फ्लाईओवर के पास ऑल्टो कार संख्या यूके 08 के 8453 की टक्कर सामने से आ रही नई स्विफ्ट डिजायर कार से हो गई। जिससे होटल स्वामी निवासी सेंट मैरी कॉलोनी सत्यम चौधरी (26 वर्ष) की दुर्घटना में मौत हो गई। घटना पर पहुंची पुलिस के द्वारा घायल सत्यम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समीपुर ले जाया गया। उसके बाद हालत गंभीर देखते हुए नगर के निजी अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया। जहां पर सत्यम की मौत हो गई। सत्यम की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सत्यम अपने पीछे लगभग डेढ़ वर्षीय बच्ची छोड़कर गए है । मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त कारों को मंडी परिसर में खड़ा करा दिया गया है। घटना के संबंध में पुलिस जांच में जुट गई। दूसरी कार स्विफ्ट डिजायर चला रहे व्यक्ति पठानपुरा निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस द्वारा अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# युवक ने मस्जिद में तोड़फोड़ की

## पूर्व सभासद के घर पर पथराव, मस्जिद की छत से ईंट-पत्थर बरसाये

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** मौहल्ला गुलीतालाब निवासी अली खान ने मस्जिद में घुसकर तोड़फोड़ शुरू कर दी। आरोपी ने न केवल मस्जिद को निशाना बनाया, बल्कि विरोध करने पर स्थानीय लोगों और पूर्व सभासद के घर पर भी जमकर पथराव किया। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद आरोपी को हिरासत में ले लिया है।





प्राप्त समाचार के अनुसार आज प्रात: मौहल्ला गुलीतालाब निवासी अलीखान पुत्र कमाल अहमद ने मौहल्ले की मस्जिद में घुसकर तोड़फोड़ शुरू कर दी। तोड़फोड़ की सूचना मिलने पर मौहल्लेवासी मौके पर पहुंचे। जिन्हें देख आरोपी मस्जिद की छत पर चढ़ गया और छत से नीचे खड़ी भीड़ पर ईंट पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। मौहल्ले में भगदड़ मच गई और लोग आसपास छिप गए और आरोपी युवक को समझाने का प्रयास किया। आरोपी ने मस्जिद के सामने स्थित पूर्व सभासद मोबीन अहमद के घर पर पथराव कर दिया, जिससे पूर्व सभासद के घर की खिड़कियों के शीशे चकनाचूर हो गए।

गनीमत रही कि इस पथराव में कोई घायल नहीं हुआ। मामले की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। करीब दो घंटे तक चले हाई-वोल्टेज ड्रामे के बाद पुलिस ने कड़ी मशक्कत से युवक को पकड़कर थाने ले गई। घटना के बाद मौहल्ले के लोगों में भारी आक्रोश है।

पूर्व सभासद मोबीन अहमद सहित मौहल्लेवासियों ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## रिटायर्ड राजस्व निरीक्षक शुजाअत हुसैन का इंतकाल

**बिजनौर।** स्थानीय मौहल्ला चाहशीरी गली हकीमान निवासी रिटायर्ड राजस्व निरीक्षक सैयद शुजाअत हुसैन (73 वर्ष) का सोमवार की सुबह लंबी बीमारी के बाद इंतकाल हो गया। उनके इंतकाल की खबर से परिजनों, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई।

शुजाअत हुसैन करीब 13 वर्ष पूर्व बिजनौर तहसील से राजस्व निरीक्षक (आरआई) के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। वह पिछले दो महीनों से बीमार चल रहे थे। परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए दिल्ली के पीएसआरआई हॉस्पिटल में भर्ती कराया था, जहां उपचार के बाद उन्हें घर वापस लाया गया था। उनके इंतकाल से मौहल्ले में मातम छा गया।

## एक नजर

### प्रियंका गांधी वाड्रा का जन्मदिन मनाया

**स्योहारा।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं वायनाड से सांसद श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा के जन्मदिन का कार्यक्रम नगर कमेटी अध्यक्ष अहसन जमील के कैंप कार्यालय पर आयोजित किया गया। जहां ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बुढ़नपुर के अध्यक्ष हरि सिंह सागर सहित अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने केक काटकर प्रियंका गांधी वाड्रा के दीर्घायु होने की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अहसन जमील ने कहा कि प्रियंका गांधी वाड्रा का नेतृत्व देश की राजनीति में नई ऊर्जा और नई दिशा प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी वाड्रा जनसेव,ा संघर्ष और संवेदनशीलता की प्रतीक हैं, जिनसे कार्यकर्ताओं को निरंतर प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रियंका गांधी वाड्रा के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया।



### एमपीएस के विद्यार्थी सम्मानित

**कोतवाली देहात।** नेहरू स्टेडियम में संपन्न हुई विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एमपीएस ग्लोबल स्कूल के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव जैन ने बताया कि प्रतियोगिता में विद्यालय की वैष्णवी ने भारोत्तोलन में प्रथम स्थान तथा वंशिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। चक्का फेक में वंशिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान मानवी ने प्राप्त किया। लंबी कूद में अनुष्का ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के बच्चों को पीटीआई अक्षिता एवं निखिल चौधरी द्वारा प्रतिभाग कराया गया। इस अवसर पर प्रबंधक आदित्य वीर सिंह ने विजेता छात्र-छात्राओं को शील्ड तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### आरजेपी में मनाई विवेकानंद जयंती

**बिजनौर।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज में विद्यालय के प्रबंधक उदयन वीरा के निर्देश पर प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल की अध्यक्षता एवं बृजेश कुमार एवं चंद्रहास सिंह के संयुक्त संचालन में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफ ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद हमेशा युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत रहे हैं। भारत सरकार ने 1984 से इसे राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में घोषित किया। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य गयूर आसिफ, जिला विज्ञान समन्वयक सुधांशु वत्स, एसपी गंगवार, नरेंद्र कुमार, सुधीर कुमार राजपूत, सुभाष बाबू राजपूत, अतुल कुमार रस्तौगी, करन वीर, विनोद कुमार यादव, प्रदीप कुमार सिंह, तेजपाल सिंह, भूपेन्द्र पाल सिंह, अलका रानी, रश्मि चौहान, छवि गर्ग, कुमुद गुप्ता, मौहम्मद अनस, विनीत कुमार गहलौत आदि ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### पॉक्सो एक्ट में नामजद गिरफ्तार

**धामपुर।** पुलिस ने एक गंभीर मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में नामजद एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है। 13 जनवरी 2026 को पीड़िता द्वारा थाना धामपुर पर तहरीर दी गई थी। तहरीर में आरोप लगाया गया कि गांव जितनपुर, थाना धामपुर निवासी आरोपी व उसके परिजनों द्वारा पीड़िता व उसके परिवार के साथ गाली-गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी दी गई। साथ ही आरोपी पर नाबालिग पीड़िता के साथ गलत कार्य करने का गंभीर आरोप लगाया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना धामपुर पुलिस ने तत्काल मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू की। मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने नामजद अभियुक्त अनुज पुत्र संदीप को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया गया है। मामले की विवेचना प्रचलित है और अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

### मकर संक्रान्ति का अवकाश 15 को

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन सामान्य प्रशासन अनुभाग की विज्ञप्ति संख्या 46/तीन-2026, 12 जनवरी 2026 के अन्तर्गत सामान्य प्रशासन अनुभाग उत्तर प्रदेश शासन की विज्ञप्ति संख्या 671/तीन-2025-39 (2)/2016, 17 नवम्बर, 2025 हेतु घोषित अवकाशों की सूची के प्रस्तर 2 (11) में वर्ष 2026 के लिए निर्बन्धित अवकाश की सूची के क्रमांक -2 पर मकर संक्रान्ति के अवसर पर 14 जनवरी को निर्बन्धित अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि शासन स्तर पर सम्यक विचारोपरान्त मकर संक्रान्ति के अवसर पर 14 जनवरी को घोषित निर्बन्धित अवकाश के स्थान पर 15 जनवरी को निगोशिएबुल इन्स्ट्रुमेन्ट एक्ट 1881 के अधीन सार्वजनिक अवकाश घोषित किये जाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में 14 जनवरी को घोषित निर्बन्धित अवकाश तथा इसी आधार पर 14 जनवरी को स्थानीय स्तर पर घोषित अवकाश को निरस्त करते हुए, उसके स्थान पर 15 जनवरी को निगोशिएबुल इन्स्टुमेन्ट एक्ट 1881 के अधीन सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है।

### गौशाला में गौवंश के लिए गद्दों की व्यवस्था

**अफजलगढ़।** कंपकंपाती ठंड के मौसम में जहां आमजन और पशु-पक्षियों की हालत खस्ता हो जाती है, वहीं गौवंश की देखभाल को लेकर कान्हा गौशाला परिवार ने सराहनीय पहल की है। नगर पालिका किले के समीप स्थित कान्हा गौशाला में इस बार गौवंश के आराम हेतु विशेष गद्दों की व्यवस्था की गई है, जिससे ठंड, गर्मी और बरसातख़्तीनों मौसमों में उन्हें राहत मिल सके। गौशाला प्रबंधन द्वारा हाड़ कंपा देने वाली ठंड से गौवंश को बचाने और स्वच्छता बनाए रखने के उद्देश्य से यह व्यवस्था की गई है। गौशाला प्रबंधक रोबिन अग्रवाल ने बताया कि सर्दियों में गायों को बैठने में काफी परेशानी होती थी। इसी को ध्यान में रखते हुए लगभग डेढ़ इंच मोटे विशेष गद्दे मंगवाए गए हैं। इसके साथ ही चारों ओर मोटे तिरपाल भी लगाए गए हैं, जिससे ठंडी हवा से बचाव हो सके। गद्दों की खास बात यह है कि यह प्रत्येक मौसम के अनुकूल हैं। सर्दियों में गौवंश द्वारा किया गया मूत्र सीधे नीचे चला जाता है, जिससे गद्दे पर नमी नहीं रहती और बैठने पर ठंडक महसूस नहीं होती। वहीं गर्मियों में ये गद्दे गर्माहट भी उत्पन्न नहीं करते, जिससे गौवंश को आराम मिलता है।

## आरएचएस कॉलेज में रासेयो के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** गांव कूकड़ा के समग्र विद्यालय में आरएचएस इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का प्रथम दिवस उद्घाटन एवं उद्बोधन दिवस के रूप में मनाया गया।

शिविर का शुभारंभ गांव कूकड़ा के ग्राम प्रधान सागर सिंह एवं पर्यवेक्षक चारु राजपूत द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों द्वारा प्रार्थना एवं लक्ष्य गीत प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान सागर सिंह ने कहा कि ऐसे शिविर ग्रामीण समाज में जागरूकता, सेवा भावना और अनुशासन को बढ़ावा देते हैं। कॉलेज के प्रधानाचार्य मेघराज सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। पर्यवेक्षक चारू राजपूत ने स्वयंसेवकों को समाज सेवा, स्वच्छता, शिक्षा और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी मणिकांत कुमार ने आगंतुकों का पुष्प देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन जयपाल सिंह ने किया। इस मौके पर कॉलेज के प्रधानाचार्य मेघराज सिंह राणा, सेवानिवृत्त शिक्षक धर्मेंद्र कुमार, उमेशचन्द्र गहलौत, कॉलेज के प्रधानाचार्य मेघराज सिंह राणा, संजय सलिल, पवित्र कुमार, अवनीश कुमार, रजनीश कुमार, सचिन कुमार, अमरदीप कुमार, भाषा रानी आदि उपस्थित रहे।

# डॉ. काउंट सीजर मैटी की जयंती मनाई

## इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति सस्ती एवं सुलभ अद्वितीय पैथी : डॉ. मनोज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** वी.टी. इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मैडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में इलेक्ट्रो होम्योपैथी के जनक डॉ. काउंट सीजर मैटी की 217वीं जयंती श्रद्धापूर्वक धूमधाम से मनाई गई। जिसमें टॉपर छात्र-छात्राओं को डिग्री, डिप्लोमा एवं रजिस्ट्रेशन देकर मैडल से सम्मानित किया गया।



सीनियर इलेक्ट्रो होम्योपैथ डॉ. विजयपाल सिंह राजपूत की अध्यक्षता तथा उप प्राचार्य डॉ. मनोज कटारिया के कुशल व सफल संचालन में आयोजित समारोह का शुभारंभ मुख्यअतिथि डॉ. हिमांशु शर्मा एवं प्राचार्य डॉ. राजकुमार त्यागी ने इलेक्ट्रो होम्योपैथी के जन्मदाता डॉ. काउंट सीजर मैटी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया।

जयन्ती समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. हिमांशु शर्मा ने डॉ. काउंट सीजर मैटी को महात्मा की संज्ञा देते हुए उनके सिद्धांतों को अपनाकर नि:स्वार्थ भाव से मानव सेवा करने का आह्वान किया। डॉ. ब्रजवीर सिंह ने डॉ. मैटी के बताए मार्ग पर चलकर जनमानस की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. पूनम शर्मा ने इलेक्ट्रो होम्योपैथी को हानि रहित, सस्ती एवं सुलभ चिकित्सा पद्धति बताते हुए कम से कम खर्च में गरीब व असहाय लोगों का इलाज करने का आह्वान किया। सीनियर चिकित्सक विजय पाल सिंह राजपूत ने चिकित्सा क्षेत्र में ईमानदारी एवं सेवाभाव से कार्य करने का आह्वान किया। प्राचार्य राजकुमार त्यागी ने अतिथियों सहित आगन्तुकों का आभार व्यक्त करते हुए इलेक्ट्रो होम्योपैथी को प्राचीन एवं संपूर्ण चिकित्सा पद्धति बताया। उन्होंने इस विश्वविख्यात चिकित्सा पद्धति के प्रचार-प्रसार पर जोर देते हुए कहा कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी के माध्यम से चिकित्सक मानव सेवा के लिए कटिबद्ध हैं।

उप प्राचार्य डॉ. मनोज कटारिया ने डॉ. काउंट सीजर मैटी को नमन करते हुए कहा कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी विशुद्ध रूप से हर्बल एवं स्वस्थ करने में पूर्ण सक्षम हैं और इसके प्रयोग द्वारा असाध्य रोग भी जड़ से समाप्त हो जाते हैं। उन्होंने इलेक्ट्रो होम्योपैथी को एक अद्वितीय पैथी बताते हुए चिकित्सा पद्धति के जन्मदाता डॉ. काउंट सीजर मैटी के जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला। डॉ. कटारिया ने कहा कि इटली निवासी डॉ. काउंट सीजर मैटी ने 1865 में इलेक्ट्रो होम्योपैथी का अविष्कार कर समाज को सदैव के लिए अपना ऋणी बना लिया हैं। कार्यक्रम में डॉ. राहुल चौधरी, डॉ. अनीसुद्दीन मंसूरी, डॉ. चमन भारद्वाज, डॉ. जबर सिंह, डॉ. सिद्धार्थ मुनि शर्मा, डॉ. सुभाष कुमार, डॉ. आनंद सिंह , डॉ. मौहम्मद अशरफ, डॉ. चन्द्रपाल सिंह, डॉ. त्रिलोक शर्मा, डॉ. मोहम्मद फारूक, डॉ. संचित अग्रवाल, डॉ. मौहम्मद यूसुफ, डॉ. सीएम शर्मा, डॉ. अतुल शर्मा, डॉ. पुष्पेन्द्र कुमार, डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. राकेश कुमार सैनी, डॉ. शेर सिंह, डॉ. अकील अहमद, सुहेल अख्तर बेग, अफजल हुसैन, कृष्णपाल सिंह चौहान, आकाश, मयंक, जयदीप, रोशन, विशाल, अक्षर गौड़, सोनू शर्मा, ममता रानी, सृष्टि, मनोज सैनी, कुलदीप, ओमप्रकाश एवं शशी किरण आदि मौजूद रहें।

## एक नजर

### बैडमिंटन प्रति. में दो भाइयों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**धामपुर।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत आयोजित सांसद विधायक खेल स्पर्धा में बैडमिंटन प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए गए। बिजनौर में आयोजित प्रतियोगिता में धामपुर के राजन कुमार ने प्रथम स्थान तथा साजन कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। इसके साथ ही सांसद खेल स्पर्धा के अंतर्गत आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता में भी दोनों भाइयों ने शानदार प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता 12 व 13 जनवरी को नेहरू स्टेडियम, जिला बिजनौर में आयोजित की गई थी, जिसमें राजन कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। राजन कुमार एवं साजन कुमार, दोनों सतीश कुमार के पुत्र हैं तथा ग्राम शेखपुरा भावड़ा के निवासी हैं। दोनों भाइयों की इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी का माहौल देखा गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर दोनों खिलाड़ियों को बिजनौर सांसद द्वारा सम्मानित किया गया। सांसद ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए इस प्रकार की खेल स्पर्धाएं बेहद महत्वपूर्ण हैं। क्षेत्रवासियों एवं खेल प्रेमियों ने दोनों भाइयों को उनकी सफलता पर बधाई दी है।

### एसआईआर के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम

**राजा का ताजपुर।** एसआईआर के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें भाजपा नेत्री ब्लाक प्रमुख आकांक्षा चौहान ने कहा कि सभी धर्मों के लोग एसआईआर फार्म भरवाने में बीएलओ की मदद करें। जिन लोगों के अभी तक वोट नहीं बनें है। उन लोगों के वोट बनवाने में एक दूसरे का सहयोग करें। उन्होंने कहा मतदान हमारा संविधानिक अधिकार है। युवा पीढ़ी और शिक्षित वर्ग को मतदान में आगे आने का आह्वान किया गया। ग्राम प्रधान फरहाना परवीन, पति अखिल भारतीय प्रधान संघ उपाध्यक्ष हाजी शमशाद फरीदी ने शॉल ओढ़ाकर गर्मजोशी से सम्मानित किया। इस मौके पर फरहाना परवीन, हाजी शमशाद फरीदी, हरि सिंह चौहान, नरेंद्र गोस्वामी, नाजमा परवीन, भगवान दास सैनी, धर्मेन्द्र कुमार, टिकेंद्र सिंह, ग्राम पंचायत सदस्य अफजाल फरीदी, सेकेट्री राजकुमार गुर्जर आदि मौजूद थे।

# विदेश भेजने के नाम पर 18 लाख की धोखाधड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** विदेश भेजने और ऑफिस में नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी का एक बड़ा मामला सामने आया है। नहटौर क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति पर आरोप है कि उसने अमेरिका भेजने के नाम पर 18 लाख रुपये हड़प लिए और युवक को धोखे से ग्रीस भेजकर वहां खेती के काम में लगवा दिया। पीड़ित ने अब पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।



प्राप्त समाचार के अनुसार थाना शिवाला कलां के ग्राम शेह निवासी तरुण कुमार पुत्र अनिल कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 11 मई 2025 को क्षेत्र के गांव निवासी युवक ने झांसा देते हुए वादा किया था कि वह उसे अमेरिका भेजेगा और वहां अपने भाई के ऑफिस में काम दिलाने के नाम पर उससे 18 लाख रुपये लिए थे, जिसमें उसने 10.20 लाख रुपये नकद और 7.80 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर किए थे।

पीड़ित का आरोप है कि आरोपी ने उसे अमेरिका भेजने के बजाय यूरोप के ग्रीस भेज दिया। वहां पहुंचने पर उसे किसी ऑफिस में काम नहीं मिला, बल्कि उससे जबरन खेतों में मजदूरी कराई जाने लगी। किसी तरह अपने खर्च पर तरुण वापस भारत लौटा। आरोप है कि जब उसने आरा.पी से अपने पैसे वापस मांगे, तो उसने टालमटोल शुरू कर दी। आरोप है कि पैसे का तकाजा करने पर आरोपी ने उसके साथ गाली-गलौज की और उसे जान से मारने की धमकी देते हुए झूठे मुकदमे में जेल भिजवाने की चेतावनी भी दी है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने और अपने पैसे वापस दिलाने की मांग की है।

### मैटी की जयंती विश्व इलैक्ट्रो होम्योपैथिक दिवस के रूप में मनाई

**नजीबाबाद।** इलैक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन बिजनौर के तत्वावधान में इलैक्ट्रो होम्योपैथी के आविष्कारक डॉक्टर काउंट सीजर मैटी की 217वीं जयंती समारोह विश्व इलैक्ट्रो होम्योपैथिक दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए इलैक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन के नेशनल कोऑर्डिनेटर डॉ. जुनैद अंसारी ने कहा कि वर्तमान चिकित्सा शास्त्रों में सबसे अच्छा चिकित्सा शास्त्र इलैक्ट्रो होम्पोपैथी है, इलैक्ट्रो होम्योपैथी से पुरानी बीमारियों को ठीक किया जा सकता है। चिकित्सक को गरीब वर्ग के व्यक्तियों का विनम्रता पूर्वक इलाज करना चाहिए।

### शाहरुख का शव घर पहुंचते ही मचा कोहराम

**कोतवाली देहात।** दस दिन पूर्व आबूधाबी में अकबराबाद निवासी शाहरुख की मौत हो गई थी। मंगलवार को शाहरुख का शव गांव में पहुंचा। परिजनों ने शाहरुख के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

ग्राम अकबराबाद निवासी मौहम्मद शाहरुख पुत्र सईद अहमद (25 वर्ष)की 3 दिसंबर को आबूधाबी में मौत हो गई थी। शाहरुख लगभग 4 महीने पहले नौकरी करने के लिए आबूधाबी गया था। इस संबंध में परिजन शाहरुख के शव को भारत लाने का प्रयास कर रहे थे। नजीबाबाद निवासी वसीम कुरैशी के सहयोग से शाहरुख का शव भारत लाया गया। शव गांव में पहुंचने पर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल रहा।दस दिन बाद मंगलवार को गांव में शाहरुख का दफीना किया गया। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### आसिफ फारुकी का इंतकाल

**राजा का ताजपुर।** मौहल्ला जमा मस्जिद निवासी मरहूम मास्टर मौहम्मद अली का पुत्र आसिफ फारुकी (35 वर्ष) का रात नौ बजे दिल्ली के एम्स अस्पताल में लम्बी बीमारी के कारण इंतकाल हो गया। आसिफ फारुकी कुछ दिन पहले चक्कर आने से अचानक जमीन पर गिर गया था। जमीन पर गिरने से उसके सिर में गंभीर चोटें आ गई। जिसको गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते हुए हाय सेंटर अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इंतकाल की खबर सुनकर परिवार में हड़कंप मच गया। परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। वह एक नेक दिल मिलनसार युवक था। खबर सुनकर सैकड़ों लोगों की भीड़ उनके निवास पर जमा हो गई। आसिफ फारुकी के जनाजे की नमाज जोहर की नमाज के बाद अदा की गई। उनकी जनाजे की नमाज में मौहम्मद फारुख, ग्राम पंचायत सदस्य सलाम मेम्बर, निजाम फारुकी, समाजसेवी मकसूद अहमद ठेकेदार, हाजी शमशाद फरीदी, नईम अहमद एड., डॉ. अनीस अहमद अंसारी, डॉ. नौशाद अहमद मतलूब अहमद आदि मौजूद थे।



**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी चांदपुर, जिला बिजनौर**

वाद सं. 2635/2025

**बल्लन बनाम मौ. राशिद**

धारा 116 यूपीआरसी

मौजा. महमूदपुर कस्बा

-**प्रतिवादी**

**बनाम**

1. मौ. राशिद पुत्र जमालुद्दीन, 2. नरगिस पत्नी राशिद, 3. महबूब आलम, 4. अयूब आलम, 5. मतलूब आलम पुत्रगण कल्लन, 6. मौ. आदिल, 7. मौ. शाकिर, 8. मौ. गालिब, 9. मौ. जाबिर पुत्रगण मौ. अफसर, 10. अशरफ जहां पत्नी मौ. अफसर, 11. इदरीसा खातून पत्नी मौ. ताहिर, 12. जन्नती उर्फ बन्नी पत्नी अ. सलाम निवासीगण मौहल्ला काजीजादगान, कस्बा चांदपुर, परगना व तहसील चांदपुर, जनपद बिजनौर, 13. तबस्सुम पुत्री अ. सलाम, 14. मौ. फैसल, 15. साकहल पुत्रगण अ. सलाम, 16. मसूदुल हसन, 17. सज्जन पुत्रगण मौ. बख्श, 18. आमना खातून पत्नी अ. करीम निवासीगण ग्राम पंचायत महमूदपुर, कस्बा, परगना व तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर

चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन पत्र दिया है कि अतएवं आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदक के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 19.01.2026 के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या समयक रूपेण अनुदष्टि अपने अधिवक्ता द्वारा उपसजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा।

नियत दिनांक 19.01.2026

**न्यायालय उपजिलाधिकारी**
**परगना मजिस्ट्रेट, चांदपुर**

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा -147 (2) यू.पी.म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **श्री अमित कुमार अग्रवाल पुत्र स्व. श्री सुरेश कुमार अग्रवाल मौहल्ला मजीदगंज** तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर में नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री रमेश चन्द** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु बजरिये रजिस्टर्ड वसीयतनामा व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति का उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: 43 मजीदगंज, नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय ग्राम पंचायत टूंगरी, विकास खण्ड जलीलपुर, बिजनौर**

पत्रांक-मीमो / पंचायत/मनरेगा/2025-2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

कार्यक्रम अधिकारी महोदय जलीलपुर के आदेशों के अनुपालन में ग्राम पंचायत टूंगरी में मनरेगा/ राज्यवित्त / केन्द्रवित्त योजना की धनराशि से निर्माण कराए जाने में प्रयुक्त होने वाली सामग्री टाईल्स, बालूरेत, ईंट, टाइल्स सीमेंट, कोरसैन्ड, सरिया, रोडी, डस्ट, पेंट, पुट्टी आदि की आपूर्ति वित्तीय वर्ष 2025-2026 में कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मो से निविदाएं दिनांक 22/01/2026 तक समय पूर्वाह्न 1 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जाएंगी। निविदादाता का व्यापार कर / आयकर में पंजीकरण होना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क देकर दिनांक 20/01/2026 तक प्राप्त किये जा सकतें हैं। सम्बंधित कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा की शर्तों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में पंचायत कार्यालय से की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान** **ग्राम पंचायत सचिव**

**आवश्यकता है**

**बीएससी**-भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित प्रत्येक में 01 पद सहायक आचार्य।

**बीए**-हिंदी, अंग्रेजी, गृह विज्ञान, भूगोल, शिक्षा शास्त्र, समाजशास्त्र, राजनीति शास्त्र, अर्थशास्त्र, इतिहास प्रत्येक में 01 पद सहायक आचार्य।

**बी. कॉम** - 01 पद सहायक आचार्य, **बी. एड** - समस्त विषय।

**प्रबंधक**-श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमरोहा से नूरपुर रोड फीना, बिजनौर।

**Phone- 9411229359, 9259216024**

# अवैध खनन के खिलाफ प्रदर्शन

## तहसील परिसर में भाकियू का धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** तहसील क्षेत्र में धड़ल्ले से चल रहे अवैध खनन को लेकर तहसील परिसर में उस वक्त उबाल पर आ गया, जब भारतीय किसान यूनियन के सैकड़ों किसान धरने पर बैठ गए। 'खनन माफिया बंद करो', 'किसानों का हक दो', 'तहसीलदार हाय-हाय' और 'तहसील प्रशासन मुर्दाबाद' जैसे गगनभेदी नारों से पूरा तहसील परिसर गूंज उठा। कुछ देर के लिए माहौल पूरी तरह तनावपूर्ण हो गया।



किसानों का आरोप था कि अवैध खनन से खेत, सड़कें और पर्यावरण बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं, लेकिन प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है। इसी नाराजगी में किसानों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरने की सूचना मिलते ही तहसील प्रशासन में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे तहसीलदार ने किसानों को आश्वासन दिया कि अब क्षेत्र में अवैध खनन किसी भी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा। साथ ही नजीबाबाद में चल रही अन्य अवैध गतिविधियों पर भी सख्त कार्रवाई होगी, जिसमें होटलों और संदिग्ध ठिकानों पर कार्रवाई शामिल है। आश्वासन के बाद किसानों ने धरना समाप्त कर दिया। धरने की अध्यक्षता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी रोहितास सिंह ने की, जबकि संचालन व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष रामोद कुमार ने किया। मंच से चेतावनी दी गई कि यदि दोबारा अवैध खनन शुरू हुआ, तो किसान बड़ा आंदोलन छेड़ेंगे।

धरने में मंडल प्रभारी दलबीर चौधरी, युवा प्रदेश अध्यक्ष अरुण चौधरी, तहसील अध्यक्ष नीरज चाहल, जिला प्रभारी शमशाद गुर्जर, गुड्डू, सिकंदर, विशाल चौधरी, राजकुमार फौजी, बरकत अली, महबूब अली, प्रमोद कुमार, सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे। अब सवाल यह है कि प्रशासन अपने वादों पर कितना अमल करता है या फिर अवैध खनन का खेल फिर शुरू होगा।

# ट्रैक्टर दुर्घटना में चालक की मौत







## अनियंत्रित होकर खाई में गिरे ट्रैक्टर में लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** ट्रैक्टर खरीदकर ला रहे एक युवक की हरेवली बैराज रोड पर अनियंत्रित होकर खाई में गिर जाने व ट्रैक्टर में आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तुरंत फायर बिग्रेड को बुलाकर ट्रैक्टर में लगी आग को बुझवाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम प्रेमपुरी निवासी हीरा सिंह (34 वर्ष) जनपद हापुड़ से महिंद्रा ट्रैक्टर खरीद कर ला रहे थे, जिसे वह स्वयं चला रहे थे। देर रात्रि हरेवली बैराज रोड पर ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा और ट्रैक्टर में आग लग गई, जिसमे हीरा सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही सीओ अफजलगढ़ व थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और तुरंत फायर ब्रिगेड को आग लगने की जानकारी देने पर कुछ देर बाद फायर बिग्रेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल हीरा सिंह को सीएचसी धामपुर भेजा। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं व्यक्ति की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

## हाईवे किनारे शव मिलने से सनसनी

**नजीबाबाद।** कोतवाली मार्ग पर ग्राम फजलपुर तबेला स्थित हाइवे के किनारे राहगीरों व आसपास के लोगों ने मृत अवस्था में एक व्यक्ति का शव पड़ा देखा, जिसके बाद आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई। लोगों ने इसकी सूचना थाना नजीबाबाद पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। मृतक की शिनाख्त जॉनीराम पुत्र बन्ते सिंह निवासी थाना शेरकोट के रूप में हुई।

इस संबंध में सीओ नितेश प्रताप सिंह ने बताया कि हाईवे पर सड़क किनारे शव मिला था, जिसमें मृतक व्यक्ति की मौत प्रथम दृष्टया सड़क दुर्घटना में हुई माना जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## एक नजर

### फादरसन में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम



**चांदपुर।** फादरसन पब्लिक स्कूल में प्रार्थना सभा के दौरान सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के महत्व और यातायात नियमों की जानकारी दी गई। साथ ही सभी छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय स्टाफ को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई। अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में सड़क पर सुरक्षित व्यवहार की समझ विकसित करना तथा दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जागरूक नागरिक तैयार करना है। कार्यक्रम के दौरान हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग, यातायात संकेतों का पालन, जेब्रा क्रॉसिंग का सही उपयोग, तेज गति से वाहन न चलाने और मोबाइल फोन का उपयोग न करने जैसे महत्वपूर्ण नियमों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। विद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करें और अपने परिवार व समाज को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें।

### प्रियंका गांधी वाड्रा का जन्मदिन मनाया



**स्योहारा।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं लोकसभा सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा का जन्मदिन कुरी हाउस में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा बड़े उत्साह जोश और संगठनात्मक एकजुटता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने केक काटकर प्रियंका गांधी वाड्रा को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के पूर्व प्रदेश महासचिव नासिर उर्फ आदिल चौधरी ने कहा कि प्रियंका गांधी ने हमेशा गरीबों, किसानों, मजदूरों, महिलाओं और युवाओं की आवाज को सड़क से संसद तक मजबूती से उठाया है। वह केवल एक नेता नहीं, बल्कि जनांदोलन की प्रतीक बन चुकी हैं। नासिर उर्फ आदिल चौधरी ने कहा कि वर्तमान समय में देश को प्रियंका गांधी वाड्रा जैसे निर्भीक ईमानदार और जनसरोकारों से जुड़े नेतृत्व की सबसे अधिक आवश्यकता है। इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता फहीम उर रहमान, आरटीआई विभाग के जिला चेयरमैन रिफाकत चौधरी, विश्वदीप शर्मा, अशोक चौधरी, जावेद अंसारी, प्रशांत कुमार, नजाकत चौधरी, अकील अंसारी, शिवम त्यागी तथा डॉ. यज्ञदत्त गौड आदि मौजूद रहे।

## हंगामा लोक सामाजिक, साहित्य समिति ने युवाओं को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** हंगामा लोक सामाजिक, साहित्य समिति द्वारा युवा दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के अध्यक्ष सौरव मालपानी द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक डॉ. जितेन्द्र कौशिक व संस्था की संस्थापिका राखी कौशिक, उपासना कौशिक द्वारा संस्था के युवा रत्न सुगम जैन, सौरभ मालपानी, ऋषभ मित्तल, नवनीत धनौरिया, रवि चौहान आदि को युवा रत्न सम्मान से सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुगम जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सार्थक रस्तौगी व लक्ष्य सैनी की सुंदर प्रस्तुति सुंदर गीत जिनके ओजस्वी वचनों से गूंज उठा था विश्व गगन से सभी युवाओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम में अंत में सुगम जैन द्वारा स्वामी विवे. कानंद जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला गया।

## चयन वेतनमान न मिलने से आक्रोश

### शिक्षकों का खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** विकास खंड के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का चयन वेतनमान कई माह से लंबित रहने को लेकर शिक्षकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इसी को लेकर मंगलवार को उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय धामपुर पर धरना-प्रदर्शन किया।

धरने को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष नवनीत चौहान ने आरोप लगाया कि धामपुर ब्लॉक में तैनात वरिष्ठ लिपिक की मनमानी और लापरवाही के कारण शिक्षकों का चयन वेतनमान अब तक नहीं लग पाया है। उन्होंने कहा कि चयन वेतनमान से संबंधित फाइलें खंड शिक्षा अधिकारी एवं वरिष्ठ लिपिक द्वारा बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, बिजनौर को प्रेषित नहीं की गई, जबकि जनपद के अन्य ब्लॉकों के शिक्षकों का चयन वेतनमान पहले ही स्वीकृत हो चुका है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि ब्लॉक संसाधन केंद्र पर बिना सुविधा कोई भी कार्य नहीं होता, जिससे शिक्षक लगातार परेशान हैं। उन्होंने कहा अगर धामपुर ब्लॉक के शिक्षकों का चयन वेतनमान नहीं लगाया गया तो संघ जिला कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन कर जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करेगा। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र समस्या के समाधान की अपील की।

इस दौरान अमित कुमार, अवनीश कुमार, संजय सिसोदिया, जागेश कुमार, विकास राणा, प्रमोद कुमार, ममता, हेमंत, निर्देश, शालू, दीपारीक्षा, दीपक कुमार, रामराज सिंह उपस्थित रहे।

## पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास से मनाई लोहड़ी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पब्लिक स्कूल में लोहड़ी पर्व बड़े हर्षोल्लास एवं सांस्कृतिक भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती बबीता गुप्ता द्वारा अग्नि में रेवड़ीयां और मुंगफलियां डालकर किया गया।

इस अवसर पर शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय परिसर में प्रतीकात्मक लोहड़ी अग्नि प्रज्वलित की गई। जिसके चारों ओर सभी ने मूंगफली, रेवड़ी एवं पॉपकॉर्न अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। विद्यार्थियों ने लोहड़ी पर्व के महत्व पर अपने विचार साझा किए तथा छोटी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं, जिससे सभी में भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ी।

इस अवसर पर शुभारंभम स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती बबीता गुप्ता ने अपने संदेश में कहा कि लोहड़ी हमें प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, परिश्रम के महत्व और आपसी एकता का संदेश देती है। ऐसे पर्व विद्यार्थियों में सांस्कृतिक मूल्यों और सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी को पारंपरिक लोहड़ी प्रसाद वितरित किया गया।

विद्यालय प्रबंधन ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के सहयोग की सराहना की।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकगण कंचन, रवीता, हिमानी, वंदना, पुलकित, मोतिन, पंकज कुमार, दीपक कुमार, सविता, हिमानी कौशिक, कुसुम, यशिका, अंशु पाल, दिव्या, रीना, प्रिया, आंचल, नसीरीना, ईशा, लक्षिका, अंजु, लक्ष्मी, तरन्नुम एवं सुरभी का विशेष योगदान रहा।

## 20 साल जेल में रहेगा दुष्कर्मी जगराम

**बिजनौर।** बिजनौर के एक कॉलेज के पास उधार के 20 हजार रुपए लौटाने के बहाने ले जाकर महिला से गैंगरेप करने के मामले में एफटीसी प्रथम के अपर जिला जज अशोक भारतेन्दु ने शिवाला कलां क्षेत्र के जगराम सिंह को दोषी पाकर 20 साल की कठोर सजा का फैसला सुनाया। दोषी पर दस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। एडीजीसी मुकुल कुमार सिंह ने बताया कि शिवालाकलां थाना क्षेत्र की एक महिला ने अदालत के माध्यम से रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया था कि वह जगराम सिंह पुत्र चंद्रपाल सिंह पीड़िता के पति ने घटना से छह माह पहले 20 हजार रुपए उधार लिए थे। उसके पति द्वारा उधार दिए गए पैसे मांगने पर आरोपी ने पैसे देने से मना कर दिया और उसके साथ गाली-गलौच कर मारपीट की। जिसकी शिकायत महिला ने शिवाला कलां थाने पर की थी। कोई कार्यवाही नहीं होने पर 26 सितम्बर 2014 को महिला एसपी बिजनौर के पास शिकायत करने जा रही थी। आरोपी व उसके अन्य साथियों ने महिला को बस स्टैंड बिजनौर पर रोककर 20 हजार रुपए देने का भरोसा दिलाकर उसे मारूति वैन में बैठा लिया। आरोपी, महिला को बिजनौर के एक कॉलेज के पास सुनसान जंगल में ले गए, जहां जगराम सिंह व उसके तीनों साथियों ने उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। बदहवासी की हालत में महिला को जंगल में छोड़कर चले गए। अदालत ने जगराम सिंह को दोषी पाते हुए 20 वर्ष की कठोर सजा का फरमान सुनाया।

### स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई




**चांदपुर।** श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय फीना में राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कॉलेज प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार सहित समस्त स्टाफ ने स्वामी जी के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किए। कॉलेज निदेशक ठाकुर आकाश शास्त्री ने स्वयंसेवी छात्रों से स्वामी विवेकानंद जैसे महापुरुषों के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का संपूर्ण जीवन समाज के लिए प्रेरणाप्रद रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी दलीप कुमार ने कहा कि युवा अपने नैतिक मूल्यों का संरक्षण करें। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डा. अशोक कुमार शर्मा ने स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा पर शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि आजकल कुछ युवा दिग्भ्रमित होकर सड़कों पर अनेक तरह के स्टंट कर रहे हैं। स्वयंसेवी छात्र ऐसे युवाओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि युवा ही राष्ट्र की रीढ़ है। बिना युवाओं के कोई भी राष्ट्र उन्नति नहीं कर सकता। इस मौके पर कॉलेज प्रबंधक अशोक कुमार शास्त्री, कॉलेज निदेशक ठाकुर आकाश शास्त्री, एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दलीप कुमार, डॉ. शिवाली राजपूत, डॉ, आरपी सिंह, विवेक कुमार, प्रदीप राजपूत आदि उपस्थित रहे।

### जनगणना को सफल बनाना सुनिश्चित करें



**बिजनौर।** जनगणना प्रभारी जयप्रकाश यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनगणना 2027 के सफल एवं सुचारु रूप से सम्पन्न करने के संबंध में बैठक आयोजित हुई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनगणना कार्य को भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार समयबद्ध, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि तहसील स्तर पर जनगणना सेल की स्थापना करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि तहसील स्तर पर टीमों का गठन करें तथा टीम में एक टेक्निकल सदस्य को अनिवार्य रूप से शामिल करें, जिससे कि डाटा फीडिंग के कार्य में कोई दिक्कत न होने पाए। उन्होंने नागरिकों से समन्वय बनाए रखना, सही एवं पूर्ण जानकारी का संकलन करना तथा डिजिटल माध्यमों का प्रभावी उपयोग करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने जनगणना रजिस्टर को भी मेंटेन रखें। बैठक के दौरान जनगणना प्रभारी ने जनगणना 2027 की तैयारियों, कार्ययोजना, मानव संसाधन की उपलब्धता, प्रशिक्षण व्यवस्था, तकनीकी सहयोग तथा फील्ड स्तर पर किए जाने वाले कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही जनगणना से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या के त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को सजग रहने के निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए जनगणना 2027 को सफल बनाना सुनिश्चित करें।

### विवेकानंद जयंती पर युवा संगोष्ठी

**स्योहारा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् मेरठ प्रांत की जिला धामपुर इकाई स्योहारा द्वारा डीएवी इंटर कॉलेज परिसर में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर एक भव्य युवा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, आत्मविश्वास, अनुशासन एवं चरित्र निर्माण की भावना को जागृत करना रह।। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विनीत देवरा एवं कुलदीप कुमार उपस्थित रहे। वहीं कॉलेज प्रबंधक गजेन्द्र पाल सिंह की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। संगोष्ठी में जिला संयोजक धामपुर अनुज राजपूत, तहसील संयोजक शानू शेख, नगर मंत्री लक्षित राठी सहित एबीवीपी के अनेक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम के संयोजक एवं तहसील संयोजक शानू शेख ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं को राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति मानते थे। उन्होंने युवाओं को आत्मनिर्भर, निडर एवं समाजहित में कार्य करने की प्रेरणा दी। शानू शेख ने कहा कि आज का युवा यदि स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को अपने जीवन में उतार ले तो राष्ट्र को मजबूत और आत्मनिर्भर बनने से कोई नहीं रोक सकता।

## एक नजर

### नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**चांदपुर।** भारत की कम्युनिष्ट पार्टी मार्क्सवादी व किसान सभा ब्रांच चांदपुर कार्यकर्ताओं ने देश में बढ़ती मंहगाई सहित अपनी कई अन्य महत्वपूर्ण मांगों के समर्थन में एक मांग पत्र राष्ट्रपति के नाम नायब तहस. ीलदार को सौंपा। भाकपा व किसान सभा कार्यकर्ताओं ने मांग पत्र के माध्यम से कहा कि बंगलादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं की हत्या व भारतीय किसानों की समस्याओं को भारत सरकार अनदेखी कर रही है। साथ ही कहा गया कि अमेरिका द्वारा वेनेजुएला के राष्ट्रपति व उनकी पत्नी का अपहरण किया गया है, उसमें शीघ्र ही हस्तक्षेप किया जाने और उन्हें तुरंत रिहा करने सहित कई अन्य समस्याओं के समाधान की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार स्वामी नाथन आयोग की रिपोर्ट को लागू करे और किसान की आयु 60 वर्ष होने पर उसे पांच हजार रू. प्रति माह पेंशन दी जाये। नलकूपों के मीटर पर अपनी बात रखते हुए किसान नेता दयाराम सिंह, मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से कहा कि नलकूपों पर मीटर नहीं लगाये जाये और आम उपभोक्ताओं पर विद्युत दर न बढ़ाई जाये। नायब तहसीलदार को सौंपे गये मांग पत्र पर तुलाराम सिंह, दयाराम सिंह, हरपाल सिंह, मांगेराम सिंह, बाबू सिंह, अमित कुतार, कृष्ण कुमार, रवेन्द्र त्यागी, कालू टिकैत, अमर सिंह आदि सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। इससे पहले बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता का. अमर सिंह ने की जबकि संचालन बाबू सिंह ने किया।

### केक काटकर मनाया जन्मदिन



**नजीबाबाद।** नगर कांग्रेस कमेटी नजीबाबाद की ओर से हरिद्वार रोड स्थित एक प्रतिष्ठान पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद श्रीमती प्रियंका गांधी का जन्मदिन केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने प्रियंका गांधी की लम्बी आयु की कामना की। नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी ने कहा प्रियंका गांधी एक महान विद्वान महिला नेता के रूप में देश को मिली है, जो हर मुद्दे पर सरकार से आंख में आंख डालकर सवाल करती है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी, नगर महासचिव नदीम फारूकी, मंडल अध्यक्ष सिताब खान, वार्ड अध्यक्ष मौहम्मद मुशर्रफ, मौहम्मद आसिफ, डॉ. इकबाल खान, डॉ. सलीम सैफी, हसीब अहमद, परवेज अली, वसीम आदि मौजूद रहे।

## टीका उत्सव कार्यक्रम की समीक्षा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डब्ल्यूएचओ एसएमओ डॉ. जयनारायण सिंह की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय साप्ताहिक रिव्यू बीडब्ल्यूआर एवं डेटा वैलिडेशन बैठक आयोजित की गई।

बैठक में टीका उत्सव कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए बताया गया कि इसकी अवधि 31 जनवरी तक बढ़ा दी गई है। डॉ. जयनारायण सिंह ने निर्देश दिए कि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे और जीरो डोजर बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जाए। सभी आशा कार्यकर्ताओं को सर्वे व डयू लिस्ट समय से अपडेट करने के निर्देश दिए गए अन्यथा विभागीय कार्रवाई की चेतावनी दी गई। ईंट भट्टों, क्रेशर व कोल्हुओं पर आए परिवारों की लाइन लिस्ट तत्काल जमा कराने को कहा गया, जिससे गर्भवती महिलाओं और बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण हो सके।

बैठक में बताया गया कि सहसपुर सहित कुछ क्षेत्रों में खसरा के मामले सामने आए हैं। खसरा सर्विलांस को मजबूत करने और दोनों खुराक का टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। टीका उत्सव के तहत प्रत्येक बुधवार व शनिवार को एएनएम को प्रात: 9 बजे तक सत्र स्थलों पर पहुंचकर टीकाकरण एवं अन्य सेवाएं उपलब्ध कराने को कहा गया।

जेएसआईआई जिला समन्वयक अमित कुमार ने सहसपुर, जमालपुर, देहरा बुलंदी अफगान, मोहल्ला रैनी, मंडोरी और मंसूर सराय मौहल्लों में शत-प्रतिशत टीकाकरण कराने पर जोर दिया।

सीएचसी अधीक्षक डॉ. बी.के स्नेही ने बताया कि स्योहारा ब्लॉक में रिपोर्टिंग के अनुसार टीकाकरण कवरेज 97 प्रतिशत है जबकि डब्ल्यूएचओ मॉनिटरिंग में यह 84 प्रतिशत है। शेष लाभार्थियों तक पहुंचने के लिए बीआरटी टीम को भी सक्रिय किया जा रहा है। बैठक में डॉ. राकेश कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संगम में डुबकी लगाने से व्यक्ति की आध्यात्मिक शुद्धि होती है : शास्त्री

**नजीबाबाद।** नगर के गीता भवन मंदिर में माघ मास में चल रही माघ महात्म्य गौ कथा में कथावाचक पंडित भोला शंकर शास्त्री ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माघ मास में संगम में डुबकी लगाने से व्यक्ति की आध्यात्मिक शुद्धि होती है, नकारात्मकता का अंत होता है। कथा में उन्होंने पृथ्वी द्वारा गाय रूप में श्री कृष्ण को पुकाने की कथा सुनाई। कथा के दौरान कथावाचक पंडित भोले शंकर शास्त्री ने गौ माता की सेवा के महत्व पर जोर दिया। आरती के बाद सभी को प्रसाद वितरण किया गया। कथा में नीरा भारद्वाज, राखी प्रजापति, रजनी, नीलम हांडा, लक्ष्मी, सृष्टि, प्रिया, नंदनी, किरन, सुनैना, कर्ण प्रिया, कन्नू, अंजलि, पीहु, दर्शिका, अंशु, पूर्वी, पायल, शालू, भाग्या, कनक धारा, सोनिया आदि मौजूद रहे।

## हुमा वारसी का जलवा म्यूजिक इंडस्ट्री में छाया

### पैनोरमा म्यूजिक पर भव्य लॉन्चिंग, वारसी परिवार का बढ़ा मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर की प्रतिभा और वारसी परिवार की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए प्रोडयूसर हुमा वारसी द्वारा निर्मित म्यूजिक वीडियो जलवा ने रिलीज होते ही दर्शकों के दिलों में खास जगह बना ली है। पैनोरमा म्यूजिक के बैनर तले रिलीज हुए इस धमाकेदार गाने की भव्य लॉन्चिंग मुरादाबाद में आयोजित की गई, जिसमें फिल्म मीडिया और सामाजिक जगत से जुड़ी कई नामचीन हस्तियों ने शिरकत की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्योहारा नगर पालिका चेयरमैन फैसल वारसी की बहन और प्रोडयूसर हुमा वारसी का बहुप्रतीक्षित म्यूजिक वीडियो जलवा पैनोरमा म्यूजिक पर आधिकारिक रूप से रिलीज कर दिया गया। इस खास मौके पर मुरादाबाद के बुद्धि विहार स्थित होटल हाइप में एक भव्य लॉन्चिंग पार्टी का आयोजन किया गया, जहां वीडियो की स्पेशल स्क्रीनिंग बड़ी एलईडी स्क्रीन पर दिखाई गई। लॉन्च कार्यक्रम के दौरान मौजूद दर्शकों और मेहमानों ने वीडियो की प्रस्तुति, संगीत और कोरियोग्राफी की जमकर सराहना की।

प्रेस वार्ता में हुमा वारसी ने बताया कि जलवा को दर्शकों के टेस्ट को ध्यान में रखते हुए भव्य स्तर पर तैयार किया गया है और टीम की मेहनत साफ तौर पर स्क्रीन पर दिखाई देती है। म्यूजिक वीडियो की स्टार कास्ट में सोशल मीडिया पर लोकप्रिय वसीम अहमद, राउंड टू हेल फेम सना सुल्तान अला गर्ल और जाने माने बॉलीवुड अभिनेता अली खान शामिल हैं। वीडियो का निर्देशन शाहनवाज बख्श ने किया है जबकि प्रोडक्शन की जिम्मेदारी हुमा वारसी फैसल वारसी और वकार वारसी ने संयुक्त रूप से निभाई है। गाने को अपनी सुरीली आवाज से सजाया है मशहूर बॉलीवुड सिंगर जावेद अली और गुल सक्सेना ने।

वहीं शानदार डांस स्टेप्स की कोरियोग्राफी इमरान माल गुलकार द्वारा की गई है। सोशल मीडिया और डिजिटल प्रमोशन की कमान उमर त्यागी, फाउंडर त्यागी मीडिया DMA ने संभाली है।

लॉन्चिंग कार्यक्रम में प्रोडयूसर हुमा वारसी, डायरेक्टर शाहनवाज बख्श, उमर त्यागी, शोएब अंसारी, हाजी सरफराज, चौधरी हुसैन अहमद, तानिया सैफी, आमिर केडी बॉयज राउंड टू हेल टीम सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग और म्यूजिक प्रेमी मौजूद रहे।

# तालाब की भूमि पर बने 22 मकान किए चिन्हित

## भारी पुलिस बल की मौजूदगी में राजस्व टीम ने पुनः की पैमाइश

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** कुआ और पोखर खोजो अभियान से निपटे प्रशासन और राजस्व विभाग की टीम तालाब पर किए गए अवैध कब्ज़ा मुक्त कराने में तेजी कर दी है। सरकारी तालाब की बरसों पूर्व कब्ज़ायी गई भूमि को कब्ज़ा मुक्त कराने के लिए कई दिनों से कार्रवाई में जुटी राजस्व विभाग की टीम ने हयातनगर थाना क्षेत्र के सरायतरीन में दोबारा पैमाईश कर तालाब कब्ज़ाकर मकान निर्माण को चिन्हित किया। इस दौरान कई थानों की फोर्स भी मौजूद रही। हयात नगर थाना क्षेत्र के के वाजिदपुर सराय में सरकारी तालाब की भूमि को लेकर प्रशासन ने फिर सख्त रुख अपनाया है। गुरुवार को राजस्व विभाग के नक्शे के आधार पर करीब दो घंटे तक पांच बीघा भूमि की नापजोख की थी। अधिकारियों के अनुसार गाटा संख्या 332 में दर्ज यह भूमि राजस्व अभिलेखों में तालाब के रूप में दर्ज है। सीमांकन के दौरान इस भूमि पर बने करीब 40 मकानों को चिह्नित किया गया था लेकिन पैमाईश का कार्य पूरा नहीं हो पाया था। मंगलवार को नायब तहसीलदार दीपक कुमार जुरैल के नेतृत्व में पहुंची लगभग 25 सदस्य की टीम ने मौके पर पहुंचकर पैमाइश का कार्य शुरू किया। इस दौरान किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहा। राजस्व विभाग की टीम ने अभिलेखों के अनुसार भूमि की सीमाएं चिन्हित करते हुए माप की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया। जबकि स्थानीय लोगों में प्रशासनिक कार्रवाई पर चिंता और नाराजगी जतायी। स्थानीय लोगों का कहना है कि वे पिछले लगभग 60 वर्षों से यहां रह रहे हैं और उनके पास अपने-अपने कागजात भी मौजूद हैं। मौके पर मौजूद अधिकारियों को दस्तावेज दिखाते हुए दावा किया कि यह भूमि लंबे समय से आवासीय उपयोग में है। प्रशासन का कहना है कि पूरी कार्रवाई राजस्व अभिलेखों और सरकारी नक्शों के आधार पर की जा रही है। सभी पक्षों के दस्तावेजों की जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। फिलहाल पैमाइश का कार्य जारी है और स्थिति पर प्रशासन व पुलिस की कड़ी नजर बनी हुई है। पूर्ण पैमाईश के बाद तालाब की पांच बीघा जमीन पर 22 मकान मिले है। अब उन पर धारा 67 की कार्यवाही की जाएगी।



सम्भल। उप नगरी सराय तरीन में तालाब की भूमि पर बने मकानों के चिन्हीकरण को नापजोख करती टीम।

# तेज़ गति ई-रिक्शा ने तोड़ा रेलवे क्रासिंग का बूम

**▸▸ गनीमत रही कि मालगाड़ी के फाटक के पहुंचने से पूर्व हुआ हादसा**

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** नगर के अनूपशहर रोड स्थित रेलवे फाटक संख्या 58-बी पर एक बेकाबू हुई ई-रिक्शा ने टक्कर मारकर फाटक का बूम तोड़ दिया। जिससे बूम दो हिस्सों में बंट गया। हादसा दोपहर करीब 12:10 बजे हुई। मालगाड़ी के गुजरने से पहले रेलवे फाटक बंद किया जा रहा था। इसी दौरान अनूपशहर की ओर जा रहे एक तेज गति के ई-रिक्शा ने बूम में टक्कर मार दी। गनीमत रही कि उस दौरान मालगाड़ी फाटक तक नहीं पहुंची थी, अन्यथा ई-रिक्शा मालगाड़ी की चपेट में आ सकती थी। हादसे के बाद काफी देर तक जाम की समस्या बन गई। लोगों की भीड़ जुटने पर हंगामे जैसे आसार बन गए। बबराला रेलवे स्टेशन मास्टर बीपी मीणा ने बताया कि दिन में 58 बी गेट पर एक ई-रिक्शा वाले की ओवर स्पीड के चलते बूम घूम टूट गया और दो टुकड़ों में बंट गया था। जिससे रेलवे को क्षति पहुंची है। इस मामले में ई-रिक्शा को कब्जे में लेंकर चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

## ई-रिक्शा कब्जे में लेकर दर्ज कराई गई रेलवे की और से प्राथमिकी

## भैंस चोर किए गिरफ्तार

**सम्भल।** थाना पुलिस ने कुछ दिन पहले हुई भैंस चोरी का खुलासा करते हुए दो को गिरफ्तार किया। एएसपी अनुकृति शर्मा ने बताया कि बबराला पुलिस ने एनएच 509 के नूरपुर तिराहे से पिकअप गाड़ी व नगदी के साथ दो चोरों को गिरफ्तार किया।जिनमें नीरज पुत्र कृपाल थाना रजपुरा चरन सिंह पुत्र देवेन्द्र सिंह थाना केला देवी हैं।

# तो कैसे हो गए नक्शे पास

**▸▸ जिम्मेदारों पर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही तय**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** तालाब और सरकारी भूमियों को बरसों पूर्व कब्ज़ाकर मकान व अन्य निर्माण करना जहां गैर कानूनी है वहीं इन भूमियों पर नक्शे कैसे और किन हालात में पास किए गए इसे लेकर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। जबकि उन पर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही इसे लेकर निष्पक्ष कार्रवाई पर सवालिया निशान लगना स्वभाविक है।

अब तक काफी बीघा भूमि पर बने मकानों पर बुल्डोजर जस्टिस से ध्वस्त कराकर बेघर कर दिया गया है। जबकि साल दो साल से नहीं पचासों सालों से सरकार भूमि पर मकान बनाकर लोग रहते चले आ रहे है। प्रशासन के अनुसार ऐंसे लोगों भूमि को कब्ज़ाकर उन पर मकानों व अन्य निर्माण कार्य किया है। अब जब प्रशासन सारकारी भूमि को कब्ज़ा मुक्त कराने के लिए बुल्डोजर कार्रवाई करने पहुंच रहा है तो उनके नक्शे पास मिल रहे है। बस यहीं से यह सवाल पैदा होता है कि जब भूमि सरकारी अथवा तालाब की तो फिर उस पर नक्शे कैसे पास कर दिए गए? ऐंसा भी नहीं है कि बिना अभिलेखों और मौके की जांच नहीं ही जाती है यदि जांच कर और अभिलेख लेकर नक्शे पास किए गए है तो फिर अब वह अवैध कैसे हो गये। जब अवैध हैं ओर उनके नक्शे पास किए गए तो उन पर भी कार्रवाई तय किया जाना जरूरी है।

# नगर पालिका ने सरकारी भूमि पर निजि मकानों का कैसे किया कार निर्धारण

**▸▸ बिना जांचे परखे हाउस टैक्स में दर्ज कर दिए नाम**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** शहर में किसी भी मकान दुकान अथवा प्रतिष्ठान पर हाउस टैक्स निर्धारित किया जाता है तो उससे पूर्व उस मकान दुकान अथवा भूमि की जांच करके ही लम्बाई और चौड़ाई के आधार पर टैक्स लगाया जाता है। हयात नगर थाना क्षेत्र के वाजिदपुर सराय में 22 मकानों को तालाब की भूमि पर बने होने के दावे के साथ पैमाईश करने पहुंची राजस्व विभाग की टीम को वहां रह रहे लोगों ने नक्शों के अलावा बैनामे और हाउस टैक्स आदि जमा करने की जानकारी देने के साथ रसीदें दिखायीी तो अधिकारियों ने उसे अंदेख कर दिया,लेकिन जब भूमि तालाब की थी तो फिर उन पर बने मकानों पर हाउस टैक्स कैसे निर्धारण कर दिया गया? और पालिका प्रशासन कैसे अंजान रहा कि यह तालाब की भूमि नहीं बल्कि लोगों की अपनी जमीन है उन पर हाउस टैक्स का निर्धारण कर दिया गया। ऐंसा भी नहीं माना जा सकता कि नगर पालिका परिषद के पास इसका कोई रिकार्ड नहीं हो जबकि सम्पत्ति रजिस्टर्ड में कुंआ और तालाब व पोखरों के अलावा कहां पालका की कितनी सम्पत्ति है उसका सब रिकार्ड दर्ज है। इतना ही नहीं जब कोई हाउस टैक्स रिकार्ड में अपना नाम इंद्राज कराने जाता है तो बाल से भी अधिक बारीकी देखकर ही हाउस टैक्स में नाम दर्ज किया जाता है। इसके अलावा समय-समय पर मकानों और दुकानों का हाउस टैक्स में बढ़ोत्तरी के लिए डोर-टू-डोर सर्व किया जाता है।



सम्भल। कलेक्ट्रेट सभागार में एआईआरओ को प्रशिक्षण के दौरान सम्बोधित करते जिलाधिकारी।

# नौ मैपिंग श्रेणी के मतदाताओं को जारी होंगे नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** एसआईआर का कार्य पूरा होने के बाद नौ मैपिंग वाले मतदाताओं को नोटिस निंगत कर किए जायेंगे। इसे लेकर एईआरओ को प्रशिक्षण दिया गया।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रशिक्षण में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने ए.ई.आर.ओ. एवं अतिरिक्त ए.ई.आर.ओ. को गणना प्रपत्र की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं द्वारा गणना प्रपत्र में अपना स्वयं का वर्ष 2003 का विवरण भरा है, वे सभी मार्कट एस सैल्फ श्रेणी के है। जिन मतदाताओं द्वारा गणना प्रपत्र में अपने संबंधी पिता, माता, दादा, दादी का वर्ष 2003 का विवरण भरा है, वे सभी मार्कड एस प्रोगेंसी श्रेणी के हैं तथा जिन मतदाताओं द्वारा अपना स्वयं का अथवा अपने संबंधी का वर्ष 2003 का विवरण नहीं भरा है, वे सभी नौ मैर्पिंग की श्रेणी के रहेंगे। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नौ मैपिंग की श्रेणी वाले मतदाताओं को ही सभी एईआरओ एवं अतिरिक्त एईआरओ द्वारा नोटिस निर्गत की जायेगी। प्रशिक्षित किए गए एआईआरओ सभी नोटिस ई.सी.आई. नेट पर संबंधित ए.ई.आर.ओ. इनका प्रिन्ट निकालकर संबंधित बूथों के बीएलओ मतदाताओं को तामिल कराये जायेंगे।




बबराला। डीएवी के राष्ट्रीय खेलों में डीएवी बबराला के पदक लेकर आए बच्चे।

# लोहड़ी पर्व पर थिरके नवविवाहित जोड़े

**श्रद्धा**

**○पंजाबी व सिक्ख समुदाय ने की पूजा**

**○देर सांय तक लोहड़ी पर्व की रही धूम**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** लोहड़ी पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। सिक्ख व पंजाबी समुदाय के लोगो ने पूजा अर्चना कर प्रसाद का वितरण किया। जबकि देर सांय नवयुवक, नव विवाहिताएं भांगड़े और ढोल की थापों पर थिरके।

लोहणी का त्यौहार शरद ऋतु के बदलाव के लिए भी कहा जाता है। पंजाब हरियाणा में खेतों में फसल पक जाती है तथा हर ओर हरियाली ही नज़र आने लगती है। इसी से उत्साहित होकर नाचते गाते हैं। हर वर्ष इसी उमंग ओर उत्साह से परिपूर्ण सिक्ख व पंजाबी समुदाय के लोगो में दिखायी दिया। नव दम्पत्ति ओर नन्हे मेहमान आने वाले घरो में लोहड़ी पर्व पर खास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उत्साह से झूमे नव युवकों ने भांगड़ा,डाल नगाड़ों पर नाच गाने के जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किए। नव विवाहित जोड़ों और नन्हे मेहमानों के आने वाले घरों में लोहड़ी सजाकर ढोल नगाड़ों और भांगड़े की थाप पर जमकर नाचे, झूमे गाए। देर रात तक पंजाबी व सिक्ख समुदाय के घरों पर उत्साह का माहौल रहा। सनातन धर्म पंजाबी मंदिर लोहड़ी पर्व पर कार्यक्रम आयोजित कर धूमधाम से मनाई, जबकि नन्हे महमान की पहली लोहड़ी पर संकीर्तन किया ओर परिवारों को बधाईयां देकर तिल व मूंगफली का भोग लगाया। देर रात तक लोहड़ी का पर्व मनाया जाता रहा। एक दूसरे नये जोड़े के घरों पर पहुंचकर बधाइयों का सिलसिला भी जारी रहा।

## पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में अधिकारियों की सराहना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त योजना की समीक्षा बैठक में अधिकारियों की सराहना की गई। जबकि इसका अधिक से अधिक प्रचार करने के निर्देश भी दिए गए।

कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट की अध्यक्षता में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बारे में जानकारी ली। जिसकी प्रगति रिपोर्ट सही पाये जाने पर मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों की भूरी-भूरी प्रशंसा की मुख्य विकास अधिकारी ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर निर्देशित करते हुए कहा कि इस योजना का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाए यह शासन की प्रमुख फ्लैगशिप योजनाओं में से एक है। इस मौके पर एलडीएम ललित कुमार राय एवं बैंकों के जिला समन्वयक एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नोएडा में गूंजा डीएवी बबराला का नाम

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** डीएवी प्रबंधन समिति द्वारा आयोजित राष्ट्रीय बालिका खेल प्रतियोगिताओं में डीएवी फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल, बबराला की छात्राओं ने प्रशंसनीय प्रदर्शन करते हुए विद्यालय, जनपद एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। इन प्रतियोगिताओं का आयोजन नोएडा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स एवं चिल्ला स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में किया गया, जिसमें विद्यालय की कुल 52 छात्राओं ने सहभागिता की।

इन प्रतियोगिताओं के दौरान अंडर-19 फुटबॉल टीम ने उत्कृष्ट खेल का परिचय देते हुए 7 रजत पदक, अंडर-14 फुटबॉल टीम ने 11 रजत पदक, अंडर-19 नेटबॉल टीम ने 7 रजत पदक तथा अंडर-14 नेटबॉल टीम ने 8 रजत पदक अर्जित किए। इस प्रकार विद्यालय की बालिकाओं ने कुल 33 रजत पदक प्राप्त कर अपनी खेल प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं का उद्घाटन डीएवी प्रबंधन समिति के निदेशक वी. सिंह द्वारा किया गया। वहीं समापन समारोह में नोएडा के डीसीपी एवं एडीसीपी, जो कि पूर्व भारतीय बास्केटबॉल टीम के खिलाड़ी रह चुके हैं, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया। उल्लेखनीय है कि नोएडा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित प्रतियोगिताओं के प्रमुख प्रभारी के रूप में विद्यालय के प्रधानाचार्य आनन्द स्वरूप सारस्वत ने सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य आनन्द स्वरूप सारस्वत ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनकी निरंतर मेहनत, अनुशासन एवं प्रशिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है। वहीं विद्यालय के चेयरमैन एवं यारा फर्टिलाइजर कंपनी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एम. एस. प्रसाद ने अपने संदेश में कहा कि ऐसे राष्ट्रीय खेल आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और खेल भावना का निर्माण करते हैं। विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागी एवं पदक विजेता छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की है।

**○श्रीशिव पुराण कथा में भक्तों को कराया कथा के महत्व का श्रवण**

## बेसहारा गोवंशों को मिलेगा स्थायी आश्रय

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** नगर पंचायत गुन्नौर क्षेत्र के बेसहारा पशुओं के लिए बड़ी राहत के रूप में आधुनिक कान्हा गौशाला का लोकार्पण आज किया जायेगा।

गुन्नौर चेयरमैन खुशबू प्रजापति ने बताया कि करीब दस बीघा भूमि पर 1.65 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस आधुनिक गौशाला में गायों एवं नंदियों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसके साथ ही चारे के सुरक्षित भंडारण हेतु विशाल गौ ग्रास भवन भी बनाया गया है। यह गौशाला आसरा आवास रोड़ ग्राम नूरपुर के निकट दस बीघा भूमि पर विकसित की गई है। इसके संचालन से नगर पंचायत गुन्नौर सहित आसपास के क्षेत्रों में भटकने वाले बेसहारा पशुओं को स्थायी आश्रय मिलेगा। नगर पंचायत चेयरमैन पति धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि इस गौशाला सड़कों पर भटकने वाले बेसहारा एवं परित्यक्त गोवंशों के लिए सुरक्षित स्थान मिलेगा।

## एक नज़र इधर भी

### बबराला में हिंदू सम्मेलन होगा आज

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** हिन्दू सम्मेलन आज बबराला नगर में हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति केशव बस्ती, बबराला द्वारा आज होगा।
सकल हिन्दू समाज द्वारा हिन्दू सम्मेलन आज (बुद्धवार) यज्ञ प्रातः 10 बजे से होगा। जबकि बौद्धिक दोपहर 12 बजे
योग पार्क बस स्टैण्ड, राजघाट रोड, बबराला पर होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीबाँके बिहारी मन्दिर के पण्डित श्याम बिहारी, अतिथि प्रान्तीय सह बौद्धिक प्रमुख राष्ट्र सेविका समिति, ब्रज प्रान्त सुधाा गौतम व मुख्य वक्ता प्रान्त सहशारीरिक शिक्षण प्रमुख मेरठ प्रान्त धर्मेन्द्र धवल होंगे। यह जानकारी समिति सदस्यों ने दी है।



सम्भल- कन्या इंटर कॉलेज आर्य समाज में छात्राओं को प्रेरित करती नीरू चाहल।

### छात्राओं को आगे बढ़ने के लिए किया प्रेरित

**सम्भल ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** शक्ति सेवा पथ फाउंडेशन के तत्वावधान में कॉलेज की छात्राओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। कन्या इंटर कॉलेज आर्य समाज में आयोजित कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में पाि फाउंडेशन की अध्यक्षा नीरू चाहल ने बेटियों को उनकी शिक्षा और स्वास्थ्यस व कर्तव्य अधिकार आदि की जानकारी दी। साथ ही छात्रओं किो आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर मिशन शक्ति की प्रभारी उप निरीक्षक राखी ने मिशन शक्ति के अर्न्तगत छात्राओं को उनकी सुरक्षा एवं अधिकारों की जानकारी देकर सहायता के लिए पुलिस हैल्प लाईन नम्बरों की जानकारी दी। इस दौरान प्रधानाचार्य संजना गुपता भी मौजूद रहीं।

### सीएम डेशबोर्ड समीक्षा में कम प्रगति मिलने पर डीएम ने जताई नाराजगी

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** सीएम डैशबोर्ड पर विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार ने समीक्षा बैठक की प्रमुख बिंदुओं की जिलाधािकारी को जानकारी दी। जबकि एनआरएलएम, जिला पंचायती राज विभाग, उद्योग विभाग की प्रगति कम होने को लेकर रैंकिंग खराब होने के बारे में जानकारी मिलने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि तीन दिवस में स्पष्टीकरण का जवाब तलब किया जाए। मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण में प्रगति कम को लेकर जिलाधािकारी ने नाराज की व्यक्ति की एवं संबंधित अधिकारी को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन बिंदुओं पर प्रगति खराब है उन्हें बिंदुओं पर प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जाए नहीं तो कार्यवाही संज्ञान में लाई जाएगी। जबकि दशमोत्तर छात्रवृत्ति की प्रगति खराब होने पर निर्देशित किया। बैठक में आईसीडीएस विभाग की प्रगति रिपोर्ट कम पाई गई जिसमें जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी आईसीडीएस को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए।निर्माण कार्य को लेकर जिलाधिकारी ने जानकारी ली और लोक निर्माण विभाग की प्रगति की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जनपद की जो नई सड़कों का निर्माण कार्य किया गया है उनका उनके द्वारा निरीक्षण लगाया जाए ताकि सड़कों की गुणवत्ता चेक की जा सके।

# गौरी शंकर चौधरी युवाओं के लिए प्रेरणा

**○स्वामी विवेकनंद जयंती पर इतिहास संकलन समिति ने किया सम्मानित**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया जिसमें भारतीय इतिहास संकलन समिति, मेरठ प्रांत ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले युवा प्रतिभाओं को सम्मानित करने की परंपरा को बरकरार रखते हुए इस वर्ष अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के युवा प्रदेश संगठन मंत्री गौरीशंकर चौधरी को उनके व्यापारी हितों में किए गए अद्वितीय और अतुलनीय योगदान के लिए सम्मानित किया। आर्य समाज स्कूल के सभागार में एक शानदार और भावपूर्ण समारोह में गौरीशंकर चौधरी को शॉल ओढ़ाकर, सम्मान-पत्र प्रदान कर और भगवद्गीता भेंट करके विशेष रूप से सम्मानित किया गया। यह सम्मान न केवल उनके व्यक्तिगत प्रयासों का प्रमाण है, बल्कि युवाओं के लिए एक प्रेरणा भी है कि निष्ठा, समर्पण और नवाचार से कोई भी क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ छू सकता है। गौरीशंकर चौधरी का यह सम्मान व्यापार, उद्योग और सामाजिक संगठन के क्षेत्र में युवाओं की बढ़ती भागीदारी को दर्शाता है। उनकी इस उपलब्धि पर सभी व्यापारी बंधु, युवा साथी और शुभचिंतक उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हैं। उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए स्वामी विवेकानंद के इसी संदेश को चरित्रार्थ करते हुए गौरीशंकर चौधरी जैसे युवा नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत बन रहे हैं। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष अजय शर्मा, डा. अरविंद कुमार गुप्ता, सुशील कुमार गुप्ता भगतजी, यतेन्द्र वर्मा, नेहा मलय, सुबोध कुमार गुप्ता, हर्षित शर्मा, शोभित गुप्ता, अरविन्द प्रजापति सहित अनेक सम्मानित व्यापारी एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।




सम्भल- उत्कृष्ट योगदान देने पर गौरी शंकर चौधरी को सम्मानित करते।

## भगवान गोरखनाथ का आज भरा जाएगा कमंडल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** शिव गोरख मंदिर समिति द्वारा आयोजित अमरकाय अनयोनिज भगवान श्रीगोरखनाथ जी का 46 वां कमण्डल सुबह 11- 22 से दोपहर 01-40 बजे के मध्य भरा जायेगा और खिचडी भोग मंदिर भगवान श्रीगोरखनाथ जी महाकालेश्वर आलम सराय में वितरण होगा, इस अवसर पर आध्यात्मिक गुरु पं राधेश्याम श्रीमाली ने कहा की शुद्ध सनातन चेतन भारतीय संस्कृति का यह महापर्व गूढ आध्यात्मिक रहस्यो से महापूर्ण है। इस दिन अन्न, वस्त्र, गरम वस्त्र आदि वस्तुओं का दान महापुण्य दायक है। साथ ही हमे दुसरो की सेवा करने के प्रति जागरुक करने का सर्वोत्तम संदेश भी देता है। डा. योगी नागेन्द्रमोहन श्रीमाली ने कहा की सूर्य देव का मकर राशि में प्रवेश सर्दी को तो कम करता ही है। साथ ही आध्यात्मिक उर्जा का वाहक भी है। ज्वालेश श्रीमाली ने कहा की गोरक्षपीठ गोरखपुर में मकर संक्रांति पर विश्व प्रसिद्व खिचड़ी मेले का आयोजन होता हैं।

# दिनभर चिलचिलाती धूप ने किया आनंदित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सुबह से छाये घने कोहरे की परत छटते ही सूर्य देवता के दर्शन से मुरझाए चेहरे खिल उठे। देर दोपहर तक सूरज की मेहरबानी से लोगों को राहत मिली। जबकि घरों में छिपे लोग बाहर निकलकर कामों पर गए।

एक दिन पूर्व चिलचिलाती धूप ने हांड मांस को कंपाती सर्दी ने गर्माहट ला दी थी,लेकिन मंगलवार को भी मौसम साफ रहने के आसार थे लेकिन भोर से ही आसमान से लेकर जमीन तक घना कोहरा छाया रहा। लगभग 10 बजे आसमान और जमीन से कोहरे की परत छंटना शुरू होते ही सूरज की किरणें गर्माहट देने लगी। लोग धूप निकले इसके लिए आसमान की ओर टकटकी लगाए देख रहे थे। सूरज ने अपनी दस्तक दी। सूर्य की किरणें निकलते ही लोग बड़ी राहत महसूस करने लगे। देर सवेरे सही, लेकिन चिलचिलाती धूप ने शरीर में ऐंसी गर्माहट पैदा की लोग घरों से निकलकर धूप सेंकने बैठ गए। लेकिन इसमें ठंडी हवाओं के झोंके ने सूरज की किरणों की गर्माहट का मज़ा ओर किरकिरा कर दिया। ठंडक अधिक बढ़ जाने से लोगों के शरीर को गर्म ओर मोटे कपड़ों से ढांक दिया। दो दिनों से निकल रही धूप के कारण लोगो ने अपने गर्म कपड़ों को कुछ समेट दिया था, धूप के निकलने से संकट झेल रहे लोगों काफी राहत महसूस हुई।लेकिन ठंडक और शीत लहर के प्रकोप ने आग में घी का काम कर दिखाया। हाड़मांस को कंपाती हवाओं के झोंको ने ठिठुरन को ओर बढ़ा दिया। सर्द हवा के बढ़ते वर्चस्व से परेशान लोग लिहाफ बिस्तरों के छिपेने को मजबूर नहीं रहे। राहत लेकर निकली सूरज की किरणों ने सूरज छिपने तक गर्माहट का जमकर मजा दिया। सांय को गलन काफी बढ़ गयी।

# सिविल लाइंस थाना पुलिस ने मोबाइल छिनैती और चाकू से हमला करने के आरोपी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना सिविल लाइंस पुलिस ने मोबाइल छिनैती और चाकू से हमला कर घायल करने वाले एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1.108 किलोग्राम अवैध चरस, दो मोबाइल फोन और एक नाजायज छुरा भी बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रिहान पुत्र आकिल उर्फ बब्बू, निवासी मोहल्ला चक्कर की मिलक, थाना सिविल लाइंस के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार, 12 जनवरी को थाना सिविल लाइंस क्षेत्र अंतर्गत जिगर कॉलोनी, गंगा घाट चौकी कैम्प क्षेत्र में मोबाइल छिनैती की घटना सामने आई थी। पीड़िता तुबा रासिद पुत्री रासिद हुसैन,



निवासी भट्टी मोहल्ला थाना कोतवाली, का मोबाइल एक अज्ञात युवक द्वारा छीन लिया गया था। इस संबंध में थाना सिविल लाइंस पर मुकदमा दर्ज किया गया।इसी दौरान दीवान का बाजार निवासी जयपाल दिवाकर पुत्र बाबूराम, जो पूजा सामग्री रामगंगा नदी में प्रवाहित करने गए थे, उन्होंने युवती का मोबाइल छीनते हुए देखा। जयपाल द्वारा विरोध किए जाने पर आरोपी ने नाजायज छुरे से उन पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस मामले में भी थाना सिविल लाइंस पर अलग से मुकदमा दर्ज किया गया।घटना के बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चांदमारी घाट के पास से आरोपी रिहान को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने तलाशी के दौरान उसके पास से भारी मात्रा में अवैध चरस, छीने गए मोबाइल फोन और वारदात में प्रयुक्त छुरा बरामद किया है। पुलिस आरोपी के आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है और आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

## बर्फानी बाबा ने 90 साल की उम्र में छोड़ा शरीर आज वालेसिद्ध स्थल पर दी जाएगी समाधि

**कांठ ( शाह टाइम्स )** क्षेत्र में मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों का निर्माण कराने के लिए जाने जाते वाले बाबा बर्फानी ने आज 90 साल की उम्र में शरीर त्याग दिया अंतिम दर्शनों के लिए उनके पार्थिव शरीर को खलीलपुर कददीम गांव के चामुंडा स्थल मंदिर पर रखा गया है। आज बुधवार को उन्हें वाले सिद्ध स्थल परिसर में समाधि दी जाएगी। खलीलपुर गांव निवासी समाजसेवी श्री ओम बिश्नोई ने बताया कि करीब 54 साल पहले बाबा बर्फानी मध्य प्रदेश से उनके गांव में आए थे और वहां पर उन्होंने चामुंडा स्थल आदि धार्मिक स्थलों का निर्माण कराया। इसके साथ-साथ उन्होंने आसपास के क्षेत्र के गांव में सालों साल निवास करते हुए धार्मिक स्थलों का निर्माण कराकर लोगों को धर्म के प्रति आस्थावान बनाया। कुछ समय से उनका स्वास्थ्य खराब चल रहा था वह खलीलपुर निवासी सतवीर सिंह के आवास पर विश्राम



कर रहे थे लेकिन मंगलवार की दोपहर लगभग 3 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली और शरीर त्याग दिया। इसकी सूचना मिलते ही गांव के लोग इकठ्ठा हो गए और उनके पार्थिव शरीर को चामुंडा स्थल मंदिर पर लाकर रख दिया। उन्होंने बताया कि खलीलपुर के पास वाले सिद्ध का एक सिद्ध स्थान है जहां पर उन्होंने काफी समय रहकर सेवा भी की थी वहीं पर उन्हें आज बुधवार को समाधि दी जाएगी।

## एक नजर

### निर्धारित समय के बाद चल रहे डंपर को पुलिस ने किया सीज



**कांठ ( शाह टाइम्स )** निर्धारित समय के बाद चल रहे डंपर को आज पुलिस और तहसील की टीम ने सीज कर दिया थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि खनन की परमिशन होने के बाद क्षेत्र में डंपर इधर-उधर जा रहे हैं लेकिन इसके लिए डंपर चलाने की समय सीमा निर्धारित है। इसके बाद खनन की मिट्टी ले जाना गैर कानूनी है ऐसे वाहनों को निर्धारित समय के बाद चलने की अनुमति नहीं दी जाएगी रात पुलिस को एक डम्पर समय के बाद चलता मिला तो उसे सीज कर दिया गया है।

### ठंड में बच्चे यूनिफॉर्म पहन कर आए इसके लिए अभिभावकों को करे प्रेरित



**कांठ ( शाह टाइम्स )** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ( डायट ) में मंगलवार मंगलवार को प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधान अध्यापकों की बैठक में विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गईस बैठक को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी शिवम गुप्ता ने कहा कि शासन द्वारा डी0बी0टी0 के माध्यम से प्राथमिक एवं जूनियर विद्यालयों के विद्यार्थियों को प्रत्येक वर्ष धनराशि दी जा रही है।

ऐसे में अभिभावकों का यह दायित्व है कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से यूनिफार्म (जूता-मोजा स्वेटर) पहनाकर ही विद्यालय भेजेंस मुख्यमंत्री द्वारा कड़ाके की ठण्ड में विद्यार्थियों के हित को देखते हुए शीत अवकाश के उपरांत अभिभावकों को यूनिफार्म (जूता-मोजा-स्वेटर) पहनाकर विद्यालय भेजने हेतु प्रेरित करेंस खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि 24 जनवरी से द्वितीय सत्र परीक्षा शुरू हो रही है इसके लिए पूरी तैयारी करें स बैठक में विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा भी की गईस इस अवसर पर उदयवीर सिंह, भुवनेश कुमारी, कविता रानी, सुरेंद्र सिंह, शाहिदा खातून, आदि प्रधान अध्यापक एवं इंचार्ज अध्यापक मौजूद थे।

### भोजपुर में बिजली कर्मचारियों पर हमला

**भोजपुर।** भोजपुर के गांव तेलियों वाली मिलक में बिजली की चेकिंग कर रहे विद्युत कर्मचारियों पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मारपीट करने और सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। विद्युत विभाग के कर्मचारी सचिन ठाकुर ने प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को दी तहरीर में बताया कि रविवार को गांव तेलियों वाली मिलक में विद्युत टिम मीटर रिडर उदयपाल, केतन सैनी के साथ नसरीन के घर पर बिल निकाल रहे थे। तभी फरमान, सऊद, निजाम और नूर ने उनकी टिम के साथ गाली गलोच करते हुए मारपीट शुरू कर दी और धमकी दी कि दोबारा मीटर चौक करने आए तो जान से मार देंगे। सचिन ठाकुर ने बताया कि हमले में उन्हें काफी चोटें आई हैं और उनकी टीम के अन्य सदस्यों को भी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने आरोप लगाया कि हमलावरों ने विभाग के कार्य में बाधा पहुंचाई है और उन्हें अपना काम करने से रोका है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने लोगों से अपील की कि वे विद्युत कर्मचारियों के साथ सहयोग करें और उनके काम में बाधा न डालें।

# तहसीलदार के खिलाफ वकीलों का प्रदर्शन जारी

## आखिर क्यों नहीं उठाए जा रहे समाधान के लिए कदम



**कांठ ( शाह टाइम्स )** तहसीलदार के खिलाफ प्रदर्शन का क्रम आज भी जारी रहा लेकिन उच्च अधिकारियों का इस संबंध में समाधान के लिए कदम ना उठाना भी आज चर्चा का विषय बना रहा। बतादें कि शुक्रवार को नजारत कर्मी और अधिवक्ता के बीच हुई हाथापाई के बाद माहौल गर्माया था बात तब बिगड़ी जब तहसीलदार ने वकीलों की साइड के गेट में ताला लगवा दिया। अधिवक्ताओं ने इस पर नाराजगी जाहिर की ताला तो खुल गया मगर वकीलों ने उनकी अदालत के कार्य बहिष्कार का ऐलान कर दिया। शनिवार को अवकाश के बाद सोमवार को तहसील खुली तो वकीलों ने नारेबाजी करते हुए अपना विरोध प्रदर्शन जताया लेकिन मंगलवार को भी कोई सकारात्मक कदम न उठाए जाने के बाद वकीलों ने फिर नारेबाजी करते हुए अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखा। इससे बादकारियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा बादकारियों का कहना था कि आखिर हर समस्या का समाधान वार्ता के जरिए किया जाता है लेकिन अभी तक इस संबंध में किसी प्रकार की पहल न होना बड़ी गंभीर बात है। प्रदर्शन में कोमल सिंह चरण सिंह ढाका यशवीर सिंह कपिल यादव कपिल बिश्नोई डॉक्टर विनीत नैन महावीर सिंह लोकेश चौधरी बृजेश कुमार नितिन कुमार संजीव कुमार विजयवीर सिंह प्रमोद शर्मा प्रदीप कुमार दीपक बिश्नोई सहित काफी अधिवक्ता मौजूद रहे।

# बैठक में निर्माण कार्यों को लेकर चल रही ढील पर अध्यक्ष ने जताई नाराजगी

■ कहा कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

**कांठ ( शाह टाइम्स )** सिंचाई विभाग की शीतकालीन बैठक का आयोजन मुरादाबाद के ट्यूबवेल कॉलोनी स्थित मीटिंग हॉल में किया गया। जिसमे कार्यों की समीक्षा की गई नींगू नगला पुल की बाउंड्री बाल, खातापुर माइनर की मरम्मत एवं खराब नलकूपों की मरम्मत आदि कार्य पूरे होने पर सन्तोष व्यक्त किया गया। शिवपुरी मुंडापांडे के महाविद्यालय के सामने पुल का निर्माण न होने पर अध्यक्ष ने अफजलगढ़ सिंचाई अधिकारियों से नाराजगी व्यक्ति की और कहा की महाविद्यालय से संबंधित किसी भी कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। बताया कि किसानों की पानी की मांग को देखते हुए सभी नहरों में पानी छोड़ दिया गया है। तुमड़िया डेम की नहरों का पानी



टेल पर पहुंच गया है। तथा कालागढ़ डेम से संचालित नहरों में एक बार टेल तक पानी पहुंचने के बाद दोबारा 3 फिट पानी छोड़ दिया गया है। लघु सिंचाई के अंतर्गत कार्य प्रगति पर है जो बोरिंग हो चुके हैं और कमरा बन गया है, उन्हें तुरंत सब्सिडी उपलब्ध कराई जा रही है। नलकूप संख्या 240 एजी नक्सानदावाद बेरामपुर से डॉ व राजवीर सिंह कश्यप के खेत तक पाइप लाइन डालने का प्रस्ताव पास कर दिया गया है,सामग्री उपलब्ध होते ही कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता मास्टर धर्मपाल सिंह बिश्नोई उपाध्यक्ष सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश शासन तथा संचालन प्रमोद कुमार ने किया। बैठक में ऐई नलकूप राकेश कुमार, सहायक अभियंता कु व पूजा, सहायक अभियंता नलकूप श्रद्धा भट्ट, जेई वीरेंद्र कुमार, सिंचाई सत्यप्रकाश, एडीओ अमित कुमार, बाड़खंड मुकेश उपाध्याय, अमरेश कुमार,लघु सिंचाई अजय कुमार गौतम, सुरेश कुमार यादव और विद्युत विभाग आदि उपस्थित रहे।

# कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह की पहल: बिजली समस्याओं का समाधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूढ़ापांडे/कुंदरकी।** कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने आज शक्ति भवन लखनऊ में उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष आशीष गोयल से भेंट कर क्षेत्र की विद्युत संबंधित शिकायतों से अवगत कराया। कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने आशीष गोयल से मांग करते हुए कहा कि मुंडापांडे ब्लॉक के ग्राम दलपतपुर में बन रहे बिजलीघर की क्षमता क्षेत्र के उपभोक्ताओं की संख्या के सापेक्ष 5 एमवीए से बढ़ाकर 10 एमवीए कराई जाए, लो वोल्टेज और ट्रिपिंग की समस्या के लिए ग्राम नियामतपुर इकरोटिया और खरगपुर बाजे में 5 एमवीए का नया बिजलीघर, ग्राम मुंडापांडे या सिरसखेड़ा में 220 केवी का ट्रांसमिशन विद्युत केंद्र बनाए जाए जिससे आस पास 5 विद्युत केंदों की आपूर्ति बेहतर हो जाएगी लगभग 60000 से अधिक की आबादी को लाभ प्राप्त होगा, जगरामपूरा उप स्टेशन के अंतर्गत 9 ग्रामों में लोड



ज्यादा होने के कारण विद्युत आपूर्ति में आ रही समस्याओं के समाधान के लिए वहां के ट्रांसफार्मर्स की क्षमता 25 केवीए से बढ़ाकर 63 केवीए कराई जाए साथ ही कुंदरकी और मुंडापांडे ब्लॉक के लगभग 40 ग्रामों में आबादी के मध्य से गुजर रही 11000 वोल्ट की विद्युत लाइन को आबादी वाले क्षेत्र से शिफ्ट कराया जाए, सैकड़ों लोग विद्युत लाइन से कई बार तार टूट जाने के कारण हताहत हो चुके है और घरों में आग लगकर नुकसान भी हो चुका है। इस संबंध में संबंधित थानों में मुकदमे भी पंजीकृत है। लाइन शिफ्ट के करने लिए समुचित स्थान भी उपलब्ध है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष आशीष गोयल ने संबंधित समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

# हत्यारे चाचा को उम्र कैद की सजा, जुर्माना भी लगाया

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** डेढ़ साल पुरानी घटना में पांच साल के मासूम की हत्या के मामले में जिला न्यायाधीश सैयद माऊज बिन आसिम की अदालत ने सोमवार को फैसला सुनाया। अदालत ने बच्चे अबुजर के सगे चाचा जीशान को दोषी करार देते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोषी पर 61 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। नए कानून के तहत जिले में पहली सजा सुनाई गई है।कांठ थाना क्षेत्र के मोहल्ला ईदगाह नई बस्ती निवासी एवं बैंडेज कारोबारी नसीमुद्दीन के पांच साल के बेटे अबुजर की हत्या कर दी गई थी। 28 जुलाई 2024 को उसका शव गन्ने के खेत में मिला था। गला घोंटकर उसकी हत्या की गई थी। इस मामले में पुलिस ने कारोबारी के छोटे भाई जीशान को गिरफ्तार कर हत्याकांड का खुलासा किया था। पुलिस ने दावा किया था कि जीशान नशे का आदी था। उसके पिता अलीमुद्दीन उसे धमकी देते थे कि वह उसके हिस्से की संपत्ति अपने पोते अबुजर को दे देंगे। इसी से चिढ़कर आरोपी ने बच्चे की हत्या की थी। आरोपी जीशान के



खिलाफ बीएनएस की धारा 103(1), 140(1) और 238 (ए) में चार्जशीट दाखिल की गई। इस मामले की सुनवाई जिला न्यायाधीश सैयद माऊज बिन आसिम की अदालत में हुई। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद मुलजिम जीशान को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 61 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी नितिन गुप्ता का कहना है कि नए कानून के तहत जिले में यह पहली सजा सुनाई गई है।

## घर में घुसकर महिला पर छुरे से हमला अस्पताल में भर्ती

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र में सोमवार की देर रात घर में घुसे एक अज्ञात बदमाश ने महिला पर छुरा से हमला कर दिया। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दूल्हापुर अमानताबाद निवासी रुखसाना (25) पत्नी तस्लीम अहमद सोमवार की रात अपने घर में सो रही थी। उसी समय उसका बच्चा दूध पी रहा था, जबकि उसकी बेटी लिहाफ में मुंह ढककर मोबाइल फोन देख रही थी। रात करीब 2.30 बजे एक अज्ञात बदमाश घर में घुस आया और रुखसाना का लिहाफ हटा दिया। रुखसाना ने बदमाश को पकड़ने के लिए हाथ बढ़ाया, तभी बदमाश के हाथ में मौजूद छुरा लगने से उसका हाथ कट गया। इसके बाद बदमाश ने उसके गले पर भी छुरा से वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला की चीख-पुकार सुनकर जब तक उसका पति और बेटी मौके पर पहुंचे, तब तक बदमाश दीवार फांदकर फरार हो चुका था। घायल रुखसाना को तत्काल राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू. डि. ), महोदय, मुरादाबाद।**
उत्तराधिकार वाद सं. 242/2025
**तारीख पेशी:** 28.01.2026
विशाल पुत्र (स्व0)हरफूल निवासी ग्राम डेहरा निकट उमरी कलां तहसील कांठ जिला मुरादाबाद-**वादी।**
**बनाम**
1. **श्रीमति कविता आदि।**
5. **जनता आम... विपक्षीगण।**
स्व. हरफूल निवासी ग्राम डेहरा निकट उमरी कलां तहसील कांठ जिला मुरादाबाद की चल सम्पत्ति (बीमा पॉलिसी) मुवलिग एक लाख रूपये की वावत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र लेने हेतु उनके पुत्र विशाल (वादी) ने उत्तराधिकार वाद योजित किया है।
यदि किसी को उक्त की बावत आपत्ति हो तो वह दिनांक 28.01.2026 को स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के जरिए आपत्ति आदि दाखिल कर सकता है। आज दि.: 13.01.2026 को यह इश्तहार जारी किया गया है।
**मुंसरिम**
**न्यायालय सिविल जज ( जू. डि. ) मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**
मैंने अपने पुत्र इरफान व पुत्रवधू श्रीमती रहमत जहां को गलत संगत / गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक व सामाजिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों /लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।
असगर पुत्र अमीरुद्दीन निवासी ग्राम मोहब्बतपुर भगवंतपुर थाना भोजपुर, तहसील व जिला मुरादाबाद।

**बेदखली सूचना**
मैंने अपने पुत्र सोहिल व पुत्रवधू श्रीमती शमा परवीन को गलत संगत / गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक व सामाजिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों / लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **छोटे पुत्र नन्हू निवासी ग्राम बसेरा थाना कुंदरकी तह० बिलारी, जिला मुरादाबाद।**

# टीएमयू और इंडियन फार्मास्यूटिकल एसोसिएशन के बीच एमओयू साइन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ फार्मेसी और इंडियन फार्मास्यूटिकल एसोसिएशन-आईपीए के बीच ऐतिहासिक एमओयू साइन हुआ। इस एमओयू के तहत फार्मास्यूटिकल शिक्षा, रिसर्च, फैकल्टी डवलपमेंट और छात्रों के कौशल संवर्धन के लिए दीर्घकालिक सहयोग स्थापित करना है। आईपीए के प्रतिनिधियों ने कहा, यह एमओयू टीएमयू फार्मेसी कॉलेज के लिए विशेषज्ञ व्याख्यान, फैकल्टी डवलपमेंट प्रोग्राम, छात्र प्रशिक्षण कार्यशालाएं, उद्योग सहभागिता, शोध सहयोग और राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। टीएमयू की ओर से डॉ. वैभव रस्तोगी, डॉ. अमित कंसल और प्रो. आशु मित्तल जबकि आईपीए की ओर से प्रतिनिधि डॉ. राजेश अग्रवाल, डॉ. नीरज और डॉ. मिम्मोना अख्तर ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। कुलपति प्रो. वीके जैन ने एमओयू को परिणामोन्मुखी और छात्र-केंद्रित बताते हुए प्रति वर्ष कम से कम छह संयुक्त गतिविधियों के आयोजन का लक्ष्य निर्धारित करने पर जोर दिया। इस मौके फार्मेसी कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल प्रो. मयूर पोरवाल आदि की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन हेल्थकेयर पर राउंड टेबल-** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन हेल्थकेयर विषय पर हुई राउंड टेबल चर्चा में स्वास्थ्य सेवाओं, फार्मास्यूटिकल शिक्षा और शोध में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एआई की बढ़ती भूमिका पर व्यापक विचार-विमर्श हुआ।

इस अवसर पर आईपीए की ओर सेडॉ. राजेश अग्रवाल ने फार्मास्यूटिकल साइंसेज में एआई के अनुप्रयोगों- जैसे ड्रग डिस्कवरी, फार्मूलेशन डवलपमेंट, क्वालिटी कंट्रोल, रेगुलेटरी साइंसेज एवम् पर्सनलाइज्ड मेडिसिन पर विस्तृत और प्रेरक व्याख्यान दिया। मेडिकल और डेंटल साइंसेज के विशेषज्ञों ने निदान, उपचार योजना, रोगी प्रबंधन और क्लिनिकल निर्णय प्रणाली में एआई की परिवर्तनकारी भूमिका को रेखांकित किया। चर्चा के अंत में सभी प्रतिभागियों ने भविष्य की स्वास्थ्य शिक्षा और शोध में एआई को अनिवार्य बताते हुए अंतर्विषयक सहयोग और कौशल विकास पर बल दिया। राउंड टेबल चर्चा में मेडिकल कॉलेज के उप-प्राचार्य प्रो. प्रीथपाल सिंह मटरेजा, डेंटल साइंसेज के प्रो. सतीश सिवान, फार्मेसी के प्रो. फूल चंद्र, डॉ. राजेश, डॉ. हरि बाबू, डॉ. केके शर्मा, डॉ. आदित्य विक्रम जैन आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही।



# भैंस चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद संभल में कानून व्यवस्था, अपराधी एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना बबराला पुलिस द्वारा जीतपाल पुत्र डालचंद्र निवासी ग्राम फरीदपुर थाना बबराला द्वारा उसकी एक भैंस को महिन्द्र पिकअप गाड़ी में लादकर चोरी कर ले जाने के संबंध में थाना बबराला पर मु0अ0सं0 04/2026 धारा 305ए बीएनएस पंजीकृत किया गया।

मंगलवार को बबराला पुलिस टीम द्वारा उक्त अभियोग में वांछित चरनसिंह पुत्र देवेन्द्र सिंह नि0 ग्राम बमनपुरी थाना कैलादेवी जिला संभल व नीरज पुत्र कृपाल सिंह उम्र 22 वर्ष नि0 ग्राम फैजपुर थाना रजपुरा जिला संभल को गिरफ्तार किया गया। दोनों के पास से एक महिन्द्रा पिकअप यूपी 38 बीटी 0392 व 8,200 रुपये बरामद किये।



# इंडेन गैस एजेंसी के गोदाम में चोरी करते रंगेहाथ पकड़ा गया चोर

## सीसीटीवी में कैद हुई वारदात, दूसरा आरोपी फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**ठाकुरद्वारा।** नगर के रातूपुरा मोड़ स्थित एक इंडेन गैस एजेंसी के गोदाम में चोरी की कोशिश के दौरान एजेंसी कर्मियों ने एक चोर को रंगेहाथ पकड़ लिया, जबकि उसका दूसरा साथी मौके से फरार हो गया। पकड़े गए आरोपी को सूचना पर पहुंची पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

रामनगर खागूवाला निवासी इकबाल अहमद की रातूपुरा मोड़ पर इंडेन गैस एजेंसी का गोदाम स्थित है। एजेंसी संचालक के अनुसार सोमवार की सुबह एक चोर गोदाम की दीवार फांदकर भीतर घुस आया, जबकि उसका दूसरा साथी बाहर निगरानी करता रहा। गोदाम के भीतर घुसे चोर ने गार्ड रूम में रखा पुराना सामान और वाहनों के कुछ पुर्जे प्लास्टिक के कट्टे में भर लिए। चोरी का सामान समेटने के बाद चोर ने दीवार के पास कुर्सी रखकर बाहर खड़े अपने साथी को सामान पकड़ाने का प्रयास किया। इसी दौरान एजेंसी में मौजूद कर्मचारियों की नजर उस पर पड़ गई। कर्मचारियों ने शोर मचा दिया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। शोर सुनते ही बाहर खड़ा चोर मौके से फरार हो गया, जबकि अंदर मौजूद आरोपी को कर्मचारियों ने दबोच लिया। घटना की सूचना मिलने पर एजेंसी संचालक इकबाल अहमद भी तत्काल गोदाम पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर में पुलिस मौके पर पहुंची और पकड़े गए आरोपी को अपने कब्जे में ले लिया।

इसके बाद गोदाम में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें स्पष्ट हुआ कि चोर दीवार कूदकर गोदाम के अंदर दाखिल हुआ था। कोतवाल मनोज परमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी से पूछताछ की जा रही है। उसके फरार साथी की तलाश भी की जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर आगे की विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

# पन्द्रह जनवरी को चन्दौसी में होगा विराट हिन्दू सम्मेलन, तैयारियों को लेकर बैठक सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**चन्दौसी।** हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक सरस्वती शिशु मंदिर, हनुमानगढ़ी में आयोजित की गई। बैठक में सीता आश्रम स्थित पं. हनुमान सिंह ग्राउंड पर प्रस्तावित विराट हिन्दू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। यह सम्मेलन आगामी 15 जनवरी 2026 को प्रातः 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संभल के विभाग प्रचारक शरद ने कहा कि हिन्दू सम्मेलन का उद्देश्य हिन्दू समाज में एकजुटता, सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करना है। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में ज्ञानेश्वर स्वरूप ब्रह्मचारी महाराज तथा मुख्य वक्ता गुणवंत उपस्थित रहकर समाज को मार्गदर्शन देंगे। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सम्मेलन की सूचना प्रत्येक परिवार तक पहुंचे, इसके लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम में सामाजिक संस्थाओं, विभिन्न संगठनों, व्यापारियों, चिकित्सकों, अधिवक्ताओं तथा संघ के सभी अनुषांगिक संगठनों की सक्रिय सहभागिता रहेगी। बैठक की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष शिवम चौधरी ने की, जबकि संचालन नगर कार्यवाह उदय तिवारी ने किया। बैठक में जिला कार्यवाह अशोक शर्मा, नगर प्रचारक रौनक सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे और सभी ने सम्मेलन को सफल बनाने का संकल्प लिया।



## जनपद में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 लागू

**मुरादाबाद।** आगामी पर्व मकर संक्रान्ति, बसंत पंचमी, गणतंत्र दिवस, संत रविदास जयंती, शबे बरात, महा. शिवरात्रि आदि एवं जनपद मुरादाबाद में आयोजित होने वाली विभिन्न परीक्षाओं के दृष्टिगत कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा साम्प्रदायिक सौहार्द प्रभावित होने की दृष्टि से लोक व्यवस्था बनाये रखने हेतु जिला मजिस्ट्रेट श्री अनुज सिंह ने अपनी पूर्ण संतुष्टि उपरांत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा जारी की है। जोकि दिनांक 26 फरवरी 2026 तक लागू रहेगी। कोई भी व्यक्ति निषेधाज्ञा का उल्लंघन करेगा तो वह भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अन्तर्गत दण्डनीय होगा।

# बुध बाजार चौकी इंचार्ज ने अतिक्रमण के खिलाफ चलाया अभियान

**मुरादाबाद।** शहर के सदर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बुध बाजार में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ पुलिस प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। बुध बाजार चौकी इंचार्ज सुनीता चौधरी के नेतृत्व में चलाए गए विशेष अभियान के तहत बाजार क्षेत्र में फैले अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान व्यापारियों और रेड़ी-पटरी वालों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वह निर्धारित सीमा में ही अपना सामान रखें और सड़क व फुटपाथ पर अतिक्रमण न करें।अभियान के दौरान चौकी इंचार्ज ने स्वयं मौके पर पहुंचकर दुकानदारों को चेतावनी दी कि यदि भविष्य में अवैध अतिक्रमण पाया गया तो उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस टीम ने बाजार में घूम-घूमकर अस्थायी ठेले, रेड़ियां और दुकानों के बाहर फैले सामान को हटवाया, जिससे आम राहगीरों को आवागमन में राहत मिली।सुनीता चौधरी ने बताया कि यह अभियान केवल एक दिन का नहीं है, बल्कि आगे भी नियमित रूप से चलाया जाएगा। अतिक्रमण के कारण अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे आम जनता को परेशानी होती है। प्रशासन का उद्देश्य बाजार को सुव्यवस्थित बनाना और शहर को अतिक्रमण मुक्त करना है।स्थानीय लोगों ने भी इस कार्रवाई का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि इस तरह के अभियान लगातार चलते रहेंगे, जिससे बाजार में व्यवस्था बनी रहे और यातायात सुचारु रूप से संचालित हो सके।



# पुलिस ने किया वारंटी गिरफ्तार



**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद संभल में कानून व्यवस्था, अपराधी एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना कैलादेवी पुलिस मु0अ0सं0 154/23 में वारण्टी अभियुक्त मुकेश पुत्र नत्थूसिंह निवासी ग्राम मढावली थाना कैलादेवी जनपद संभल को गिरफ्तार किया गया।

## एक नजर

### टांडा अमरपुर मोड़ के पास बाइक दुर्घटना, एक युवक गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता बिलारी।** संभल के लुकंद्री सराय मोहल्ला निवासी मोहम्मद कासिम अपने बड़े भाई मोहम्मद यासीन को बाइक पर बैठाकर बिलारी होते हुए स्योंडारा रिश्तेदारी में जा रहे थे। जैसे ही वे सिरसी रोड पर टांडा अमरपुर मोड़ के पास पहुंचे, अचानक बाइक के सामने कुत्ता आ गया, जिससे संतुलन बिगड़ गया और बाइक सड़क पर गिर गई।हादसे में बाइक चला रहे मोहम्मद कासिम गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि पीछे बैठे उनके बड़े भाई मोहम्मद यासीन को मामूली चोटें आईं। सूचना मिलने पर 108 एम्बुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल मोहम्मद कासिम की हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। घटना के बाद परिजनों में चिंता का माहौल बना हुआ है।



### नगर में कुमारतनय वैश्य सभा की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन, घनश्याम गुप्ता बने अध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता बिलारी।** राष्ट्रीय कुमारतनय वैश्य महासभा समिति (रजि.) के गरिमामयी सानिध्य में बिलारी में कुमारतनय वैश्य सभा की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। इस अवसर पर घनश्याम गुप्ता को अध्यक्ष, शरद गुप्ता को महामंत्री तथा अमित गुप्ता को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह पीलीभीत स्थित कुमारतनय वैश्य सभा भवन में भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने सभी नवमनोनीत पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के उपरांत नवनियुक्त अध्यक्ष घनश्याम गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन ने जिस विश्वास के साथ समाज की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, वे उस पर पूरी निष्ठा और ईमानदारी से खरा उतरेंगे। उन्होंने कहा कि समाज को एकजुट करते हुए संगठन को नई दिशा देने और मजबूती प्रदान करने का कार्य प्राथमिकता के साथ किया जाएगा। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य लोग, पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे। सभी ने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए संगठन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### भोजपुर में किशोरी के अपहरण का मामला

**भोजपुर।** भोजपुर पुलिस ने किशोरी के अपहरण के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उप निरीक्षक माहिर अब्बास ने गांव आदमपुर निवासी मौ.सुहेब पुत्र मौ. अली को गिरफ्तार कर पूछताछ करने के बाद चालान कर दिया। मौ.सुहेब पर आरोप है कि उसने सात जनवरी को पड़ोसी 16 वर्षीय किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। किशोरी की मां ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच कर रही है। उप निरीक्षक माहिर अब्बास ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस ने कई दिनों से दबिश दी थी। आखिरकार पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। किशोरी की मां ने बताया कि उनकी बेटी को आरोपी ने बहला फुसलाकर भगा ले गया था। उन्होंने पुलिस से आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की थी। पुलिस ने उनकी मांग को पूरा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



# ठंड के मौसम में दांतों का रखे खास ख्याल: डॉ. बसरूद्दीन अहमद

**कुंदरकी।** आम तौर पर, कई लोगों का शरीर बहुत ही ज्यादा सेंसिटिव होता है। और सर्दियों जैसे मौसम में एक व्यक्ति के शरीर को विशेष देखभाल की काफी ज्यादा जरूरत होती है। ये बात डॉक्टर बसरूद्दीन अहमद राजकीय कन्या इंटर कॉलिज कुंदरकी गुलड चौराहा ने कहा कि इस तरह के मौसम में, जरा सी लापरवाही बरतने पर शरीर को ठंड लग सकती और इसकी वजह से जुकाम, खांसी और फ्लो होने का खतरा भी काफी ज्यादा बढ़ सकता है। आम तौर पर, इस तरह की स्थिति में, ज्यादातर लोग अपने शरीर को ठंड से बचाने के लिए कई तरह की गर्म चीजों का सेवन करते हैं, जिससे की उनका शरीर सर्दी से बचा रहता है। दरअसल, सर्दी होने पर शरीर के साथ-साथ दाँतों को भी उचित देखभाल की काफी ज्यादा जरूरत होती है, क्योंकि सर्दी में, बहुत बार काफी ज्यादा मीठे का सेवन करने की वजह से, दांतों में कैविटीज, दांतों के अंदर दरारें और इसके साथ ही दूसरी बीमारीं की सम्भावना काफी ज्यादा बढ़ जाती है। दरअसल, सर्दी होने पर दांतों में संवेदनशीलता की समस्या का भी खतरा काफी ज्यादा बढ़ जाता है, जो आम तौर पर, दाँतों को काफी ज्यादा नुक्सान पहुंचा सकता है। अगर, इस तरह की स्थिति में, दाँतों की अच्छे तरीके से देखभाल न की जाए, तो ऐसे में एक व्यक्ति के दांत कमजोर होने के साथ साथ, उनमें कैविटीज की संभावना भी काफी ज्यादा बढ़ जाती है। तो आइये इस लेख के माध्यम से सर्दियों में दांतों की देखभाल करने के शानदार टिप्स के बारे में जानकारी प्राप्त करते हैं।आपको बता दें, कि सर्दियों के मौसम में पर्याप्त पानी पीने से हमारे दांत सेहतमंद रह सकते हैं। अगर हम ऐसा नहीं करते हैं, तो दांतों के स्वास्थ्य पर काफी ज्यादा असर पड़ सकता है, क्योंकि इसकी वजह से डिहाइड्रेशन हो सकता है, जिससे कि मुंह में लार की पैदावार कम हो जाती है। आपको बता दें, कि हमारे मुँह में लार का मुख्य काम दांतों से भोजन के कणों को धोना होता है और साथ ही हानिकारक बैक्टीरिया से लड़ना होता है, जो आम तौर पर, एक समय पर आकर संक्रमण का कारण बन सकता है। इसलिए, दांतों और मसूड़ों को बैक्टीरिया से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए सर्दियों में पानी का खूब सेवन करें। दरअसल, अपने मुंह की सेहत को बनाए रखने के लिए ब्रश करना बहुत ही ज्यादा महत्वपूर्ण होता है। आम तौर पर, विशेष रूप से सर्दियों के मौसम में अपने दांतों को ब्रश करने के तरीके पर विशेष रूप से ध्यान देने की काफी ज्यादा जरूरत होती है। आपको बता दें, कि सर्दियों के मौसम में कम से कम दो बार ब्रश करने की जरूरत होती है। दरअसल, अपने दांतों को ब्रश करने के लिए नरम ब्रिसल्स वाले टूथब्रश का ही इस्तेमाल करें, क्योंकि कठोर ब्रिसल्स वाले टूथब्रश बाहरी इनेमल परत को काफी ज्यादा नुकसान पहुंचा सकते हैं।



## नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपी युवक व महिला गिरफ्तार

**मुरादाबाद।** जनपद के थाना मझौला क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक 16 वर्षीय नाबालिग युवती ने अपनी मां सहित छह लोगों पर दुष्कर्म, अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। इस मामले में पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए युवती की मां और एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य चार आरोपियों की जांच की जा रही है।पीड़िता का आरोप है कि उसकी मां ने जुबैर नामक युवक के साथ मिलकर उसके साथ दुष्कर्म कराया और उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया। आरोप है कि दुष्कर्म के दौरान उसकी अश्लील वीडियो बनाई गई और बीते एक वर्ष से लगातार उसे शोषण का शिकार बनाया जा रहा था।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत जाहिदपुर सीकमपुर**
**विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।**

पत्रांकः मीमो /मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांकः 13.01.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत जाहिदपुर सीकमपुर विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष मनरेगा योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांकः 28.01.2026 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 28.01.2026 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत ( रू. लाख में ) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मुन्ने के घर से बाबू के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 80 मी0 | 436721.47 | 100 | 2% | 3 माह |
| 2 | महफूज के घर से सुभाष के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 115 मी0 | 455537.49 | 100 | 2% | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें**:-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत जाहिदपुर सीकमपुर**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

**कार्यालय ग्राम पंचायत चकरपुर**
**विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।**

पत्रांकः मीमो /मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांकः 13.01.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत चकरपुर विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष मनरेगा योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांकः 28.01.2026 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 28.01.2026 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत ( रू. लाख में ) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सड़क से नानकचंद के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 35.50 मी0 | 169886.88 | 100 | 2% | 3 माह |
| 2 | हबीब के घर से फईम के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 86 मी0 | 289060.30 | 100 | 2% | 3 माह |
| 3 | आरिफ के घर से रमेश के घर तक से होते हुए मुन्नी के घर तक नालीव टाईल्स निर्माण कार्य। | 182.80 मी0 | 386759.10 | 100 | 2% | 3 माह |
| 4 | नहर से पंचायत घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 60 मी0 | 378155.92 | 100 | 2% | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें**:-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत चकरपुर**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

**कार्यालय ग्राम पंचायत डॉडी दुर्जन**
**विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।**

पत्रांकः मीमो /मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांकः 13.01.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत डॉडी दुर्जन विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष मनरेगा योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांकः 28.01.2026 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 28.01.2026 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत ( रू. लाख में ) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मंत्री के घर से तेजपाल के टयूवैल तक दोनो साइडो में पक्की नाली निर्माण कार्य। | 240 मी0 | 304323.86 | 100 | 2% | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें**:-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत डॉडी दुर्जन**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

**उत्तर रेलवे**
**ई-नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के नजीबाबाद स्टेशन पर पे एंड यूज़ के कार्य एवं मुरादाबाद स्टेशन पर पार्किंग कार्य को IREPS के माध्यम से ठेके पर देने हेतु ई- बोलियाँ www.ireps.gov.in पर दिनांक 28.01.2026 को आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/C
उ. रे., मुरादाबाद
128/26
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्रॉफ्ट, बैंकर चैक, डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| Tender No. Date | 287-DRM-MB-25-26 dt. 12.01.2026 | 289-DRM-MB-25-26 dt. 12.01.2026 |
|---|---|---|
| Name of Work | Strengthening of bridge approach on high bank at Br. 1134 in DLP yard by boulder pitching on vulnerable locations at Km 1406/7-21 under ADEN/HQ/MB | Construction of RUB at LC 6/B at BTG station in BE-CH section under ADEN/CH |
| Tender Closing Date Time | 09/02/2026 | 09/02/2026 |
| Advertised Value (Rs.) | 2,81,83,468.53 | 8,47,13,353.87 |
| Earnest Money (Rs.) | 290900.00 | 573600.00 |
| Tender Cost (Rs.) | 00 | 00 |
| Bidding Start Date | 26/01/2026 | 26/01/2026 |
| Period of Completion | 6 Months | 10 Month |

सं.: 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 12.01.2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 124/26

**उत्तर रेलवे**
**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा निम्नलिखित ई-टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित हैं। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आंमत्रित किये जाते हैं। निविदा की धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या | 286-DRM-MB-25-26 Dt. 10.01.2026 |
|---|---|
| कार्य का नाम | Hiring and operating of 12 nos MUV of loading capacity of 1 MT with seating capacity of 04 / 06 persons including USFD machine for SSE/P.Way/USFD team at RK, NBD, MB, CH (2nos), BE, HRI-1 & II, HPU, HW, GJL & SPN over MB division. |
| निविदा का प्रकार | Service |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 05.02.2026 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 hrs. |
| अनुमानित लागत (रु.) | 1,85,78,630.53 |
| धरोहर राशि (रु.) | 2,42,900.00 |
| टेन्डर फार्म की लागत (रु.) | 5,000.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 24 Months |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 22.01.2026 |

टेंडर नं.: 75/W/2/3/WA/DEN/Track/T. Notice दिनांक: 12.01.2026 126/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# भारत की नजरें कीवियों से सीरीज जीतने पर



● न्यूजीलैंड के खिलाफ आज होने वाले दूसरे वनडे में सीरीज जीतने के लक्ष्य के साथ उतरेगी भारतीय टीम

**राजकोट, वार्ता।** भारत न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार को होने वाले दूसरे वनडे में सीरीज जीतने के लक्ष्य के साथ उतरेगा। बस ऐसे ही, न्यूजीलैंड की नौ मैचों की जीत का सिलसिला रुक गया है। हालात का असर ऐसा था कि यह पसंदीदा नतीजा था, भले ही उनके विरोधी, भारत, अपने पिछले छह मैचों में 3-3 पर थे। हालांकि, न्यूजीलैंड इस बात से हौसला ले सकता है कि टॉस हारने के बावजूद उन्होंने भारत को मैच के 99वें ओवर तक खींच लिया। उन्हें लगेगा कि अगर वे ऐसा ही कर सकते हैं और कहीं से 20 और रन बना लेते हैं तो वे अपनी अनुभवहीन टीम के साथ भी पूरी ताकत वाली भारतीय टीम को चौंका सकते हैं। दूसरी ओर, भारत को पता होगा कि वे बल्ले से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन न करने के बावजूद जीत गए। उन्होंने न्यूजीलैंड को 300 रन पर रोकने के लिए काफी हद तक अच्छी गें. दबाजी की, लेकिन विराट कोहली के आउट होने के बाद की मुश्किल से खुश नहीं होंगे।

उन्हें चुपचाप विश्वास होगा कि अगर वे अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के करीब पहुंच सकते हैं तो वे सीरीज जीत सकते हैं, भले ही वे टॉस हार जाएं और फिर आखिरी वनडे में प्रयोग करने की उम्मीद करें। टॉस की बात करें तो इस नए राजकोट स्टेडियम में चार वनडे का छोटा सा सैंपल साइज है, लेकिन अभी तक किसी भी टीम ने वहां सफलतापूर्वक पीछा नहीं किया है। हालांकि, फॉर्मूला वही रहा है। अगर आप पहले बल्लेबाजी कर रहे हैं तो विरोधी टीम को 350 रन के अंदर ढेर कर दें। कोहली और डेरिल मिशेल इस समय अपनी-अपनी टीमों के सर्वश्रेष्ठ और फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज हैं। वे दोनों पहले वनडे में शतक के करीब पहुंच गए थे। हालांकि, कोहली पर टीम का बोझ कम है, जिसकी वजह से वह अपने करियर के आखिरी दौर में खुलकर खेल रहे हैं। न्यूजीलैंड को मुकाबले में बने रहने के लिए मिशेल को और ज्यादा मेहनत करनी होगी।

घायल वाशिंगटन सुंदर की जगह टीम में आयुष बडोनी को शामिल किया गया है, जिसका मुख्य कारण हाल के दिनों में उनकी पार्ट-टाइम गेंदबाजी में मिली सफलता है।

हालांकि, नीतीश कुमार रेड्डी पहले से ही टीम में हैं। हालात तय करेंगे कि बडोनी को डेब्यू का मौका मिलेगा या नहीं। साथ ही अर्शदीप सिंह प्रसिद्ध कृष्णा की जगह ले सकते हैं।

**भारत (संभावित):** शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, 3 विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), नीतीश कुमार रेड्डी/आयुष बडोनी, रवींद्र जडेजा, हर्षित राणा, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज

न्यूजीलैंड (संभावित): डेवोन कॉनवे, हेनरी निकोल्स, विल यंग, डेरिल मिशेल, मिशेल हे (विकेटकीपर), ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल (कप्तान), क्रिश्चियन क्लार्क, काइल जैमीसन, जैक फाउल्क्स, आदित्य अशोक/जेडेन लेनोक्स

वडोदरा की तरह राजकोट में भी मौसम सुहावना है। वडोदरा में इतनी ओस नहीं थी कि गेंद पकड़ने में मुश्किल हो, लेकिन ठंडे तापमान में पिच थोड़ी तेज हो गई थी। अगर आप पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पारी को अधिकतम करते हैं, तो राजकोट में टॉस इतना बड़ा फैक्टर नहीं होना चाहिए क्योंकि टीमें अब मध्यम मात्रा में ओस से निपटने की आदी हो गई हैं।

# बांग्लादेश से अपने रुख पर फिर से विचार करे: आईसीसी




यह घटनाक्रम कल दोपहर में बीसीबी और आईसीसी के बीच हुई एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान हुआ

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने मंगलवार को घोषणा की कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने उनसे आगामी टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में उनकी भागीदारी पर अपने रुख पर फिर से विचार करने का अनुरोध किया है।

यह घटनाक्रम दोपहर में बीसीबी और आईसीसी के बीच हुई एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान हुआ। बांग्लादेश की भागीदारी पर सवाल बना हुआ है क्योंकि बीसीबी ने आईसीसी से सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए अपने वेन्यू को भारत से सह-मेजबान श्रीलंका में स्थानांतरित करने के लिए कहा था, जब बीसीसीआई ने दोनों देशों के बीच मौजूदा राजनीतिक तनाव के कारण आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स को मुस्तफिजुर रहमान को अपनी टीम से रिलीज करने का निर्देश दिया था।

वीडियो कॉन्फ्रेंस में बीसीबी का प्रतिनिधित्व उसके अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम, उपाध्यक्ष शकावत हुसैन और फारूक अहमद के साथ-साथ निदेशक और क्रिकेट संचालन समिति के अध्यक्ष नजमुल आबेदीन और सीईओ निजाम उद्दीन चौधरी ने किया। बीसीबी ने एक बयान में कहा कि चर्चाओं के दौरान, बीसीबी ने सुरक्षा चिताओं का हवाला देते हुए भारत न जाने के फैसले के संबंध में अपनी स्थिति की पुष्टि की। बोर्ड ने आईसीसी से बांग्लादेश के मैचों को भारत के बाहर स्थानांतरित करने पर विचार करने का भी अनुरोध दोहराया। इसमें कहा गया है कि जबकि आईसीसी ने इस बात पर जोर दिया कि टूर्नामेंट का कार्यक्रम पहले ही घोषित किया जा चुका है और बीसीबी से अपने रुख पर फिर से विचार करने का अनुरोध किया है, बोर्ड की स्थिति अपरिवर्तित है। दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि संभावित समाधान खोजने के लिए चर्चा जारी रहेगी।

खेल विशेष

## बल्लेबाजी क्रम में बदलाव का फैसला काम नहीं आया: नायर

**नवी मुंबई।** यूपी वॉरियर्ज (यूपीडब्ल्यू) के कोच अभिषेक नायर ने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव को विपक्षी टीम के आधार पर बनाई गई रणनीति बताया और माना कि हरलीन देओल को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) के खिलाफ ओपनिग कराने का फैसला गलत था। उन्होंने इस फैसले की पूरी जिम्मेदारी खुद पर ली। इस मैच में किरण नवगिरे को नंबर-4 पर बल्लेबाजी के लिए भेजा गया, जबकि उन्होंने पहले मैच में ओप. निग की थी। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में नायर ने सोमवार को कहा कि हमें लगा कि उस वक्त स्विग करती हुई गेंद के साथ हरलीन पावरप्ले में कुछ वैल्यू जोड़ सकती हैं। इस मैच में यूपीडब्ल्यू, डब्ल्यूपीएल 2026 में अपना लगातार दूसरा मैच हार गई। नायर ने कहा कि हरलीन तकनीकी तौर पर बहुत मजबूत है, लेकिन आज यह रणनीति काम नहीं की और यह एक गलत फैसला साबित हुआ। मैं इसकी पूरी जिम्मेदारी लेता हूं। लेकिन इसके पीछे सोच यह थी कि टीम को ऊपर कुछ मजबूती मिले और जैसे-जैसे पिच बेहतर हो, तो बाद में हमें नवगिरे का पावर भी मिले। हमने शुरुआत में थोड़ी स्विग की उम्मीद की थी। मुझे लगा कि मध्य क्रम में किरण नवगिरे के लिए ए मैच-अप काम करेगा। आज काम नहीं किया। इसलिए मैं थोड़ा सा नासमझ भी लग सकता हूं। जीटी के खिलाफ यूपीडब्ल्यू के पहले मैच में नवगिरे चार गेंद पर एक रन बनाकर आउट हुई थीं, जबकि देओल दो गेंद पर बिना खाता खोले पवेलियन में थीं। हालांकि फीबी की 78 और निचले क्रम की उपयोगी पारियों ने यूपीडब्ल्यू को 200 के ऊपर के लक्ष्य से काफी करीब पहुंचा दिया था और टीम सिर्फ दस रन से हारी थी। इन्हीं उपयोगी पारियों में से एक पारी श्वेता की भी थी, जिन्होंने 17 गेंद पर 25 रन बनाए।

## प्रभसिमरन, गेंदबाजों ने पंजाब को सेमीफाइनल में पहुंचाया

**बेंगलुरु, वार्ता।** कप्तान प्रभसिमरन सिंह की 88 रन की शानदार पारी और गेंदबाजों के सधे प्रदर्शन से पंजाब ने मध्य प्रदेश को मंगलवार को 183 रन के बड़े अंतर से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

पंजाब ने 50 ओवर में छह विकेट पर 345 रन का विशाल स्कोर बनाने के बाद मध्य प्रदेश को 31-2 ओवर में 162 रन पर निपटा दिया। प्रभसिमरन को उनकी शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। प्रभसिमरन ने 86 गेंदों पर 88 रन की पारी में 10 चौके और दो छक्के लगाए। हरनूर सिंह ने 51 और अनमोलप्रीत सिंह ने 70 रन का योगदान दिया। नेहाल वढेरा ने 38 गेंदों में आठ चौकों और एक छक्के की मदद से तूफानी 56 रन बनाए। मध्य प्रदेश की तरफ से



त्रिपुरेश सिंह और वेंकटेश अय्यर ने दो-दो विकेट लिए। मध्य प्रदेश की तरफ से रजत पाटीदार ने सर्वाधिक 38 और त्रिपुरेश सिंह ने 31 रन बनाए। पंजाब की तरफ से सनवीर सिंह ने तीन और गुरनूर बरार, कृष भगत तथा रमनदीप सिंह ने दो-दो विकेट लिए।

## जोकोविच ने राओनिक के रिटायरमेंट पर दी भावुक प्रतिक्रिया



● नोवाक जोकोविच ने राओनिक को उनके यादगार करियर के लिए बधाई दी

**मेलबर्न, वार्ता।** मिलोस राओ. निक ने रविवार को सोशल मीडिया के जरिए प्रोफेशनल टेनिस से रिटायरमेंट की घोषणा की।

इस खबर के बाद, नोवाक जो. कोविच ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक दिल को छू लेने वाला मैसेज शेयर किया, जिसमें उन्होंने राओनिक को उनके यादगार करियर के लिए बधाई दी। जोको. विच ने लिखा कि एक शानदार करियर के लिए बधाई। फेलिक्स ऑगर-एलियासिम, जिन्होंने 2024 पेरिस ओलंपिक में डबल्स में राओनिकके साथ पार्टनरशिप की थी, उन्होंने भी इंस्टाग्राम पर एक मैसेज शेयर किया। उन्होंने लिखा कि अब तक के सबसे महान कनाडाई। आपने कनाडाई टेनिस में जो कुछ भी योगदान दिया, उसके लिए धन्यवाद और व्यक्तिगत तौर पर इतने सालों तक एक शानदार उदाहरण और मेंटर बनने के लिए धन्यवाद। बियांका एंड्रीस्कू, स्टीव नैश, जोस बॉतिस्ता, वेरा वैंग, जॉन इस्नर और जजि बर्ग्स उन सितारों में से थे जिन्होंने इंस्टाग्राम पर राओनिक की रिटायरमेंट पोस्ट पर कमेंट्स में अपने मैसेज शेयर किए। एंड्रीस्कू ने कमेंट किया कि कनाडाई लेजेंड।

# विंडीज ने अफगानिस्तार सीरीज के लिए घोषित की टी-20 टीम

**नई दिल्ली, वार्ता।** क्वेंटिन सैम्पसन को पहली बार अंतर्राष्ट्रीय टीम में जगह मिली है, वेस्टइंडीज ने अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए 16 सदस्ईय टीम की घोषणा की है, जो 19 से 22 जनवरी तक दुबई में खेली जाएगी। नियमित कप्तान शाई होप की गैरमौजूदगी में ब्रैंडन किग टीम की कप्तानी करेंगे, जो अपने एस ए 20 कमिटमेंट्स के कारण उपलब्ध नहीं हैं। होप उन चार खिलाड़ियों में से एक हैं जो इस कारण से सीरीज से बाहर हैं, उनके साथ रोस्टन चेज, अकील हुसैन और शेरफेन रदरफोर्ड भी हैं। 25 वर्षीय गयाना अमेजन वॉरियर्स के बल्लेबाज सैम्पसन कैरेबियन प्रीमियर लीग 2025 के बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक थे, उन्होंने नौ मैचों में 151-57 के स्ट्राइक रेट से 241 रन बनाए थे। शमर जोसेफ और एविन लुईस भी टीम में वापस आ गए हैं, पिछली सीरीज में लगी चोटों से उबरने के बाद उन्हें खेलने की मंजूरी मिल गई है।

# भारत के खिलाफ सीरीज के बाद संन्यास लेंगे हीली

**ऐलिसा हीली को 2023 के अंत तक में मेग लेनिग की जगह टीम की कमान दी थी**

**अब वह भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज नहीं खेलगी, डे नाइट टेस्ट के साथ करियर का अंत करेंगी**




**मेलबर्न, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया की कप्तान और आठ विश्व कप खिताब जीतने वाली दुनिया की सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक एलिसा हीली, फरवरी-मार्च 2026 में भारत के खिलाफ होने वाली मल्टी-फॉर्मेट घरेलू सीरीज के बाद क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास ले लेंगी।

हीली को 2023 के अंत में मेग लेनिग की जगह ऑस्ट्रेलिया का पूर्णकालिक कप्तान बनाया गया था। वह भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज नहीं खेलेंगी, लेकिन वनडे और फिर 6-9 मार्च को वाका में होने वाले डे-नाइट टेस्ट के साथ अपने करियर का अंत करेंगी। हीली ने विलो टॉक पॉडकास्ट पर कहा कि यह निर्णय काफी समय से मेरे जेहन में था। पिछले कुछ साल मानसिक रूप से बहुत ज्यादा मुश्किल रहे। कुछ चोटें भी रहीं। मुझे हर बार अपने भीतर जाकर ऊर्जा ढूंढनी पड़ती थी और वापस लौटना मुश्किल हो रहा था। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा जीतना चाहती हूं, मैदान पर खुद को चुनौती देना चाहती हूं। लेकिन जैसे-जैसे उम्र बढ़ी है, वह धार कुछ कम हुई है। पूरी नहीं गई है, लेकिन थोड़ी कम हुई है। पिछला डब्ल्यूपीएल मेरे लिए एक तरह से अलर्ट था। तब मैं सुबह उठकर सोचती थी, 'आज एक और मैच' खेलना है। यह बात मुझे हैरान कर गई, क्योंकि मैं हमेशा सोचा करती थी कि मुझे यह खेल बहुत पसंद है। हालांकि संन्यास का विचार उनके मन में आने लगा था, लेकिन घोषणा कुछ देर से हुई। यह भी तय हो गया कि वह 2026 में इंग्लैंड में होने वाले महिला टी-20 विश्व कप तक नहीं खेलेंगी। हीली ने कहा कि उस टूर्नामेंट तक खिचते रहना ष्टीम-साथियों के साथ ठीक नहीं होता। हीली ने कहा कि भारत के खिलाफ यह सीरीज हमारे कैलेंडर की सबसे बड़ी सीरीज में से एक है। घर पर टीम की कप्तानी करते हुए टीम-साथियों और परिवार के बीच करियर समाप्त करना मेरे लिए बहुत खास होगा। भारत में विश्व कप में समाप्त करना भी अच्छा होता, लेकिन घर पर खत्म करना बहुत खास होता है। उन्होंने कहा कि जदिगी सिर्फ क्रिकेट नहीं है, इससे बहुत आगे भी है। मैं इसी नजरिए की वजह से खुद को भाग्यशाली मानती हूं। संन्यास लेना डरावना हो सकता है, लेकिन मैं भविष्य के लिए उत्साहित हूं। मार्च के बाद की जदिगी भी उतनी ही रोमांचक होगी। हीली ने ऑस्ट्रेलिया के लिए फरवरी 2010 में 19 साल की उम्र में डेब्यू किया था और उन्होंने वनडे में 3500 से अधिक रन बनाए हैं। टी-20 में वह 3054 रन के साथ करियर समाप्त करेंगी, जिसमें नाबाद 148 उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। यह पूर्णकालिक देशों में सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है। वह ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरी सबसे ज्यादा टी-20 खेलने वाली खिलाड़ी हैं और विकेट के पीछे से सबसे ज्यादा टी-20 शिकार का विश्व रिकॉर्ड भी उनके नाम है। उन्होंने 2010, 2012, 2014, 2018, 2020 और 2023 में महिला टी-20, जबकि 2013 और 2022 में वनडे विश्व कप जीता। वह 2018 और 2019 में आईसीसी की टी-20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर भी रहीं। हीली भारत सीरीज की तैयारी के लिए आने वाले हफ्तों में न्यू साउथ वेल्स के लिए डब्ल्यूएनसीएल खेलेंगी, लेकिन डब्ल्यूबीबीएल में सिडनी सिक्सर्स के लिए उनका आखिरी मैच भी हो चुका है।

# सफलता, धैर्य और वर्षो के अनदेखे प्रयास पर बनती है: अमन

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई में परंपरा और आधुनिक खेल महत्वाकांक्षा का एक शक्तिशाली संगम देखने को मिला, जब ओलंपिक कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत ने 12 जनवरी को शहर भर में एक दिवसीय युवा और अखाड़ा कनेक्ट दौरे का समापन किया।

इवेंट के बाद अब सारा ध्यान प्रो रेसलिंग लीग पर है, जो 16 जनवरी से शुरू होने वाली है, जिसमें एस्पेक्ट ग्लोबल वेंचर्स की स्पोर्ट्स शाखा एस्पेक्ट स्पोर्ट्स के स्वामित्व वाली और एपीसीओ इंफ्राटेक के साथ साझेदारी में टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल (टीओएमडी) अपना बहुप्रतीक्षित डेब्यू करेगी। पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों के पदक विजेता, सहरावत ने मुंबई भर के कॉलेज छात्रों और जमीनी स्तर के पहलवानों के साथ बातचीत की, और पारंपरिक अखाड़ा प्रशिक्षण से लेकर दुनिया के सबसे बड़े खेल मंच तक की अपनी यात्रा साझा की। मुंबई में सुबह-सुबह ट्रेनिग



● अमन सहरावत ने 12 जनवरी को शहर भर में एकदिवसीय युवा और अखाड़ा कनेक्ट दौरे का समापन किया

सेशन के साथ अपने दिन की शुरुआत करते हुए, सहरावत ने बाद में बांद्रा में एक कॉलेज मीट-एंड-ग्रीट के दौरान छात्रों के साथ बातचीत की, जहां उन्होंने युवा एथलीटों और खेल प्रेमियों को संबोधित किया, और इस विचार को मजबूत किया कि कुलीन सफलता अनुशासन, धैर्य और वर्षों के अनदेखे प्रयास पर बनती है। एस्पेक्ट ग्लोबल वेंचर्स की कार्यकारी अध्यक्ष और टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल की मालिक, अक्ष कंबोज ने कहा कि एक नई फ्रेंचाइजी के तौर पर, हमारे लिए सही संदेश के साथ शुरुआत करना महत्वपूर्ण था। अमन उस चीज का प्रतीक हैं जिसके लिए हम टीओएमडी को खड़ा करना चाहते हैं, जो कि जमीनी स्तर की ताकत, अनुशासन और प्रक्रिया में विश्वास है। यह दौरा सिर्फ प्रो रेसलिंग लीग में हमारे आगमन की घोषणा करने के बारे में नहीं था, यह यह दिखाने के बारे में था कि हम किस तरह की टीम बना रहे हैं। इस दौरे के सबसे यादगार पलों में से एक सहरावत का माटुंगा अखाड़े का दौरा था, जहां उन्होंने प्रशिक्षण मुकाबलों को देखा, युवा पहलवानों के साथ करीब से बात. चीत की, और उस प्रशिक्षण माहौल में कदम रखा जो भारतीय कुश्ती की जमीनी संस्कृति को परिभाषित करता है। एक ओलंपिक पदक विजेता की उसी मिट्टी पर खड़े होने की तस्वीर, जहां भविष्य के पहलवान प्रशिक्षण लेते हैं, ने खेल की भावना और टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल जिस लोकाचार का निर्माण कर रहे हैं, उसे दर्शाया। टाइगर्स इस सीजन में एक नई फेंचाइजी के रूप में स्पष्ट इरादे के साथ प्रो रेसलिग लीग में प्रवेश कर रहे हैं, उन्होंने 2026 की नीलामी में सहरावत को 51 लाख रुपये में हासिल किया है, जिससे वह लीग में सबसे अधिक भुगतान पाने वाले भारतीय पहलवानों में से एक बन गए हैं और टीम के डेब्यू अभियान की आधारशिला हैं। सहरावत कहा कि प्रो रेसलिंग लीग के पहले सीजन में टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल को रिप्रेजेंट करना रोमांचक है, और मैं चाहता हूं कि युवा पहलवान यह विश्वास करें कि उनका रोजाना का संघर्ष मायने रखता है। प्रो रेसलिंग लीग 16 जनवरी को शुरू होने वाली है, और सहरावत के मुंबई टूर ने टीओएमडी के पहले सीजन के लिए मंच तैयार करने में मदद की है, जिससे शुरुआती चर्चा हुई है और फेंचाइजी को एक ऐसी फ्रेंचाइजी के रूप में रेखांकित किया गया है जो परंपरा में निहित है, फिर भी प्रतिस्पर्धी उत्कृष्टता पर दृढ़ता से केंद्रित है।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, मुरादाबाद।**

पत्रांक :-34/ई0 निविदा/2025-26 — **अल्पकालीन ई-निविदा सूचना** — दिनांक :-08.01.2026

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग, मुरादाबाद द्वारा क0सं0-1 से 22 तक कार्यों के लिए ए.बी.सी व डी श्रेणी (मार्ग श्रेणी) में पंजीकृत पात्र निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रसं | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा काल सहित) | निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी व जी0एस0टी सहित (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | मुरादाबाद | वित्तीय वर्ष 2025-26 में विशेष मरम्मत के अन्तर्गत एम.एच.डी. मार्ग से चकजगावली मार्ग की मरम्मत एवं सुधार का कार्य | 13.62 | 1.37 | 2 माह | 225+500+41 =766 |
| 2 | मुरादाबाद | वित्तीय वर्ष 2025-26 में विशेष मरम्मत के अन्तर्गत एम.एच.डी. मार्ग से भीकनपुर असदलपुर मार्ग की मरम्मत एवं सुधार का कार्य | 26.87 | 2.69 | 2 माह | 300+500+54 =854 |
| 3 | मुरादाबाद | वित्तीय वर्ष 2025-26 में विशेष मरम्मत के अन्तर्गत एम.एच.डी. मार्ग से संदलीपुर मार्ग की मरम्मत एवं सुधार का कार्य | 19.14 | 1.92 | 2 माह | 300+500+54 =854 |
| 4 | मुरादाबाद | वित्तीय वर्ष 2025-26 में विशेष मरम्मत के अन्तर्गत एम.एच.डी. मार्ग से छज्जूपुरा दोयम होते हुए हरिद्वारी मार्ग की मरम्मत एवं सुधार का कार्य | 29.88 | 2.99 | 2 माह | 300+500+54 =854 |
| 5 | मुरादाबाद | वित्तीय वर्ष 2025-26 में विशेष मरम्मत के अन्तर्गत जनपद मुरादाबाद में ग्राम अलीपुरा कुई से बुढेरना की पुलिया तक मार्ग की मरम्मत एवं सुधार का कार्य | 10.00 | 1.00 | 2 माह | 225+500+41 =766 |
| 6 | मुरादाबाद | वित्तीय वर्ष 2025-26 में विशेष मरम्मत के अन्तर्गत जनपद मुरादाबाद में ग्राम डुडैला से नगला जट सम्पर्क मार्ग की मरम्मत एवं सुधार का कार्य | 14.70 | 1.47 | 2 माह | 225+500+41 =766 |
| 7 | मुरादाबाद | वित्तीय वर्ष 2025-26 में विशेष मरम्मत के अन्तर्गत जनपद मुरादाबाद में ग्राम शाहपुर अब्दुलयारी नहर की पटरी मार्ग से अलीपुरा कुई सम्पर्क मार्ग की मरम्मत एवं सुधार का कार्य | 13.17 | 1.32 | 2 माह | 225+500+41 =766 |
| 8 | मुरादाबाद | वित्तीय वर्ष 2025-26 में विशेष मरम्मत के अन्तर्गत जनपद मुरादाबाद में धनौरा-अमरोहा - कांठ मार्ग से आवी हाफिजपुर सम्पर्क मार्ग की मरम्मत एवं सुधार का कार्य | 5.40 | 0.54 | 2 माह | 225+500+41 =766 |
| 9 | मुरादाबाद | वित्तीय वर्ष 2025-26 में विशेष मरम्मत के अन्तर्गत जनपद मुरादाबाद में नहर की पुलिया से रूस्तमपुर मार्ग में मरम्मत एवं सुधार का कार्य | 33.17 | 3.32 | 2 माह | 300+500+54 =854 |
| 10 | मुरादाबाद | वित्तीय वर्ष 2025-26 में विशेष मरम्मत के अन्तर्गत बाढ़ एवं अतिवृष्टि के कारण सहसपुर से राजेपुर खददर मार्ग की मरम्मत एवं सुधार का कार्य | 10.61 | 1.07 | 2 माह | 225+500+41 =766 |
| 11 | मुरादाबाद | वित्तीय वर्ष 2025-26 में विशेष मरम्मत के अन्तर्गत भीकनपुर नन्हैड़ा कैलसा मार्ग से करनपुर की मढैया मार्ग की मरम्मत एवं सुधार का कार्य | 16.34 | 1.64 | 2 माह | 300+500+54 =854 |
| 12 | मुरादाबाद | वित्तीय वर्ष 2025-26 में विशेष मरम्मत के अन्तर्गत भीकनपुर हकीमपुर मार्ग से अन्यारी मार्ग की मरम्मत एवं सुधार का कार्य | 9.75 | 0.98 | 2 माह | 225+500+41 =766 |
| 13 | मुरादाबाद | वित्तीय वर्ष 2025-26 में विशेष मरम्मत के अन्तर्गत भीकनपुर हकीमपुर मार्ग से बैरमपुर मार्ग की मरम्मत एवं सुधार का कार्य | 12.75 | 1.28 | 2 माह | 225+500+41 =766 |
| 14 | मुरादाबाद | वित्तीय वर्ष 2025-26 में विशेष मरम्मत के अन्तर्गत भीकनपुर हकीमपुर मार्ग से हरकिशनपुर तक मार्ग की मरम्मत एवं सुधार का कार्य | 21.70 | 2.17 | 2 माह | 300+500+54 =854 |
| 15 | मुरादाबाद | वित्तीय वर्ष 2025-26 में विशेष मरम्मत के अन्तर्गत मुरादाबाद बाईपास भाग-।। के चैनेज-0.297 से 0.387 तक के भाग में मरम्मत एवं सुधार का कार्य | 19.19 | 1.92 | 2 माह | 300+500+54 =854 |
| 16 | मुरादाबाद | वित्तीय वर्ष 2025-26 में विशेष मरम्मत के अन्तर्गत हसुपुरा से फतनपुर मार्ग के चैनेज-0.150 से 0.265 तक के भाग में मरम्मत एवं सुधार का कार्य | 6.43 | 0.65 | 2 माह | 225+500+41 =766 |
| 17 | मुरादाबाद | वित्तीय वर्ष 2025-26 में विशेष मरम्मत के अन्तर्गत ठाकुरद्वारा रतुपुरा मार्ग से ताजपुर वाया पीपलगांव, खबड़िया घाट, रोहल मार्ग पर स्थित खानपुर कस्बा में अम्बेडकर के पास नाला निर्माण का कार्य | 9.60 | 0.96 | 2 माह | 225+500+41 =766 |
| 18 | मुरादाबाद | वित्तीय वर्ष 2025-26 में विशेष मरम्मत के अन्तर्गत कांठ मार्ग से लोधीपुर रेलवे स्टेशन वाया काजीपुरा जवाहरनगर मार्ग में मरम्मत एवं सुधार का कार्य | 25.80 | 2.58 | 2 माह | 300+500+54 =854 |
| 19 | मुरादाबाद | वित्तीय वर्ष 2025-26 में विशेष मरम्मत के अन्तर्गत खदाना चोधरपुर मार्ग से डिडौरी मार्ग में मरम्मत एवं सुधार का कार्य | 31.78 | 3.18 | 2 माह | 300+500+54 =854 |
| 20 | मुरादाबाद | वित्तीय वर्ष 2025-26 में विशेष मरम्मत के अन्तर्गत चौधरपुर शाहपुर तिगरी ज्ञानपुर से रसलूपुर सुनवाती मार्ग की मरम्मत एवं सुधार का कार्य | 21.95 | 2.20 | 2 माह | 300+500+54 =854 |
| 21 | मुरादाबाद | वित्तीय वर्ष 2025-26 में विशेष मरम्मत के अन्तर्गत डिडौरी से कंजीवाला मार्ग में मरम्मत एवं सुधार का कार्य | 33.43 | 3.35 | 2 माह | 300+500+54 =854 |
| 22 | मुरादाबाद | वित्तीय वर्ष 2025-26 में विशेष मरम्मत के अन्तर्गत बाढ़ एवं अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त पुराना टी0एम0 मार्ग में मरम्मत एवं सुधार का कार्य | 9.47 | 0.95 | 2 माह | 225+500+41 =766 |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.inपर दिनांक 16.01.2026 से 22.01.2026 है जो कि दिनांक 22.01.2026 को समय दोपहर 12.00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 22.01.2026 को समय दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा के नियम/शर्तें और विवरण वेबसाइटhttp://etender-up-nic.पर उपलब्ध हैं। शासनादेश सं-879(1)/23-7-2020 दिनांक 25-08-2020 एवं प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष के पत्रांक-4650/ 4एन-एल0सी0/2020 दिनांक 27.08.2020 के अनुरूप निविदादाता को प्रहरी यू0आर0एल0 http://wms.uppwd.gov.in/prahari/ पर लॉग इन कर आवश्यक अभिलेख अपलोड करने होगें।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.inपर उपलब्ध है।

सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
मुरादाबाद

UPID: 243799 Date: 12/01/2026
Website: www.up.gov.in

(कुलदीप सन्त)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
मुरादाबाद
(महामहिम राज्यपाल की ओर से)

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टेंपो को मारी टक्कर हादसे में होमगार्ड सहित कई लोग घायल

**मुरादाबाद।** जनपद के छजलैट थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने एक टेंपो को टक्कर मार दी, जिससे उसमें सवार होमगार्ड समेत दो से तीन लोग घायल हो गए। हादसा इतना भीषण था कि टेंपो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गंभीर रूप से घायल होमगार्ड को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार रजपुरा थाने में तैनात होमगार्ड होतीलाल शर्मा, मतलबपुर पुलिस फायरिंग रेंज में ट्रेनिंग के लिए जा रहा था। वह अन्य लोगों के साथ एक टेंपो में सवार था। जैसे ही टेंपो छजलैट थाना क्षेत्र के गांव मंगली मानपुर के पास पहुंचा, सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टेंपो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के



बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ जुट गई।सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पताल भिजवाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल होमगार्ड को जिला अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

घटना के संबंध में पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

## शहर में ई-रिक्शाओं की भरमार, जाम लगना आम बात

**चन्दौसी।** नगर में नो-एंट्री लागू होने के बावजूद बड़े वाहन धड़ल्ले से बाजार क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं। वहीं, नगर में ई-रिक्शाओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। प्रतिदिन चन्दौसी नगरपालिका क्षेत्र में तीन हजार से अधिक ई-रिक्शे सड़कों पर सरपट दौड़ते नजर आते हैं। इधर, अतिक्रमण की समस्या भी दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है, जिससे सड़कें लगातार संकरी होती जा रही हैं। इसका सीधा असर यातायात व्यवस्था पर पड़ रहा है। मंगलवार को संभल गेट पर ई-रिक्शाओं और अन्य वाहनों की अधिकता के कारण जाम जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। ई-रिक्शाओं के लिए कोई निर्धारित रूट न होने के कारण अक्सर जाम लगता है। सैकड़ों ई-रिक्शे एक साथ आवागमन करते नजर आते हैं जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग जाती हैं। करीब आधे घंटे तक वाहन जाम में फंसे रहे और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

# सरस्वती विद्या मंदिर में मनाया गया लोहड़ी एवं मकर संक्रांति का संयुक्त उत्सव

### परंपरागत खिचड़ी भोज व रेवड़ी वितरण से छात्रों ने जाना त्योहारों का महत्व

**ठाकुरद्वारा।** सर्दियों के दो प्रमुख त्योहारों, लोहड़ी और मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में सरस्वती विद्या मंदिर में मंगलवार को एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने आचार्यों व प्रधानाचार्य के मार्गदर्शन में पारंपरिक रीति-रिवाजों से इन त्योहारों को मनाकर अपनी सांस्कृतिक धरोहर को समझा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पारंपरिक खिचड़ी भोज एवं रेवड़ी का वितरण रहा। यह व्यवस्था विद्यालय के आचार्यगणों के सहयोग से की गई, जिसमें सभी छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मान्यता है कि मकर संक्रांति पर तिल-गुड़ से बने व्यंजन जैसे रेवड़ी और गुड़ की खिचड़ी खाने का विशेष महत्व होता है, जो शरीर को ऊर्जा देते हैं। मकर संक्रांति (14/15 जनवरी) यह एक राष्ट्रव्यापी धार्मिक पर्व है, जो सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने पर मनाया जाता है। इस दिन पवित्र स्नान, दान और कई क्षेत्रों में पतंगबाजी का विशेष महत्व है।

कार्यक्रम में प्रधानााचार्य अशोक कुमार ने कहा, विद्यालय का उद्देश्य केवल पाठ्यक्रम तक सीमित शिक्षा देना नहीं, बल्कि छात्रों को हमारी




समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं से भी जोड़ना है। ऐसे आयोजन बच्चों में सामूहिक सद्भाव और अपने रीति-रिवाजों के प्रति जागरूकता पैदा करते हैं। छात्राओं ने बताया कि इससे पहले वे घर पर ही त्योहार मनाती थीं, लेकिन स्कूल में सभी साथियों और शिक्षकों के साथ मिलकर मनाने का अनुभव बिल्कुल अलग और शिक्षाप्रद रहा। इस कार्यक्रम में विद्यालय के आचार्य लवकुश रघुवंशी, उत्कर्ष चौरावल, रमेश कुमार, निवेश कुमारी, रितु रानी, मीनू पंत, महक गोयल, श्वेता तिवारी, निर्वेश कुमारी, अंजलि एवं मनोज कुमारी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## अवंतिका सांई पब्लिक स्कूल में धूमधाम के साथ मनाया गया लोहड़ी का त्यौहार



**मुरादाबाद।** अवंतिका सांई पब्लिक स्कूल में मंगलवार को लोहड़ी पर्व शिक्षको और शिक्षिकाओं के द्वारा अत्यंत उत्साह, उमंग और पारंपरिक अंदाज में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी सजावट से सजाया गया, जिससे पूरे वातावरण में पंजाबी संस्कृति की सुंदर झलक देखने को मिली।कार्यक्रम की शुरुआत लोहड़ी की अग्नि प्रज्वलन के साथ हुई। इस दौरान शिक्षिकाओं ने मूंगफली, रेवड़ी, गुड़ एवं तिल अर्पित कर सुख-समृद्धि, खुशहाली और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इसके पश्चात सभी शिक्षिकाओं ने पारंपरिक लोहड़ी गीतों पर भांगड़ा कर पर्व की खुशियां साझा कीं और एक-दूसरे को लोहड़ी की शुभकामनाएं दीं।विद्यालय के प्रबंधक ने लोहड़ी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लोहड़ी पर्व आपसी भाईचारे, नई ऊर्जा और सकारात्मकता का प्रतीक है। ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम हमारी समृद्ध परंपराओं को जीवित रखने के साथ-साथ समाज में सामूहिकता और सौहार्द की भावना को मजबूत करते हैं।कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिकाओं नंदिनी, अपर्णा, हेमा, राशि, सपना, रुचिता, स्वाति, भव्या, शुभि, आरती, दिव्यांशी, आस्था, निशा, उफतेशाम सहित समस्त स्टाफ का पूर्ण सहयोग रहा। विद्यालय परिवार ने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के निरंतर आयोजन का संकल्प लिया।

# देश की सुरक्षा में तैनात जवानों और पुलिस कर्मियों को पेंशन सुविधा देने की उठाई मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** पूर्व सांसदों और विधायकों की पेंशन बंद करने तथा देश की सुरक्षा में तैनात जवानों और पुलिस कर्मियों को पेंशन सुविधा देने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया। भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के पदाधिकारियों और कार्यकथाओं ने प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।दिए गए ज्ञापन में मांग की गई है कि वर्ष 2004 में उत्तर प्रदेश पुलिस की बंद की गई पेंशन को पुनः चालू किया जाए। साथ ही पीआरडी और होमगार्ड जवानों को सेवानिवृत्ति के बाद कम से कम 10 हजार रुपये मासिक पेंशन देने की व्यवस्था की जाए। वक्ताओं ने कहा कि पुलिस, होमगार्ड और पीआरडी के जवान कठिन परिस्थितियों में लगातार 12-12 घंटे ड्यूटी कर कानून व्यवस्था बनाए रखते हैं, इसके बावजूद उन्हें पर्याप्त सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं।ज्ञापन में यह भी मांग उठाई गई कि पुलिसकर्मियों की




ड्यूटी अवधि 12 घंटे निश्चित की जाए, जिससे उन्हें मानसिक और शारीरिक राहत मिल सके। वक्ताओं ने कहा कि देश की प्रगति में जवान और किसान की अहम भूमिका होती है, ऐसे में उनकी सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुनहपाल सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद इदरीश, रविन्द्र यादव, अशरफ अली, सुनील सिंह, आकिल, सत्येन्द्र सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सभी ने सरकार से मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की।

# रेटामाफी में लाखों के शीशम पेड़ों का अवैध कटान

### किसान यूनियन की शिकायत ठंडे बस्ते में, बड़े आर्थिक खेल की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** एक ओर प्रदेश और केंद्र सरकार पर्यावरण संरक्षण को लेकर सख्त नीतियां और अभियान चला रही हैं, वहीं दूसरी ओर ठाकुरद्वारा तहसील क्षेत्र में प्रशासनिक लापरवाही और कथित आर्थिक लेनदृदेन के चलते पर्यावरण कानूनों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। तहसील क्षेत्र के ग्राम रेटामाफी में शीशम के बहुमूल्य पेड़ों के बड़े पैमाने पर अवैध कटान का गंभीर मामला सामने आया है, जिसे लेकर किसान संगठनों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इस मामले में भारतीय किसान यूनियन (भानु) ने 30 दिसंबर को उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। किसान यूनियन के मंडल उपाध्यक्ष जाकिर हुसैन सैफी ने कार्यकर्ताओं के साथ आरोप लगाया कि ग्राम रेटामाफी में ग्राम प्रधान द्वारा वन विभाग से केवल 36 शीशम के पेड़ों के कटान की अनुम. ति ली गई थी, लेकिन वन विभाग के कुछ कर्मचारियों से कथित मिलीभगत कर करीब 75 अतिरिक्त विशालकाय शीशम के पेड़ों का अवैध रूप से कटान करा दिया गया। किसान यूनियन का आरोप है कि यह पूरा अवैध कटान 100 बीघा से अधिक ग्राम समाज की वन भूमि पर किया गया, जो न सिर्फ सरकारी संपत्ति की खुली लूट है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण अधिनियम का भी गंभीर उल्लंघन है।

यूनियन नेताओं के अनुसार मामले की जांच लेखपाल द्वारा की गई थी, जिसमें अनुमति से अधिक पेड़ों का कटान मौके पर सही पाया गया, इसके बावजूद अब तक न तो दोषियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई हुई और न ही आर्थिक नुकसान की भरपाई के लिए कोई कदम उठाया गया। किसान यूनियन ने मांग की थी कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित की जाए तथा दोषी ग्राम प्रधान और वन विभाग के जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करते हुए भारी जुर्माना लगाया जाए। यूनियन ने चेतावनी दी थी कि यदि तीन दिनों के भीतर कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू करेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासनदृप्रशासन की होगी। हालांकि, सूत्रों के अनुसार यह मामला अब ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है और किसान यूनियन को भी कथित तौर पर "मैनेज" कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि अवैध रूप से काटे गए लगभग 75 शीशम के पेड़ों की बाजार कीमत 50 लाख रुपये से अधिक है, जिससे बड़े स्तर पर सरकारी राजस्व की हानि होने की आशंका जताई जा रही है। इस पूरे प्रकरण को लेकर गांव में आक्रोश और असंतोष का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो यह मामला एक बड़े घोटाले का रूप ले सकता है। अब देखना यह है कि प्रशासन पर्यावरण और सरकारी संपत्ति की रक्षा के लिए सख्त कदम उठाता है या फिर यह गंभीर मामला भी फाइलों में दबकर रह गया है।

# गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत छात्राओं ने किया जागरूक

**मुरादाबाद।** मंगलवार गोकुलद. ास हिंदू गर्ल्स कॉलेज के रेंजर्स विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा "राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 ख्र सड़क सुरक्षा अभियान तथा जीरो फैटेलिटी समाधान" के अंतर्गत रोड सेफ्टी क्लब के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान महाविद्यालय परिसर में प्रवेश के समय बिना हेलमेट और ड्राइविंग लाइसेंस के आने वाली छात्राओं व अभिभावकों की जांच की गई तथा उन्हें यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया गया।रेंजर्स एवं एनएसएस की छात्राओं ने दोपहिया और चारपहिया वाहनों से आने वाली छात्राओं व अभिभावकों के ड्राइविंग लाइसेंस और हेलमेट की जांच की। साथ ही यातायात नियमों की जानकारी देते हुए हेलमेट, सीट




बेल्ट के प्रयोग तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने का संदेश दिया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर डॉ. चारू मेहरोत्रा ने कहा कि सड़क सुरक्षा जीवन की सुरक्षा से जुड़ा विषय है। नियमों का पालन कर ही दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। कार्यक्रम का आयोजन रेंजर्स प्रभारी प्रोफेसर डॉ. एकता भाटिया एवं एनएसएस अधिकारी शिवानी गुप्ता के निर्देशन में हुआ।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिले मुरादाबाद के अधिकारी नगर आयुक्त के संकल्प की रक्षा मंत्री ने की सराहना

**मुरादाबाद।** नई दिल्ली में देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुरादाबाद की "टीम मुरादाबाद" ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान मुरादाबाद के मेयर विनोद अग्रवाल, मंडलायुक्त आंजनेय सिंह एवं नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल मौजूद रहे। मुलाकात के दौरान रक्षा मंत्री को नगर निगम द्वारा बनाये जा रहे त्रिशूल रक्षा संग्रहालय के उद्घाटन हेतु औपचारिक निमंत्रण दिया गया।भेंट के दौरान मंडलायुक्त आंजनेय सिंह ने रक्षा मंत्री को जानकारी दी कि नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना को निर्धारित समय में पूर्ण कराने के लिए एक अनोखा संकल्प लिया है। उन्होंने संग्रहालय के पूर्ण होने और उद्घाटन तक दाढ़ी न बनाने का संकल्प लिया है, ताकि कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न आए।नगर आयुक्त के



इस संकल्प को सुनकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आश्चर्यचकित भी हुए और बेहद प्रभावित भी नजर आए। उन्होंने इस संकल्प की खुले दिल से सराहना की और कहा कि इस प्रकार की प्रतिबद्धता प्रशासनिक कार्यों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है। रक्षा मंत्री ने हँसते हुए मेयर मुरादाबाद से उद्घाटन के दिन नगर आयुक्त की हजामत की व्यवस्था कराने की बात भी कही।यह मुलाक. ात सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई और टीम मुरादाबाद के प्रयासों की रक्षा मंत्री ने प्रशंसा की।

## विधवा पत्नी ने डीएम से लगाई गुहार, सुपुर्दगी में रखा बचा राशन दिलाने की मांग

**ठाकुरद्वारा।** नगर के मोहल्ला जाटवान निवासी निलंबित राशन डीलर की विधवा पत्नी ने सुपुर्दगी में रखे गए बचे हुए राशन को दिलाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी से गुहार लगाई है। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला पूर्ति अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

नगर के मोहल्ला जाटवान निवासी विधवा प्रीति पत्नी स्व विनोद कुमार ने जिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनके पति विनोद कुमार को राशन कम दर्शाने के आरोप में निलंबित किया गया था। उनका आरोप है कि जांच के दौरान खाद्यान्न की मात्रा को गलत तरीके से कम दर्शाया गया, जिससे उनके पति मानसिक रूप से टूट गए और कुछ ही दिनों बाद उनकी मृत्यु हो गई। प्रीति का कहना है कि जांच के दौरान राशन डीलर सुनील शर्मा की सुपुर्दगी में 37 कुंतल गेहूं, 34 कुंतल चावल और 6 किलो चीनी दी गई थी, जबकि जांच टीम द्वारा 33.008 कुंतल गेहूं और 40.37 कुंतल चावल कम दर्शाया गया, जो पूरी तरह गलत है। उन्होंने बताया कि नवंबर माह का राशन पहले ही सुपुर्दगी में दिया जा चुका था।

इसके बाद भी 27.78 कुंतल गेहूं और 19.42 कुंतल चावल शेष बचता है, जो उनके पति विनोद कुमार के मकान की चौहद्दी में सुरक्षित रखा हुआ है। विधवा का आरोप है कि साजिश के तहत उनके पति के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया गया, जिससे वह गहरे सदमे में चले गए और इसी कारण उनकी मृत्यु हो गई। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि सुपुर्दगी में रखे गए शेष खाद्यान्न को उन्हें दिलाया जाए। मामले को संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# सम्भल हिंसा केस में एसपी के बयान, साढ़े छह घंटे चली जिरह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** संभल हिंसा प्रकरण में सोमवार को विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट)/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह की अदालत में पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने अपने बयान दर्ज कराए। इस दौरान अभियुक्त पक्ष की ओर से साढ़े छह घंटे तक लंबी जिरह की गई। अदालत में दोपहर 12 बजे से लेकर शाम साढ़े छह बजे तक चली कार्यवाही में अभियुक्तों की ओर से कुल पांच अधिवक्ताओं ने एसपी से जिरह की। विशेष लोक अभियोजक ने बताया कि यह जिरह पूरे दिन चली और न्यायालय की कार्यवाही सुचारु रूप से संपन्न हुई।

गौरतलब है कि संभल की शाही जामा मस्जिद को हरिहर मंदिर बताए जाने के दावे से जुड़े मामले में 24 नवंबर 2024 को कराए गए सर्वे के दौरान हिंसा भड़क उठी थी। इस हिंसा में पांच लोगों की मौत हो गई थी, हालांकि एक मृतक का पोस्टमार्टम नहीं कराया गया था। हिंसा के दौरान पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई भी घायल हुए थे और उनके दोनों पैरों में छर्रे लगे थे। इस संबंध में थाना नखासा में गुलब. ुद्दीन समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया है। अभियुक्तों की ओर से अधिवक्ता विक्की अनवर, अफजाल हुसैन, मसूद अली, कमर हुसैन, जमाल पाशा सहित अन्य ने जिरह की।

# नगर में बढ़ती चोरियों से व्यापारियों में आक्रोश

## शीघ्र खुलासे की मांग को लेकर व्यापार मंडल ने घेरी कोतवाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से आक्रोशित व्यापारियों ने मंगलवार को एकजुट होकर पुलिस से चोरियों का शीघ्र खुलासा करने की मांग की। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों और व्यापारियों ने प्रभारी निरीक्षक मनोज परमार एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी आशीष प्रताप सिंह से मुलाकात कर बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताई और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग उठाई। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव सिंघल के नेतृत्व में व्यापारी कोतवाली पहुंचे। उन्होंने बताया कि बीते रविवार की रात एसडीएम कोर्ट रोड पर कोतवाली के निकट स्थित अभिषेक कुमार के साइबर कैफे के ताले तोड़कर चोरों ने करीब 70 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। जबकि 4 जनवरी को पराग मिल्क पार्लर की



दुकान का ताला तोड़कर चोर गले में रखे 10700 चोरी कर ले गए। चोरी की यह पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई, जिसकी क्लिपिंग पुलिस को सौंप दी गई है, इसके बावजूद अब तक चोरों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। व्यापारियों ने पुलिस को अवगत कराया कि नगर में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे व्यापारियों में असुरक्षा का माहौल है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते चोरियों का खुलासा नहीं हुआ तो अपराधियों के हौसले और बुलंद होंगे। इस पर प्रभारी निरीक्षक मनोज परमार ने व्यापारियों को बताया कि साइबर कैफे चोरी की घटना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और पुलिस टीम मामले की जांच में जुटी हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही चोरी की घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। इसके पश्चात व्यापारी पुलिस अधीक्षक आशीष प्रताप सिंह से भी मिले और उन्हें नगर में हुई अन्य चोरी की घटनाओं से अवगत कराया। व्यापारियों ने बताया कि इससे पूर्व पराग मिल्क पार्लर में भी चोरी की वारदात हो चुकी है, जिसका अब तक खुलासा नहीं हो पाया है। इस पर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को गश्त बढ़ाने तथा चोरी की सभी घटनाओं का शीघ्र खुलासा करने ब नशे के कारोबारियो पर अंकुश लगाने की मांग की। मुलाकात के दौरान अभिषेक कुमार, हाजी मुख्तार सैफी, किफायतुल्लाह उर्फ फत्तू खां, राहुल कुमार, मुकेश कुमार, समित कुमार, दानिश सैफी, अंसार बजाज, अरुण कुमार, फैजुल हसन सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।



# सेना प्रमुख की सफाई

भारतीय सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी ने सेना दिवस से पहले अपने वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में कई महत्वपूर्ण सवालों के जवाब दिए। कई मामलों पर उन्होंने चेताया भी साथ ही देश को पूरी तरह आश्वस्त भी किया कि देश सुरक्षित हाथों में है और सुरक्षा को लेकर कोई बड़ी चिंता करने की बात नहीं है। उन्होंने जहां ऑपरेशन सिंदूर को पूरी तरह सफल बताया और कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पूरी तरह भारत की योजन के अनुसार चला और जो भारत के लक्ष्य थे, उनको केवल 22 मिनट के भीतर ही पूरा कर लिया गया, लेकिन साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अभी पाक की तरफ से नापाक हरकतें कम होती दिखाई नहीं दे रही हैं। उनका कहना था कि नियंत्रण रेखा के पास अभी भी आठ से दस आतंकवादी शिविर सक्रिय हैं, जिनमें 100 से 150 आतंकवादी हैं। उनके अनुसार संतोष की बात यह है कि आतंकवादियों की भर्ती पिछले काफी समय से नहीं हो रही है। हालांकि उन्होंने माना कि जम्मू कश्मीर में स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन संवेदनशील बनी हुई है। चीन के संबंध में भी उन्होंने बेबाकी से सवालों के जवाब दिए। सेना प्रमुख के अनुसार उत्तरी सीमा से लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा पर स्थिति नियत बनी हुई है, लेकिन सतर्कता की निरंतर जरूरत है। शक्सगाम पाक के कब्जे वाले कश्मीर में है। चीन वहां निर्माण कर रहा है। द्विवेदी ने इस पर कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि चीन व पाक के बीच 1963 के समझौतों को भारत कभी नहीं मानेगा और यह गैर कानूनी है। अच्छी बात यह है कि भारत और चीन के बीच बातचीत का दौर जारी है। मतलब साफ है कि भारत की सीमाओं पर मिली जुली प्रतिक्रिया देखने में आ रही है और उसका लब्बोलुबाब यही है कि भारत को अपनी सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने की आवश्यकता है और वह भारत बरतता भी दिखाई दे रहा है। द्विवेदी ने जिस तरह भारतीय सेना की तैयारियों के बारे में विस्तार से बताया, उससे भी बात समझ में आती है कि भारतीय सेनाएं भलीभांति जानती हैं कि क्षेत्र के स्तर पर उनके सामने किस तरह की चुनौतियां हैं और उसी चुनौतियों के अनुसार वह अपनी ओर से तैयारी भी कर रही है। जैसीकि द्विवेदी ने कहा भी कि ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के समय दस मई की सुबह तीनों सेनाओं को शीर्ष स्तर पर दिए गए कुछ निर्देशों के बाद पाक को समझ में आ गया कि अब युद्ध रोकने का समय आ गया है। उनके अनुसार भारतीय सेना उस समय पूर्ण जमीनी ऑपरेशन के लिए तैयार थी पर पाक को इसकी भनक भी लग गई थी। जैसाकि हम जानते हैं कि ऑपरेशन सिंदूर चार दिन चला था। हालांकि ऑपरेशन सिंदूर को लेकर समय-समय पर कुछ विवादित बातें भी सामने आती रही हैं लेकिन भारतीय सेना प्रमुख की टिप्पणी से अब यह साफ हो गया है कि उन विरोधाभासी बातों में कोई दम नहीं है।

## मनरेगा बचाओ संग्राम को व्यापक समर्थन



सरकार के ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की महत्वपूर्ण योजना मनरेगा को खत्म करने के खिलाफ पार्टी के दस जनवरी से शुरू हुए मनरेगा बचाओ संग्राम को पूरे देश में व्यापक समर्थन मिल रहा है और कर्नाटक, केरल सहित कई राज्यों में इस अभियान को गति देने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए, ऐतिहा. सिक मनरेगा के स्थान पर वीबी-जी राम जी कानून लाने के केंद्र के विनाशकारी फैसले के खिलाफ राष्ट्रव्यापी मनरेगा बचाओ संग्राम के हिस्से के रूप में केरल कांग्रेस के दिन-रात के धरने की शुरुआत की, देश के हर हिस्से की तरह केरल में भी केंद्र के इस कदम को व्यापक रूप से खारिज किया गया है और लोग तब तक चैन से नहीं बैठेंगे, जब तक सरकार मनरेगा कानून को वापस नहीं लेती है। **-केसी वेणुगोपाल, महासचिव, कांग्रेस**

# गंभीर बीमारियों का खतरा दूर करने के लिए रागी और आंवला को अपनाएं





रागी एक सर्वश्रेष्ठ अनाज है जो सुनहरे या काले रंग में आता है। यह सरसों के बीज जैसा होता है। एक समय था जब रागी का सेवन मुख्य रूप से ग्रामीणों और गरीब समुदायों द्वारा किया जाता था, लेकिन जैसे-जैसे इसके स्वास्थ्य लाभों को बारे में लोगों को पता चला है तो इसे अमीर लोगों के आहार में भी अपनी जगह बना ली। हालांकि, अब केंद्र सरकार द्वारा बाजरा को बढ़ावा देने के साथ, रागी लगातार महंगी हो गई है, कभी-कभी इसकी कीमत सौ रूपए की हो जाती है।

**रागी में मौजूद हैं कई पोषक तत्व**

रागी कैल्शियम, विटामिन, खनिज और फाइबर से भरपूर है और हृदय रोग, डायबिटीज और मांसपे. शियों के स्वास्थ्य जैसी स्थितियों के लिए फायदेमंद है। अमेरिकन नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इंफॉर्मेशन (एनसीबीआई) का शोध कैंसर के खतरों को कम करने की इसकी क्षमता पर प्रकाश डाला है। आइए आपको रागी के फायदे बताते है।

**रागी के फायदे**

**हड्डियों को मजबूत बनाता है**

रागी में कैल्शियम, जिंक और फास्फोरस जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करती है। नियमित रूप से इसका सेवन करने से हड्डियां मजबूत होती हैं और इसके अलावा जीवन में ऑस्टियोपोरोसिस का खतरा कम हो सकता है।

**डायबिटीज को मैनेज करता**

रागी ग्लूटन-फ्री होता है और इस आहार में फाइबर अधिक मात्रा में होती है। जिससे यह कम ग्लाइसेमिक भोजन बनाता है। एक शोध के मुताबिक रागी के सेवन से ब्लड शुगर लेवल को कम करने में मदद करता है। रागी में 0.38 प्रतिशत कैल्शियम, 18 प्रतिशत फाइबर और 3 प्रतिशत फेनोलिक यौगिक होते हैं, जो इसे डायबिटीज विरोधी और ट्यूमर विरा. धी बनाते हैं।

**कैंसर का खतरा कम होता है**

एनसीबीआई के शोध के अनुसार, रागी में कैंसर से लड़ने गुण होते हैं, जो कैंसर के खतरे को कम करने में मदद करता है। अध्ययन में पता चला है कि रागी में मौजूद फेनोलिक यौगिक पेट के कैंसर से लड़ने में मदद करता है। इतना ही नहीं, रागी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट तत्व कोशिकाओं से मुक्त कणों को भी कम करता है, इससे ऑक्सीडेटिव तनाव को कम करता है, इससे कैंसर कोशिकाओं का बढ़ना मुश्किल हो जाता है।

**हार्ट को हेल्दी रखता**

हेल्थलाइन के मुताबिक, रागी में मौजूद फाइबर पेट में एक चिपचिपे पदार्थ में बदल जाता है, जो फैट्स के जमाव से जुड़ जाता है। इसके सेवन से बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल का खतरा कम होता जाता है। अध्ययन के मुताबिक रागी के सेवन से ट्राइग्लिसराइड के स्तर को कम करने में मदद करता है।

**एजिंग को दूर करता है**

शोध के मुताबिक, रागी में मौजूद फेनोलिक यौगिक त्वचा को चमकदार बनाता है। इसके अलावा शारीरिक कार्यों को भी तेज करता है। रागी के खाने से उम्र बढ़ने के प्रभावों को भी कम करता है।

डिस्क्लेमर: इस लेख के सुझाव सामान्य जानकारी के लिए हैं। इन सुझावों और जानकारी को किसी डॉक्टर या मेडिकल प्रोफेशनल की सलाह के तौर पर न लें। किसी भी बीमारी के लक्षणों की स्थिति में डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

### पाचन की समस्याओं को दूर करने के लिए घर पर बनाएं आंवले की गोली

आंवला एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन सी से भरपूर होता है। आंवला इम्यूनिटी बूस्ट करने में कारगर साबित हो सकता है। आंवले के सेवन से हेल्थ ठीक रहती है। आंवले का जूस पीने से शरीर हेल्दी है। आंवले को डाइट में शामिल करने से पाचन संबंधी समस्याओं में लाभदायक होता है। आप भी अपने घर पर बेहद आसान तरीके से डाइजेस्टिव खट्टी-मीठी गोलियां बनाएं। इसे बच्चे से लेकर बड़े भी खूब खाना पसंद करेंगे।

**आंवले की खट्टी-मीठी गोली बनाने के लिए सामग्री**

500 ग्राम आंवला, एक कप गुड़, सेंधा नमक स्वादानुसार, काला नमक एक चम्मच, काली मिर्च पाउडर एक चम्मच, भुना जीरा 1 चम्मच, आधा कप पिसी चीनी, एक चौथाई चम्मच हींग, नींबू का रस।

**आंवले की खट्टी-मीठी गोली बनाने की विधि**

इसके लिए आप आंवले को अच्छे से धो लें। इसके बाद कूकर में उबाल लें। उबले आंवले को कूकर से निकालें और ठंडा होने के लिए रख दें। जब ये ठंडे हो जाएं तो आवले की गुठली को निकाल दें। अब आप आंवलों को मिक्सी में डालकर पीस लें और पेस्ट तैयार कर लें। ध्यान रहे कि आंवला बारीक पीसा हुआ। पीसने में पानी का थोड़ा इस्तेमाल करें। इसके बाद पैन गर्म करें और एक कप गुड़ डालें। इसके साथ ही पिसा हुआ आंवले का पेस्ट भी जरुर डालें। धीरे-धीरे मिक्स करते हुए आप इसे भूनें। गैस को धीमा ही रखें फिर अब इसमें सारे मसाले डाल दें। भुना हुआ जीरा, काली मिर्च, हींग, काला नमक, सेंधा नमक सब डाल दें, फिर इसे अच्छे से भूनें। आप इसे जब तक चलाएं कि ए गाढ़ा ना हो जाए। जब गाढ़ा हो जाए तो इकट्ठा तो गैस को बंद कर दें और इसे ठंडा होने दें। प्लेट पर पिसी चीनी डालें और तैयार आंवले की छोटी गोली बनाएं और पिसी चीनी को इस पर लपेटें। तैयार है आंवले की गोली।

# बजट है कम और चाहते हैं घूमना तो यहां जरूर जाएं

**सोलन हिमाचल प्रदेश में स्थित एक छोटा और सबसे खूबसूरत हिल स्टेशन है। पर्यटकों के लिए यह जगह जन्नत से कम नहीं है। चौल में एक जगह है साधुपुल। इस जगह की खास बात है कि यहां आप छोटी सी नदी के बीच में टेबल लगाकर नाश्ता कर सकता हूं। जरा सोचिए, बीच नदी में चाय नाश्ता का आनंद ले सकते हैं। परवाणु- हिमाचल प्रदेश का परवाणु गर्मियों में घूमने के लिए अच्छी जगह है। यहां पर काफी शांति मिल जाएगी आपको। देखा जाए तो 760 मीटर की ऊंचाई पर बसा परवाणु हिमालय का प्रवेश द्वार है। यहां आकर आप टिम्बर ट्रेल, फलों के बाग, गुरुद्वारा नाडा साहिब, पिंजोर गार्डन, मंसा देवी मंदिर और कैक्टस गार्डन को देखना बिल्कुल भी मत भूलना। परवाणु जाने के लिए नजदीकी एयरपोर्ट चंडीगढ़ एयरपोर्ट है। वहीं अगर आप ट्रेन से जाना चाहते हैं तो कालका से यहां के लिए आपको ट्रेन मिल सकती है।**

अगर आप भी कम बजट में कहीं घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो काठमांडू आपके लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। यह नेपाल के खूबसूरत शहरों की लिस्ट में शामिल है। काठमांडू घूमना अन्य विदेशी लोकेशन के मुकाबले काफी सस्ता है। नेपाल में काठमांडू एक ऐसी जगह है, जहां पर पर्यटकों की भारी भीड़ लगी रहती है। यहां की फेमस जगहों पर घूमने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। बता दें कि यह जगह इतनी ज्यादा सुंदर है कि आपका यहां पर घंटों रुकने का मन करेगा।

**गार्डन ऑफ ड्रीम्स**

गार्डन ऑफ ड्रीम्स को एक्सप्लोर कर आपको लगेगा कि आप सपनों के बगीचे में पहुंच गए हैं। क्योंकि यहां की खूबसूरती आपका मन मोह लोगी। यह काठमांडू का फेमस पर्यटन स्थल है। अगर आप घूमने के बाद थक गए हैं, तो आपको गार्डन ऑफ ड्रीम्स जरूर जाना चाहिए। यहां की ताजगी आपको तनाव से राहत देने का काम करेगी। बता दें कि इस गार्डन को 1920 के दशक में बनाया गया था।

आप जैसे ही इस उद्यान में प्रवेश करेंगे, तो आपको हरी घास, फव्वारे और रंग-बिरंगे फूलों का नजारा देखने को मिलेगा। जो आपके मन को खुश कर देगा। बता दें कि काठमांडू एक व्यस्त शहर है। ऐसे में आप शांति और सुकून की तलाश में यहां आ सकते हैं।

**तौदाहा झील**

आपको बता दें कि काठमांडू से लगभग 6 किलोमीटर दक्षिण पश्चिम में तौदाहा झील है। यह शांत और मीठे पानी की झील है। यहां की दलदली भूमि और हरी-भरी पहाड़ियां पर्यटकों



को खासी पसंद आती हैं। वहीं अगर आप प्रकृति प्रेमी हैं और फोटोग्राफी आदि का शौक रखते हैं, तो आपको यह जगह जरूर पसंद आएगी।

**पशुपतिनाथ मंदिर**

बागमती नदी के तट पर स्थित पशुपतिनाथ मंदिर पूरी दुनिया में फेमस है। यह मंदिर काठमांडू शहर के केंद्र से लगभग 5 किलोमीटर पूर्व में स्थित है। पशुपतिनाथ मंदिर तक आने के लिए आपको टैक्सी, बस या निजी वाहन लेना पड़ेगा। इसके अलावा आप यहां पर स्वयंभू मंदिर के भी दर्शन कर सकते हैं। यह काठमांडू शहर से करीब 2 किमी दूर वेस्ट में स्थित है। इस मंदिर को लोग बंदर मंदिर के नाम से भी जानते हैं। स्वयंभू मंदिर काठमांडू घाटी के ऊपर एक पहाड़ी पर स्थित है। आप बौद्धनाथ मंदिर के भी दर्शन कर सकते हैं। यह नेपाल के सबसे बड़े स्तूपों में से एक है।

### हरियाणा के पिंजौर से एकदम नजदीक हैं ये पांच हिल स्टेशन

इस समय देश के ज्यादातर हिस्सें में गर्मी का कहर बरपा रही है। ऐसे में लोग हिल स्टेशन पर छुट्टियां बिताते हैं। यहां गर्मी से राहत तो मिलती है, साथ ही सुकूं भी बहुत मिलता है। वैसे तो भारत में कई हिल स्टेशन हैं, जहां हर साल लोग घूमने जाते हैं। लेकिन आज हम आपको हरियाणा के पिंजोर के आसपास स्थित हिल स्टेशनों के बारे में बताने जा रहे हैं। यह हिल स्टेशन ऑफबीट हिल स्टेशन की कैटेगरी में आते हैं। बता दें कि पिंजोर हिमाचल प्रदेश के काफी करीब है, यह जगह एक्सप्लोर करना किसी जन्नत से कम नहीं है। पिंजोर से 29 किमी दूर कसौली एक बहुत ही सुंदर जगह है और हिमाचल प्रदेश के सोलन में पड़ती है। ऊंचे पहाड़, घास के मैदान लोगों को भीड़ से दूर सुकून के कुछ पल देते हैं। यहां आप एडवेंचर राइडिंग और रोप वे ट्रेकिंग का मजा ले सकते हैं। इसके अलावा क्राइस्ट चर्च, सनसेट और मंकी पॉइंट देखने लायक जगह यहां एक हनुमान मंदिर भी है, जिसके बारे में कहा जाता है कि संजीवनी बूटी लाने के लिए हनुमान ने यहां अपना पैर रखा था।

**सोलन**-अगर आप भी पहाड़ घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो आप एक बार सोलन नहीं घूमा, तो इस बार यहां का टूर प्लान जरुर करें। प्राकृतिक नजारों से भरपूर है सोलन। यहां पर एक प्राचीन मंदिर है और कई पर्यटक स्थल है। पिंजोर से 48 किमी दूरी पर बसा सोलन मार्च से नवंबर तक घूमने लायक होता है। यहां पर बॉन मठ, क्राइस्ट चर्च, डगशाई जेल म्यूजियम, कुथार का किला और गिलबर्ट ट्रेल पॉपुलर ट्रेवल डेस्टिनेशन हैं।

# भविष्य की चिंता: क्या यादों को मिटने से टाला जा सकेगा

हमारी याद्दाश्त एकदम पक्की हो, यह तो हम सभी की इच्छा होती है। लेकिन फिर भी हमारे दिमाग से कई बातें बिसर जाती हैं। बिसरना, स्मृति का दूसरा पहलू है जो जीवों को बदलते पर्यावरण के अनुरूप ढलने में मदद करता है। इसलिए स्मृति को पूरी तरह से समझने के लिए उनके बनने के साथ-साथ उनके बिसरने को भी समझने की जरूरत है, जिसके प्रयास वैज्ञानिक करते आए हैं। ऐसे ही एक प्रयास में, तेल अवीव यूनिवर्सिटी के अनुवांशिकीविद ओदेद रेचावी और उनकी एक छात्रा डैना लैंडशाफ्ट बर्लिनर ने गोलकृमि (Caenorhabditis elegans) की अल्पकालिक याद्दाश्त बढ़ाने का प्रयास किया। दरअसल, CA elegans कोई भी नई जानकारी सीखने के दो-तीन घंटे बाद ही उसे भूल जाते हैं। तो, पहले तो शोधकर्ताओं ने कृमियों को उनकी एक पसंदीदा गंध को नापसंद करने के लिए प्रशिक्षित किया।

इसके लिए उन्होंने इस गंध को कृमियों को तब सुंघाया जब वे बहुत देर के भूखे थे। गंध नापसंद करना सीखने के दो घंटे बाद कृमि गंध के साथ बने इस नकारात्मक सम्बंध को भूल जाते थे और गंध की ओर फिर खिंचे चले जाते थे। यानी यदि वे गंध की ओर जाने लगें तो माना गया कि वे नापसंदगी को भूल गए हैं। फिर शोधकर्ताओं ने कृमियों को बर्फ में रखा। पाया कि कम से कम 16 घंटे तक ठंडे में रखने पर कृमियों की गंध सम्बंधी स्मृति बनी रहीं। लेकिन, जैसे ही उन्हें बर्फ से हटाया गया तो उनके स्मृति लोप की घड़ी चालू हो गई और तीन घंटे बाद वे गंध के प्रति अपनी घृणा को भूल गए। एक अन्य



प्रयोग में शोधकर्ताओं ने कृमियों को पहले रात भर बर्फ में रखा ताकि वे ठंडे वातावरण के प्रति अनुकूलित हो जाएं और फिर उन्हें गंध प्रशिक्षण दिया। और इसके बाद उनकी स्मृति बने रहने का समय मापा। वे हमेशा की तरह जल्दी ही गंध को भूल गए थे। एक और प्रयोग में उन्होंने कृमियों के एक समूह को लीथियम औषधि (दरअसल लीथियम का लवण) दी और एक को कंट्रोल के तौर पर रखा। फिर उन्होंने कृमियों में गंध से नापसंद का सम्बंध बैठाया। उन्होंने पाया कि लीथियम ने सामान्य तापमान पर भी उनकी स्मृति 5 घंटे बरकरार रखी थी, लेकिन ठंडे वातावरण के प्रति अनुकूलित कृमियों में लीथियम देने से उनकी स्मृति पर कोई असर नहीं पड़ा थाय उनकी स्मृति उसी रफ्तार से मिटी जितनी रफ्तार से गैर-लीथियम समूह की मिटी थी। शोधकर्ताओं का कहना है कि इसमें डायएसाइलग्लिसरॉल नामक एक संकेतक अणु की भूमिका लगती है। CA elegansesa यह अणु स्मृति और सीखने से सम्बंधित कोशिकीय प्रक्रिया को घटाने-बढ़ाने का काम करता है और गंध-स्मृति के लिए अहम होता है।

उनके इस निष्कर्ष का आधार यह है कि जब बर्फ एवं लीथियम से स्मृति लंबे समय तक बनी रही थी, तब उनमें डायएसाइलग्लिसरॉल के स्तर में कमी देखी गई थी। यह इसलिए भी उचित लगता है कि लीथियम उस एंजाइम को बाधित करने के लिए जाना जाता है जो डायएसाइलग्लिसरॉल का जनक है। बायपोलर समस्या-ग्रस्त व्यक्तियों में लीथियम की उपयोगिता का आधार शायद यही प्रक्रिया है। यह भी दिखा कि स्मृति का बने रहना कोशिका झिल्ली की कठोरता से भी जुड़ा है, जो ठंड के कारण बढ़ जाती है। जिन कृमियों की कोशिका झिल्ली सामान्य कृमियों की कोशिका झिल्ली से अधिक सख्त थी, उनकी भूलने की दर सामान्य कृमियों की तुलना में धीमी थी, यहां तक कि सामान्य तापमान पर भी। इससे लगता है कि झिल्ली का सख्त होना भूलने को टालता है। ये नतीजे बायोआर्काइव प्रीप्रिंट में प्रकाशित हुए हैं और समकक्ष समीक्षा के मुंतजिर है। स्मृति बनने-बिगड़ने के महत्व के मद्देनजर शोधकर्ता अन्य जीवों पर भी प्रयोग कर रहे हैं।

**-साभार**

**फिर उन्होंने कृमियों में गंध से नापसंद का सम्बंध बैठाया। उन्होंने पाया कि लीथियम ने सामान्य तापमान पर भी उनकी स्मृति 5 घंटे बरकरार रखी थी, लेकिन ठंडे वातावरण के प्रति अनुकूलित कृमियों में लीथियम देने से उनकी स्मृति पर कोई असर नहीं पड़ा थाय उनकी स्मृति उसी रफ्तार से मिटी जितनी रफ्तार से गैर-लीथियम समूह की मिटी थी। शोधकर्ताओं का कहना है कि इसमें डायएसाइलग्लिसरॉल नामक एक संकेतक अणु की भूमिका लगती है। CA elegansesa यह अणु स्मृति और सीखने से सम्बंधित कोशिकीय प्रक्रिया को घटाने-बढ़ाने का काम करता है और गंध-स्मृति के लिए अहम होता है। उनके इस निष्कर्ष का आधार यह है कि जब बर्फ एवं लीथियम से स्मृति लंबे समय तक बनी रही थी, तब उनमें डायएसाइलग्लिसरॉल के स्तर में कमी देखी गई थी। यह इसलिए भी उचित लगता है कि लीथियम उस एंजाइम को बाधित करने के लिए जाना जाता है जो डायएसाइलग्लिसरॉल का जनक है। बायपोलर समस्या-ग्रस्त व्यक्तियों में लीथियम की उपयोगिता का आधार शायद यही प्रक्रिया है। यह भी दिखा कि स्मृति का बने रहना कोशिका झिल्ली की कठोरता से भी जुड़ा है।**



अनंतनाग। गडोल कोकरनाग इलाके में चल रहे तलाशी अभियान के दौरान पहरा देते सुरक्षाकर्मी।

## अमेरिकी आपातकालीन सेवाओ को फर्जी कॉल करने के आरोप में किशोर गिरफ्तार

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू ) राज्य के एक किशोर को अमेरिका में आपातकालीन सेवाओं को कई फर्जी (स्वैटिंग) कॉल करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। ऑस्ट्रेलियन फेडरल पुलिस (एएफपी) ने कहा कि उसने अमेरिकी संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) से एक ऑनलाइन आपराधिक नेटवर्क के ऑस्ट्रेलियाई सदस्य के बारे में खुफिया जानकारी मिलने के बाद जांच शुरू की, जिस पर प्रमुख संस्थानों की स्वैटिंग से जुड़े होने का संदेह था। जांच के परिणामस्वरूप 18 दिसम्बर, 2025 को एनएसडब्लयू के एक घर में तलाशी वारंट जारी किया गया और कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और एक प्रतिबंधित हथियार जब्त किया गया।

# अमेरिका में ग्रीनलैंड पर कब्जे का बिल पेश

## अमेरिका को 51वां राज्य बनाने का अधिकार मिलेगा, 300 सालों से यह डेनमार्क का हिस्सा



■ यह बहुत मुश्किल से पास होगा, क्योंकि यह अंतर्राष्ट्रीय कानून के खिलाफ है: एक्सपट्र्स

■ यह कदम रूस-चीन के प्रभाव को रोकने के लिए बहुत जरूरी है, यह बिल अभी सिर्फ पेश हुआ है

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सांसद रैंडी फाइन ने ग्रीनलैंड एनेक्सेशन एंड स्टेटहुड एक्ट नाम से एक बिल पेश किया है। इस बिल का मकसद अमेरिकी सरकार को ग्रीनलैंड को अपने कब्जे में लेने और बाद में इसे अमेरिका का राज्य बनाने के लिए कानूनी अधिकार देना है। सांसद रैंडी फाइन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके इस बिल की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि यह कदम रूस-चीन के प्रभाव को रोकने के लिए बहुत जरूरी है। इसके बाद संसद को राज्य बनने के लिए जरूरी सुधारों की पूरी रिपोर्ट सौंपी जाएगी, अगर ये बिल पास हुआ तो अमेरिका को ग्रीनलैंड को अपना 51वां राज्य बनाने का अधिकार मिल जाएगा। हालांकि, यह बिल अभी सिर्फ पेश हुआ है इसे हाउस और सीनेट दोनों में पास होना है। कई एक्सपट्र्स का कहना है कि यह बहुत मुश्किल से पास होगा, क्योंकि यह अंतर्राष्ट्रीय कानून के खिलाफ है। ग्रीनलैंड पर पिछले 300 सालों से डेनमार्क का कंट्रोल है। अमेरिकी सांसद कांग्रेसमैन रैंडी फाइन ने बिल पेश करने के बाद सोशल मीडिया पर यह पोस्टर शेयर किया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया। उन्होंने जोर देते हुए कहा है कि ग्रीनलैंड अमेरिकी रक्षा के लिए जरूरी है। उन्होंने हाल ही में कहा था कि अमेरिका को ग्रीनलैंड की जरूरत है और वे इस दिशा में कदम उठा रहे हैं, चाहे दूसरे देश इसे पसंद करें या नहीं। ट्रम्प प्रशासन ने ग्रीनलैंड के लोगों को अमेरिका में शामिल होने के लिए पैसे देने जैसे तरीकों पर भी चर्चा की है। डेनमार्क और ग्रीनलैंड के अधिकारियों ने ट्रम्प के इस तरीके की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने इसे अपमानजनक बताया। वहीं राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लगभग एक साल पहले पदभार संभालने के बाद से अब तक एक लाख से अधिक वीजा रद्द किए जा चुके हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी है। विभाग ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि रद्द किए गए वीजा में लगभग 8000 छात्रों के वीजा और 2500 स्पेशल वीजा उन लोगों के शामिल हैं जिनका आपराधिक गतिविधि लिप्त होने पर अमेरिकी कानून प्रवर्तन एजेंसियों से सामना हुआ था। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम अमेरिका को सुरक्षित रखने के लिए इन गुंडों को निर्वासित करते रहेंगे। रिपोर्ट के अनुसार, ज्यादातर वीजा उन व्यापार और पर्यटक यात्रियों के रद्द किए गए जिन्होंने अपने वीजा की अवधि से ज्यादा समय तक देश में बिताया था। रद्द किए गए वीजा में से लगभग 8000 छात्रों के वीजा है, क्योंकि प्रशासन ने हाल के महीनों में छात्र वीजा की जांच बढ़ा दी है। मंत्रालय ने कहा कि इससे पहले 2025 में अमेरिकी सरकार ने कुछ सोशल मीडिया स्क्रीनिंग की शर्तें लागू की थीं, जिनका मुख्य उद्देश्य उन छात्रों को वापस भेजना था जिन्होंने गाजा में इजरायल की कार्रवाई के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों में हिस्सा लिया है। विभाग ने मई के आखिर में दुनिया भर में अमेरिकी दूतावासों और वाणिज्य दूतावास विभाग को छात्र वीजा आवेदकों के लिए नए साक्षात्कार रोकने का आदेश दिया। जून में, विभाग ने अपने राजनयिक मिशनों को छात्र वीजा के लिए आवेदन करने वाले सभी विदेशियों के सोशल मीडिया और ऑनलाइन मौजूदगी की जांच करने का निर्देश दिया। गौरतलब है कि विस्तारित आव्रजन प्रवर्तन केवल छात्र वीजा तक सीमित नहीं है। अगस्त में, अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा था कि वह 5.5 करोड़ से अधिक अमेरिकी वीजा धारकों के रिकॉर्ड की समीक्षा कर रहा है, ताकि निर्वासन योग्य किसी भी उल्लंघनकर्ता की पहचान की जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### रोड्रिगेज ने ईयू, स्विस ब्रिटेन के राजयनिकों से मुलाकात की

**काराकास।** वेनेजुएला के कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने यूरोपीय संघ, स्विट्जरलैंड और ब्रिटेन के राजनयिकों से मुलाकात की है। विदेश मंत्री इवान गिल ने यह जानकारी दी है। गिल ने बातचीत को 'स्पष्ट' बताते हुए कहा कि हिस्सा लेने वालों ने आपसी रिश्तों की स्थिति की समीक्षा की और एक अच्छे रिश्ते को आगे बढ़ाने और गहरी बातचीत की अहमियत पर सहमति जताई है। उन्होंने कहा कि रोड्रिगेज का संदेश साफ था, जिसमें उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देशों के सम्मान और बराबरी के फ्रेमवर्क के अंदर हम लोगों की भलाई के लिए एक नया एजेंडा आगे बढ़ाने को तैयार हैं।

### जॉर्जिया के पूर्व पीएम को धनशोधन मामले में पांच साल की सजा

**त्बिलिसी।** जॉर्जिया के पूर्व प्रधानमंत्री इराकली गैरीबाशविली को धनशोधन के आरोप में पांच साल जेल और दस लाख जॉर्जियन लारी (लगभग 370000 अमेरिकी डॉलर) जुर्माने की सजा दी गई है। स्थानीय मीडिया ने सोमवार को यह जानकारी दी। जॉर्जिया के लोक अभियोजक कार्यालय ने कहा कि गैरीबाशविली ने आरोपों को स्वीकार कर लिया है और समझौते की शर्तों पर सहमत हो गए, जिन्हें बाद में अदालत ने बरकरार रखा। उनकी आपराधिक गतिविधियों और उनके घर की तलाशी के दौरान जब्त किए गए धन को सरकारी खजाने में जमा करा दिया जाएगा।

### सोमालिया ने अमीरात के साथ सैन्य सहयोग समझौता खत्म किया

**मोगादिशु।** सोमालिया ने संयुक्त अरब अमीरात के साथ सैन्य सहयोग समझौता समाप्त कर दिया है। सोमालिया समाचार पोर्टल 'द अखबार' ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी गई है। पिछले सप्ताह यमन में सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन ने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात ने 'सदर्न ट्रांजिशनल काउंसिल' के पूर्व नेता ऐदारस अल-जुबैदी को सोमालिया के रास्ते यमन से भागने में मदद की थी। इस घटना की जानकारी सोमालिया को नहीं दी गई थी।

### मध्य फिलीपींस में लैंडफिल ढहने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हुई

**मनीला।** फिलीपींस के मध्य शहर सेबू में एक विशाल मलबा ढेर (लैंडफिल) ढहने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है, जबकि बचावकर्मी मंगलवार को लापता अन्य 25 श्रमिकों की तलाश कर रहे हैं। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सेबू शहर के मेयर नेस्टर आर्चीवल ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि सभी 18 जीवित बचे लोग घायल हैं और अस्पतालों में उनका इलाज चल रहा है।

# ईरान के साथ व्यापार करने वाले देशों पर अमेरिका ने लगाया 40% शुल्क

## ट्रम्प ने दोहराया कि यह फैसला तत्काल प्रभाव से लागू होगा, कहा: यह आदेश अंतिम और निर्णायक



■ कहा: जमीनी हालात अमेरिका को बातचीत से पहले ही कार्रवाई करने के लिए मजबूर कर सकते हैं

■ रिपब्लिकन सीनेटर लिडसे ग्राहम ने 25 प्रतिशत शुल्क लगाने के ट्रम्प के फैसले की सराहना की

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को ईरान के साथ कारोबार जारी रखने वाले देशों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की। राष्ट्रपति ट्रम्प ने यह घोषणा ऐसे समय में की जब ईरान में सरकार-विरोधी प्रदर्शन जारी हैं।

ट्रम्प ने सोशल मीडिया ट्रुथ पर एक पोस्ट में दोहराया कि यह फैसला 'तत्काल प्रभाव से' लागू होगा और इस बात पर जोर दिया कि यह 'आदेश अंतिम और निर्णायक है। उन्होंने कहा कि कोई भी देश जो इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के साथ व्यापार कर रहा है उस देश पर यह फैसला तत्काल प्रभाव से लागू होगा। अमेरिका के साथ किए जाने वाले किसी भी और सभी व्यापार पर 25 प्रतिशत शुल्क देना होगा। यह आदेश अंतिम और निर्णायक है। ट्रम्प लगातार चेतावनी देते रहे हैं कि यदि देशव्यापी विरोध प्रदर्शन जारी रहे तो अमेरिका को ईरान के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। इस बीच उन्होंने यह भी खुलासा किया कि तेहरान ने बातचीत के लिए अमेरिका से संपर्क किया है। जब उनसे पूछा गया कि क्या ईरान बातचीत चाहता है, तो ट्रम्प ने कहा कि हां, वे चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ईरान ने कल बातचीत के लिए फोन किया। ईरान के नेताओं ने फोन किया। वे बातचीत करना चाहते हैं। मुझे लगता है कि वे अमेरिका से थक चुके हैं। ईरान बातचीत चाहता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि हालांकि एक बैठक की व्यवस्था की जा रही है लेकिन जमीनी हालात अमेरिका को बातचीत से पहले ही कार्रवाई करने के लिए मजबूर कर सकते हैं। इस बीच, रिपब्लिकन सीनेटर लिडसे ग्राहम ने 25 प्रतिशत शुल्क लगाने के ट्रम्प के फैसले की सराहना की और इसे ईरान के नेतृत्व को आर्थिक रूप से अलग-थलग करने की दिशा में 'बेहद प्रभावशाली' कदम बताया। ग्राहम ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि ट्रम्प, आज आपके कदमों के जरिए इस शासन को आर्थिक रूप से अलग-थलग करने में आपका निर्णायक नेतृत्व बेहद प्रभावशाली है। प्रदर्शनकारियों के समर्थन और इस शासन को यह स्पष्ट संदेश देने का आपका वादा कि आप हत्याओं को बर्दाश्त नहीं करेंगे, ने इस कट्टर शासन की स्थापना के बाद से सबसे बड़े जन-आंदोलन को जन्म दिया है। मेरा मानना है कि ईरानी शासन सभी सीमाएं पार करते हुए बड़ी संख्या में अपने ही लोगों को मार रहे हैं और आपके नेतृत्व का धत्ता दिया जा रहा है। अब निर्णायक सैन्य कार्रवाई का समय है। राष्ट्रपति ट्रम्प के इस फैसले का भारत पर भी बड़ा असर पड़ सकता है, क्योंकि भारत ईरान के साथ निर्यात और आयात दोनों के माध्यम से महत्वपूर्ण व्यापारिक संबंध बनाए हुए है। भारत पहले से ही अमेरिका को अपने निर्यात पर 50 प्रतिशत शुल्क का सामना कर रहा है, जिसमें से 25 प्रतिशत शुल्क को अमेरिका भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद से जोड़ता है। अमेरिका का कहना है कि इससे रूस के यूक्रेन युद्ध को वित्तीय मदद मिलती है। गौरतलब है कि भारत और ईरान प्रमुख व्यापारिक साझेदार हैं और हाल के वर्षों में भारत, ईरान के पांच सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में शामिल रहा है। अमेरिका स्थित मानवाधिकार कार्यकर्ता न्यूज एजेंसी के अनुसार अमेरिका की ईरान के साथ व्यापार करने वाले देशों पर 25 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब ईरान में देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों में मरने वालों की संख्या बढ़कर कम से कम 646 हो गई है।

## अमेरिका ने अपने नागरिकों से तत्काल ईरान छोड़ने का किया आह्वान

**वॉशिंगटन।** ईरान में अमेरिका के ऑनलाइन दूतावास ने अपने नागरिकों से ईरान से तुरंत बाहर निकलने का आग्रह किया है। पूरे ईरान में इस समय विरोध प्रदर्शन बढ़ने और उनके हिसक रूप लेने पर यह चेतावनी जारी की गई हैं। ऑनलाइन दूतावास ने अपनी वेबसाइट पर जारी बयान में कहा कि दूतावास ने प्रदर्शनों के कारण गिरफ्तारियां, सड़क अवरोध, परिवहन में बाधा और इंटरनेट सेवा बंद होने की आशंका जताई है। दूतावास ने अमरीकी नागरिकों को आर्मेनिया और तुर्की के रास्ते सड़क मार्ग से ईरान छोड़ने को कहा है। साथ ही बयान में यह भी कहा गया कि अमेरिकी-ईरानी दोहरी राष्ट्रीयता वाले नागरिकों को ईरानी पासपोर्ट का उपयोग करके ईरान छोड़ना होगा, क्योंकि ईरानी सरकार दोहरी नागरिकता को मान्यता नहीं देती। बयान में चेतावनी दी गई कि कि अमेरिकी नागरिक ईरान में पूछताछ, गिरफ्तार और हिरासत में लिए जाने के गंभीर जोखिम में हैं। एयरलाइनों ने ईरान के लिए या वहां से आने-जाने वाली उड़ानों को सीमित या रद्द कर दिया है, और कई सेवाओं को शुक्रवार तक निलंबित कर दिया गया है।

## ब्रिटेन सुरक्षा नहीं दे सका, तो लंदन से वापस बुला लेंगे अपने राजनयिक: ईरान

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि अगर ब्रिटेन ईरान के कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रहता है तो ईरान को लंदन में अपने दूतावास के कर्मचारियों को निकालने पर विचार करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। अराघची ने सोमवार को एक्स पर कहा कि आज शाम ब्रिटेन के विदेश सचिव के साथ फोन पर बातचीत में मैंने यह साफ कर दिया कि अंतर्राष्ट्रीय कानूनी दायित्वों के तहत, ब्रिटेन ईरान के लंदन दूतावास और वाणिज्य दूतावास की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बाध्य है। अगर ब्रिटेन राजनयिक मिशनों की रक्षा करने का अपना कर्तव्य नहीं निभा सकता है, तो ईरान के पास अपने कर्मचारियों को निकालने पर विचार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। उन्होंने कहा कि मैंने ब्रिटेन से ईरान के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने का भी आग्रह किया, जिसमें न्यूज संगठनों के रूप में काम कर रहे इजरायली समर्थित आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई न करना शामिल है।

## दावा: ईरान में अब तक 12 हजार लोगों की हत्या

■ ज्यादातर की उम्र 30 साल से कम, जर्मनी बोला: ईरान में सरकार का खेल खत्म

**वाशिंगटन।** ईरान में 12 हजार प्रदर्शनकारियों की हत्या का दावा किया जा रहा है। ईरान से जुड़े मामलों को कवर करने वाली ब्रिटिश वेबसाइट ईरान इंटरनेशनल ने दावा किया है कि ये हत्याएं पिछले 17 दिनों में हुई हैं। वेबसाइट ने इसे ईरान के आधुनिक इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा हत्याकांड बताया है।

वहीं रायटर्स न्यूज एजेंसी ने ईरानी अधिकारियों के हवाले से मरने वालों की संख्या 2000 बताई है। वेबसाइट का कहना है कि यह जानकारी कई सोर्सज पर आधारित है। इस डेटा की कई लेवल पर जांच की गई और सख्त प्रोफेशनल स्टैंडर्ड के मुताबिक पुष्टि के बाद ही इसे जारी किया गया। ज्यादातर मारे गए लोग 30 साल से कम उम्र के थे। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ज्यादातर हत्याएं 'रिवोल्यूशनरी गार्ड्स' और 'बसीज फोर्स' ने गोली मारकर की है और ये सब सुप्रीम लीडर अली खामेनेई के आदेश पर हुआ। दावा किया गया है कि अधिकतर हत्याएं 8 और 9 जनवरी की रात को हुई। सरकार इंटरनेट और कम्युनिकेशन को ठप कर अपने अपराध दुनिया से छुपा रही है। वहीं भारत दौरे पर आए जर्मनी के चांसलर फेडरिक मर्त्ज ने मंगलवार को कहा कि ईरान में सरकार का खेल खत्म हो चुका है।

## बांग्लादेश में एक और हिंदू की हत्या

### 28 साल के आटो ड्राइवर को धर लौटते वक्त मारा चाकू, 23 दिन में 7 हिंदुओं का मर्डर



■ रात करीब दो बजे जगतपुर गांव के एक खेत में स्थानीय लोगों को उसका शव मिला

**ढाका।** बांग्लादेश के दक्षिणी हिस्से चटगांव डिवीजन के फेनी जिला स्थित दागनभुइयां में रविवार रात अज्ञात बदमाशों ने 28 साल के हिंदू युवक समीर कुमार दास की पीट-पीटकर और चाकू मारकर हत्या कर दी।

उसका आटोरिक्शा भी लूट लिया गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, समीर रविवार शाम करीब 7 बजे आटोरिक्शा लेकर घर से निकला था। देर रात तक जब वह नहीं लौटा तो परिजन ने उसकी तलाश शुरू की। रात करीब 2 बजे जगतपुर गांव के एक खेत में स्थानीय लोगों को उसका शव मिला। दागनभुइयां थाने के एक पुलिस अधिकारी के अनुसार, समीर की हत्या में देसी हथियारों का इस्तेमाल किया गया था। प्राथमिक जांच में लग रहा है कि हत्या पहले से प्लानिंग के तहत की गई थी। जांच जारी है और अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। बांग्लादेश में 23 दिनों के दौरान हिंदू की हत्या की ये 7वीं घटना है। इससे पहले 5 जनवरी को बांग्लादेश के नरसिंदी जिले में एक हिंदू दुकानदार की धारदार हथियारों से हत्या कर दी गई थी। मृतक 40 साल का शरत चक्रवर्ती मणि था। बांग्लादेश के मादारीपुर में मंगलवार को एक हिंदू टीचर पर स्कूल में घुसते समय हमला किया गया। शिक्षक का नाम अनादी बिस्वास है। उन पर हथौड़े से वार किया गया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। 35 साल के अनादी बिस्वास को तुरंत गंभीर हालत में मादारीपुर के जिला अस्पताल ले जाया गया। हमले के विरोध में सोमवार दोपहर करीब 2 बजे स्कूल के शिक्षक और छात्रों ने ह्यूमन चेन बनाकर प्रदर्शन किया। उन्होंने मांग की कि हमले में शामिल दोनों युवकों को जल्द गिरफ्तार कर सजा दी जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो आंदोलन तेज किया जाएगा। अस्पताल के डाक्टर अखिल सरकार ने बताया कि अनादी बिस्वास के सिर में गंभीर चोट आई है और उन्हें 6 टांके लगे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है और वे खतरे से बाहर नहीं हैं। सिर के अलावा शरीर में कोई और बड़ी चोट नहीं मिली है।

## श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के दस मछुआरों को किया गिरफ्तार

**चेन्नई।** श्रीलंकाई नौसैनिकों ने मंगलवार सुबह समुद्र में मछली पकड़ते समय तमिलनाडु के 10 मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया। मत्स्य पालन विभाग के सूत्रों ने यह जानकारी दी है। विभाग के सूत्रों के अनुसार, जब रामनाथपुरम जिले के रामेश्वरम द्वीप के मछुआरे नेदुनतीवू के पास मछली पकड़ रहे थे, तभी श्रीलंकाई नौसेना ने अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा पार करने के आरोप में उन्हें गिरफ्तार कर लिया। नौसेना ने उनकी नाव जब्त कर ली और आगे की कार्रवाई के लिए सभी मछुआरों को श्रीलंका के जाफना ले गई। मछुआरों की गिरफ्तारियों से तटीय जिलों के मछुआरा समुदाय में काफी नाराजगी है। इसका सीधा असर उनकी आजीविका पर पड़ता है। मुख्यमंत्री स्टालिन ने मछुआरों की रिहाई के लिए राजनयिक स्तर पर कदम उठाने के लिए कई बार केंद्र सरकार को पत्र लिखा है। उन्होंने इस जटिल समस्या का स्थाई समाधान खोजने के लिए दोनों देशों के मछुआरों के 'संयुक्त कार्य समूह' की बैठक बुलाने की भी मांग की है। इसके बावजूद गिरफ्तारियां जारी रहने से राज्य के मछुआरा समाज में गहरी चिंता पैदा कर दी है। विभिन्न मछुआरा संघों ने मछुआरों की गिरफ्तारी की बार-बार होने वाली घटनाओं की निंदा की है।

## सूडान में आरएसएफ के ड्रोन हमलों में 32 की मौत

### चोटों की गंभीरता के कारण मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है



■ सिन्नार राज्य सरकार ने आम लोगों के हताहत होने की बात मानी, लेकिन सही संख्या नहीं बताई

**खार्तूम।** मध्य और दक्षिण सूडान में सोमवार को रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के ड्रोन हमलों में 32 लोग मारे गए एवं 86 अन्य घायल हो गए। स्थानीय सूत्रों ने यह जानकारी दी है।

सिन्नार के एक सरकारी सूत्र ने बताया कि मध्य सूडान के सिन्नार राज्य के सिन्जा शहर में एक सैन्य शिविर पर आरएसएफ के ड्रोन हमले में कम से कम 27 लोग मारे गए और 73 अन्य घायल हो गए एवं चोटों की गंभीरता के कारण मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। एक चश्मदीद ने कहा कि हमले में सूडानी सेना के 17वें इन्फैंट्री डिवीजन मुख्यालय और पास की बिजली और पानी की सुविधाओं को निशाना बनाया गया था। उन्होंने कहा कि शहर में एक साथ और जोरदार धमाके हुए, साथ ही सूडानी सेना के एंटी-एयरक्राफ्ट फायर की आवाज भी आई और बताया कि घायलों को राज्य के कई अस्पतालों में ले जाया गया। जानकार सूत्रों ने लक्षित की गई जगह की पुष्टि की और कहा कि हमला एक उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक के दौरान हुआ, जिसमें सिन्नार, व्हाइट नाइल और ब्लू नाइल राज्यों के गवर्नर के साथ ही सैन्य और सुरक्षा अधिकारी शामिल हुए थे। हमला सीधा बैठक हॉल पर हुआ। सिन्नार राज्य सरकार ने भी एक बयान जारी कर कहा कि सिजा को सोमवार दोपहर आरएसएफ के एक रणनीतिक ड्रोन ने निशाना साधा था और सूडानी सेना के वायु रक्षा प्रणाली ने ड्रोन को घेर लिया। बयान में आम लोगों के हताहत होने की बात मानी, लेकिन सही संख्या नहीं बताई। इस बीच, आरएसएफ कमांडर के सलाहकार एल बाशा ताबिग ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा कि 17वें इन्फैंट्री डिवीजन मुख्यालय पर हमले कोई अलग घटना नहीं है। उन्होंने कहा कि जो हुआ वह सैन्य नेतृत्व और युद्ध जारी रखने का समर्थन करने वालों को एक सीधा संदेश देता है और आने वाले समय में और बढ़ने की धमकी दी। इस बीच, स्वयंसेवी डॉक्टरों और चश्मदीदों ने कहा कि सोमवार को सूडान के दक्षिणी कोर्डोफन राज्य के एक बाजार में ड्रोन हमले में पांच नागरिक लोग मारे गए और 13 अन्य घायल हो गए। एक स्वयंसेवी समूह, सूडान डॉक्टर्स नेटवर्क ने एक बयान में कहा कि सुबह का हमला अल-जिबल अल-सिट्टा (सिक्स माउंटेन्स) इलाके में करतला बाजार को लक्ष्य करके किया गया था।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

पहली ही खुराक में रहे 78 घंटे तक हैरत अंगेज असर

शादी से घबराहट क्यों?
हकीम भारत के साथ-साथ विदेशों में प्रसिद्ध
रहमत दवाखाना ®

गुप्त रोग, मर्दाना ताकत, नामर्दी, लिंग दोष शुक्राणु की कमी, बेऔलाद मिलें
बचपन की गलतियों के निराश रोगी शादी से पहले या शादी के बाद जरूर मिलें
फ्री एक ही पट्टी में नसों का गंदा पानी बाहर
बवासीर, भगंदर फिशर एक टीका में ठीक
सुस्ती, कमजोरी पेट रोग, स्त्री रोग रसौली गांठ
स्त्री व पुरूष रोग विशेषज्ञ
7060666621
ISO 9001:2015 CERTIFIED
Justdial :-
www.hakeemrehmatdawakhana.com
रतन सिंह मार्किट, जौली रोड, कूकड़ा ब्लॉक, मुजफ्फरनगर